Page 11 खेल



हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, पटना, आरा एवं दुमका से प्रकाशित

Page 09 देश



**पाकिस्तानी बोले : वैभव के बैट में एआई चिप लगी है, सूर्यवंशी का जवाब-भगवान ने...**

**में टीवीके के नतीजों ने डीएमके के सहयोगी को भी चौंकाया एक बड़ी ताकत ... , एग्जिट पोल**

मूल्य ₹ 2.00

कृष्ण पक्ष, अनुराधा, विक्रम संवत् 2083 • औरंगाबाद • रविवार • 03 मई 2026 • वर्ष 28 • अंक 150 • पृष्ठ 12

## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹ 1,38,350 | ₹ 2,65,000 |



## आज का इतिहास

**1669 : भारत के तीसरे राष्ट्रपति जाकिर हुसैन का निधन हुआ। वह देश के ऐसे पहले राष्ट्रपति थे जिनका कार्यालय में निधन हुआ।**

**1913 : पहली भारतीय फीचर फिल्म राजा हरिश्चन्द्र प्रदर्शित हुई। राजा हरिश्चन्द्र एक मूक फ़िल्म थी। इसके निर्माता निर्देशक दादासाहब फालके थे।**

## न्यूज बाइट्स

### सीएम हाउस खाली कर 7 सर्कुलर रोड शिफ्ट हुए नीतीश कुमार

**पटना (नि.सं.)** पूर्व मुख्यमंत्री और राज्यसभा सांसद नीतीश कुमार ने 1 अणे मार्ग स्थित मुख्यमंत्री आवास खाली कर दिया है और शनिवार को वे आधिकारिक रूप से 7 सर्कुलर रोड स्थित नए आवास में शिफ्ट हो गए। उनके साथ पुत्र निशांत कुमार भी अब इसी नए पते पर रहेंगे। खास बात यह है कि यह आवास लालू प्रसाद यादव के निवास के करीब है, जिससे राजनीतिक हलकों में चर्चा और तेज हो गई है। नए आवास पर दिनभर राजनीतिक गतिविधियां भी देखने को मिलीं। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी खुद 7 सर्कुलर रोड पहुंचकर नीतीश कुमार से मुलाकात की। वहीं उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी पहले से ही वहां मौजूद थे। करीब 20 मिनट चली इस बैठक में राज्य के राजनीतिक हालात और संभावित मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर चर्चा हुई। इससे पहले सुबह के समय नीतीश कुमार ने उपमुख्यमंत्री विजेंद्र यादव के आवास पर भी संक्षिप्त मुलाकात की, जहां वे लगभग 10 मिनट तक रुके।

लू के खतरे के बीच अलर्ट मोड में पीएचईडी, विभाग के सचिव पंकज कुमार पाल ने कहा

# निर्बाध एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराना होगी सर्वोच्च प्राथमिकता




निज संवाददाता | पटना

राज्य में बढ़ती गर्मी और संभावित लू (हीट वेव) के खतरे को देखते हुए लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग (पीएचईडी) पूरी तरह अलर्ट मोड में आ गया है। विभाग ने स्पष्ट कर दिया है कि किसी भी स्थिति में आमजन को शुद्ध और निर्बाध पेयजल उपलब्ध कराना सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसी के मद्देनजर जलापूर्ति व्यवस्था को दुरुस्त रखने के लिए राज्यव्यापी विशेष अभियान शुरू किया गया है।

विभाग के सचिव पंकज कुमार पाल ने सभी अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा है कि गर्मी के इस संवेदनशील दौर में पेयजल संकट की कोई गुंजाइश नहीं रहनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जलापूर्ति योजनाओं की लगातार निगरानी की जाए और जहां भी समस्या सामने आए, उसका तत्काल समाधान सुनिश्चित किया जाए। विभाग की ओर से पाइपलाइन लीकेज की त्वरित मरम्मत, खराब पड़े हैंडपंपों को अविलंब ठीक कराने और जल स्रोतों की नियमित जांच पर विशेष जोर दिया जा रहा है। लू की स्थिति को देखते हुए विभाग ने आपातकालीन तैयारियों को भी मजबूत किया है। कंट्रोल रूम को सक्रिय रखा गया है और सीजीआरसी (केंद्रीकृत शिकायत निवारण केंद्र) के माध्यम से प्राप्त शिकायतों का तेजी से निपटारा किया जा रहा है, ताकि लोगों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

इसके साथ ही सचिव ने निर्देश दिया है कि प्रत्येक 15 दिनों पर पंचायत स्तर पर भू-जल स्तर की नियमित जांच कर उसकी रिपोर्ट मुख्यालय को भेजी जाए। जिन इलाकों में भू-जल स्तर में गिरावट दर्ज की जाएगी, वहां तुरंत वैकल्पिक जलापूर्ति व्यवस्था लागू की जाएगी, ताकि संकट की स्थिति उत्पन्न न हो। अधिकारियों और अभियंताओं को नियमित रूप से क्षेत्र भ्रमण कर जमीनी स्थिति का आकलन करने और समस्याओं का मौके पर ही समाधान करने का निर्देश दिया गया है। अधीक्षण अभियंताओं को भी क्षेत्र में सक्रिय रहकर जलापूर्ति व्यवस्था की सतत निगरानी करने को कहा गया है। विभाग ने साफ चेतावनी दी है कि कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता पाए जाने पर संबंधित पदाधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। विभाग का लक्ष्य है कि भीषण गर्मी और लू के दौरान राज्य के प्रत्येक नागरिक तक पर्याप्त और सुरक्षित पेयजल की आपूर्ति हर हाल में सुनिश्चित की जा सके।

## बिहार में फिर बढ़ेगी गर्मी : दो दिनों में तापमान 4 डिग्री तक चढ़ने के आसार

निज संवाददाता | पटना

बिहार में इन दिनों उमस भरी गर्मी का दौर जारी है और आने वाले दिनों में राहत के संकेत कम नजर आ रहे हैं। भारत मौसम विज्ञान विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार अगले 2 से 3 दिनों में राज्य के अधिकतम तापमान में करीब 4 डिग्री सेल्सियस तक वृद्धि हो सकती है। वहीं न्यूनतम तापमान में भी 2 से 3 डिग्री तक बढ़ोतरी के संकेत हैं। पिछले कुछ दिनों में आंधी और बारिश के कारण लोगों को लू से थोड़ी राहत जरूर मिली थी, लेकिन अब फिर से गर्मी अपना असर दिखाने लगी है। पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य के कई हिस्सों में भारी से आंशिक वर्षा दर्ज की गई। उत्तर बिहार के कटिहार जिले के प्राणपुर में सर्वाधिक 114.2 मिमी बारिश हुई, जबकि पूर्णिया के कस्बा में 112.4 मिमी और ढेंगराघाट में 106 मिमी वर्षा रिकॉर्ड की गई। इसके अलावा पूर्वी चंपारण, बेतिया, केसरिया और अन्य जिलों में भी अच्छी बारिश हुई। मौसम विभाग के अनुसार उत्तर बिहार में अभी भी गरज-तड़क वाले बादलों की सक्रियता बनी हुई है, जिससे अगले कुछ दिनों तक आंधी और बारिश की संभावना बनी रहेगी। हालांकि दक्षिण बिहार में उमस भरी गर्मी का असर अधिक रहेगा और दक्षिण-पश्चिमी इलाकों में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। अन्य क्षेत्रों में अधिकतम तापमान 33 से 38 डिग्री के बीच रहने का अनुमान है। मौसम वैज्ञानिकों ने लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है, खासकर दोपहर के समय धूप से बचने, पर्याप्त पानी पीने और अनावश्यक रूप से बाहर निकलने से परहेज करने की अपील की गई है। कुल मिलाकर, बिहार में मौसम का मिजाज बदलता हुआ नजर आ रहा है, जहां एक ओर बारिश और आंधी की संभावना बनी हुई है, वहीं दूसरी ओर तापमान में तेजी से वृद्धि लोगों की परेशानी बढ़ा सकती है।

# बिहार में जनगणना का पहला चरण पूरा

## 46 लाख परिवारों ने की स्व-गणना, अब शुरू हुआ मकान सूचीकरण

निज संवाददाता | पटना



बिहार में जनगणना 2027 के प्रथम चरण को लेकर गतिविधियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में आज जनगणना कार्य निदेशालय, बिहार एवं पत्र सूचना कार्यालय, पटना द्वारा एक संयुक्त प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया, जिसमें जनगणना कार्य की प्रगति और आगामी कार्ययोजना की विस्तृत जानकारी दी गई। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए निदेशक, जनगणना कार्य, बिहार रंजिता ने बताया कि राज्य में स्व-गणना को लेकर जनता का उत्साहजनक सहयोग मिला है। उन्होंने कहा कि अंतिम तिथि तक बिहार में कुल 46,82,284 लोगों ने स्व-गणना पूरी कर ली है, जो कि इस राष्ट्रीय महत्व के कार्य में राज्य की सक्रिय भागीदारी को दर्शाता है। उन्होंने बिहारवासियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सहयोग राज्य को उत्कृष्ट प्रदर्शन की दिशा में आगे बढ़ाने में सहायक होगा। निदेशक ने बताया कि अब जनगणना के प्रथम चरण के अगले चरण की शुरुआत हो चुकी है। आज से सभी प्रगणक एवं पर्यवेक्षक अपने-अपने आवंटित हाउस लिस्टिंग ब्लॉक (एचएलबी) में जाकर सीएमएमएस पोर्टल पर निर्धारित डिजिटल सीमाओं का भौतिक सत्यापन करेंगे। यदि किसी प्रकार की त्रुटि सामने आती है, तो उसे पर्यवेक्षक के माध्यम से चार्ज अधिकारी द्वारा संशोधित किया जाएगा। इसके बाद सभी मकानों को क्रमांकित किया जाएगा और फिर प्रत्येक मकान से संबंधित जानकारी जैसे परिसंपत्तियां एवं उपलब्ध सुविधाएं एचएलओ ऐप के माध्यम से दर्ज की जाएंगी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जिन परिवारों ने पहले ही स्व-गणना कर ली है, उनके द्वारा प्राप्त आईडी के आधार पर सत्यापन किया जाएगा, ताकि आंकड़ों की शुद्धता सुनिश्चित की जा सके। डेटा की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए नियमित निरीक्षण की व्यवस्था की गई है और सभी जिलों में निदेशालय के अधिकारियों को भेजा गया है, जो स्थानीय प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित कर कार्य की निगरानी और तकनीकी सहायता प्रदान करेंगे।

प्रेस वार्ता में यह भी बताया गया कि जनगणना के दौरान एकत्र की जाने वाली सभी व्यक्तिगत सूचनाएं पूर्णतः गोपनीय होती हैं। यह जानकारी जनगणना अधिनियम, 1948 के तहत सुरक्षित रखी जाती है और इसका उपयोग केवल सांख्यिकीय उद्देश्यों के लिए किया जाता है। नागरिकों को साइबर धोखाधड़ी से सावधान रहने की सलाह देते हुए निदेशक ने स्पष्ट किया कि कोई भी जनगणना कर्मी किसी भी परिस्थिति में ओटीपी, बैंक विवरण, आधार या पैन से संबंधित जानकारी नहीं मांगता है और न ही किसी प्रकार की धनराशि की मांग करता है। किसी भी प्रकार की शंका, शिकायत या जानकारी के लिए नागरिक टोल-फ्री हेल्पलाइन नंबर 1855 पर संपर्क कर सकते हैं। इस प्रेस वार्ता में पत्र सूचना कार्यालय, पटना के उप-निदेशक लौकिक पारख एवं जनगणना कार्य निदेशालय के उप-निदेशक संजीव कुमार साव भी उपस्थित रहे।

## नई चीनी मिलों के लिए 100 एकड़ भूमि अनिवार्य, डीएम को भेजा गया निर्देश

**पटना(नि.सं.)।** बिहार में गन्ना उद्योग को पुनर्जीवित करने और औद्योगिक विकास को गति देने के उद्देश्य से राज्य सरकार ने नई चीनी मिलों की स्थापना की प्रक्रिया तेज कर दी है। गन्ना उद्योग विभाग ने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश जारी करते हुए कहा है कि वे अपने-अपने जिलों में चीनी मिलों के लिए उपयुक्त भूमि चिह्नित कर शीघ्र प्रस्ताव भेजें। विभाग द्वारा स्पष्ट किया गया है कि प्रत्येक नई चीनी मिल की स्थापना के लिए लगभग 100 एकड़ भूमि की आवश्यकता होगी। कुछ जिलों ने इस दिशा में पहल करते हुए भूमि का चयन कर प्रस्ताव भेज दिया है, जबकि कई जिलों से अब तक प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है। ऐसे जिलों के जिलाधिकारियों को विभाग की ओर से रिमाइंडर भेजकर प्रक्रिया में तेजी लाने को कहा गया है। दरअसल, राज्य सरकार ने 'सात निश्चय-3' के तहत बंद पड़ी चीनी मिलों को पुनः चालू करने के साथ-साथ 25 नई चीनी मिलों की स्थापना का लक्ष्य निर्धारित किया है। इस महत्वाकांक्षी योजना के क्रियान्वयन के लिए मुख्य सचिव की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया गया है, जो पूरे प्रोजेक्ट की निगरानी और समन्वय का कार्य करेगी।

## आर्केस्ट्रा की आड़ में शोषण का पर्दाफाश, 21 नाबालिग लड़कियां को कराया गया मुक्त

निज संवाददाता | सिवान

जिले में आर्केस्ट्रा की आड़ में चल रहे अवैध गतिविधियों के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 21 नाबालिग लड़कियों को मुक्त कराया है। यह कार्रवाई 'ऑपरेशन नया सवेरा' के तहत की गई, जिसमें दो संचालकों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। पुलिस अधीक्षक पूरन कुमार झा ने बताया कि अनैतिक देह व्यापार और मानव तस्करी पर रोक लगाने के उद्देश्य से यह विशेष अभियान चलाया जा रहा है। एक मई को मिली गुप्त सूचना के आधार पर टीम गठित कर पचरुखी थाना क्षेत्र में संचालित आर्केस्ट्रा स्थलों पर घेराबंदी कर छापेमारी की गई। इस दौरान जबरन प्रताड़ित कर नृत्य करवाए जाने वाली 21 नाबालिग लड़कियों को मुक्त कराया गया।

मुक्त कराई गई लड़कियों में पश्चिम बंगाल की 9, बिहार की 5, उत्तर प्रदेश की 3, झारखंड की 2, असम की 1 और नेपाल की 1 लड़की शामिल है। सभी के नाम, पते और उम्र का सत्यापन कराया जा रहा है। साथ ही यह भी जांच की जा रही है कि उन्हें किन परिस्थितियों में यहां लाया गया और इस पूरे नेटवर्क के पीछे कौन-कौन लोग शामिल हैं। मामले में गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मधुबनी जिले के सराय थाना क्षेत्र निवासी अनिल कुमार और पंडौल थाना क्षेत्र के विशेष पांडेय के रूप में हुई है। दोनों से पूछताछ के बाद उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। इस संबंध में पचरुखी थाना

# एईडीओ परीक्षा में गड़बड़ी पर बीपीएससी का कार्रवाई, एजेंसी ब्लैकलिस्ट, 32 अभ्यर्थी बैन

निज संवाददाता | पटना



बीपीएससी ने सहायक शिक्षा विकास पदाधिकारी (एईडीओ) परीक्षा में गड़बड़ी के मामले में कड़ा कदम उठाते हुए परीक्षा आयोजित करने वाली एजेंसी साई एजुकेयर प्राइवेट लिमिटेड. को ब्लैकलिस्ट कर दिया है। इसके साथ ही एजेंसी की बैंक गारंटी भी जब्त कर ली गई है। आयोग ने एजेंसी से स्पष्टीकरण मांगा था, लेकिन जवाब संतोषजनक नहीं मिलने और जांच में आरोप सही पाए जाने के बाद यह कार्रवाई की गई। आयोग के अनुसार 14 से 21 अप्रैल 2026 के बीच आयोजित परीक्षा में मुंगेर, नालंदा, समस्तीपुर समेत कई जिलों में अनियमितताएं सामने आईं। जांच में यह भी पाया गया कि एजेंसी ने आयोग द्वारा तय सूची के बजाय अपने स्तर से कर्मियों की तैनाती की, जिससे गड़बड़ी की आशंका बढ़ी।

मामले में 6 जिलों में कुल 8 एफआईआर दर्ज की गई और अब तक 36 लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है, जिनमें सबसे अधिक 22 गिरफ्तारी मुंगेर से हुई है।

गड़बड़ी के मद्देनजर आयोग ने सहायक शिक्षा विकास पदाधिकारी (विज्ञापन संख्या 87/2025) की 14 से 21 अप्रैल तक आयोजित सभी 9 पालियों की परीक्षा रद्द कर दी है।

## सम्राट सरकार में भी नीतीश की तरह सुरक्षित रहेंगे अल्पसंख्यक : विजय

निज संवाददाता | पटना



उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के शासन में अल्पसंख्यक सुरक्षित रहेंगे। उन्होंने पत्रकारों से कहा कि नीतीश कुमार की जीरो-टॉलरेन्स नीति अपराध, भ्रष्टाचार और सांप्रदायिकता के मामलों में जारी रहेगी। चौधरी ने अल्पसंख्यकों से एनडीए सरकार पर भरोसा रखने की अपील की। उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा है कि जैसे नीतीश कुमार के राज में अल्पसंख्यक सुरक्षित रहते थे, मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की हुकूमत में भी वे उसी तरह सुरक्षित ही रहेंगे। सूबे के अकलियत इत्मीनान रहें और एनडीए सरकार पर भरोसा रखें। चौधरी शनिवार को जदयू दफ्तर में पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने पिछले दिनों विधानसभा में बड़ी स्पष्टता से कहा कि अपराध और भ्रष्टाचार के साथ सांप्रदायिकता के मामले में भी नीतीश कुमार की जीरो-टॉलरेन्स वाली नीति जारी रहेगी। बिहार के अल्पसंख्यकों को इसका निहितार्थ समझना चाहिए। आज पूरा देश मानता है कि अल्पसंख्यकों के हित में सबसे अधिक काम बिहार में नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए सरकार में ही हुआ है। इसमें भाजपा का भी सकारात्मक सहयोग रहा है।

## पीरपैंती में 2400 मेगावाट पावर प्लांट का मुख्य सचिव ने किया निरीक्षण, गुणवत्ता और समयसीमा पर सख्त निर्देश

निज संवाददाता | भागलपुर

प्रत्यय अमृत शनिवार को जिले के पीरपैंती प्रखंड में निर्माणाधीन 2400 मेगावाट की महत्वाकांक्षी पावर प्लांट परियोजना का निरीक्षण करने पहुंचे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार दोपहर 12:25 बजे उनके आगमन पर अडानी पावर के वरिष्ठ अधिकारियों एवं जिला प्रशासन के वरीय पदाधिकारियों ने उनका भव्य स्वागत किया। मुख्य सचिव का यह दौरा परियोजना की वर्तमान स्थिति और विकास कार्यों की गति का आकलन करने के लिहाज से काफी अहम माना जा रहा है। निरीक्षण के दौरान मुख्य सचिव ने प्लांट परिसर में चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यों का गहन जायजा लिया। उन्होंने परियोजना से जुड़े इंजीनियरों और अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक कर प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता न किया जाए और सभी कार्य निर्धारित समयसीमा के भीतर हर हाल में पूर्ण किए जाएं, ताकि राज्य को इस परियोजना का लाभ शीघ्र मिल सके। मुख्य सचिव के दौरे को देखते हुए पूरे प्लांट परिसर में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। आम लोगों के प्रवेश पर पूरी तरह रोक रही और विभिन्न थानों की पुलिस बल को सुरक्षा की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। जमीनी निरीक्षण के साथ-साथ उन्होंने परियोजना क्षेत्र एवं आसपास के इलाकों का हवाई सर्वेक्षण भी किया, जिससे भौगोलिक विस्तार और सुरक्षा मानकों का समग्र मूल्यांकन किया जा सके।

यह पावर प्लांट राज्य में बिजली उत्पादन क्षमता बढ़ाने के साथ-साथ क्षेत्रीय औद्योगिक विकास को नई गति देने वाला माना जा रहा है। परियोजना के पूर्ण होने पर स्थानीय स्तर पर रोजगार के व्यापक अवसर सृजित होने की संभावना है। मुख्य सचिव ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि स्थानीय लोगों की सहभागिता सुनिश्चित करते हुए बुनियादी ढांचे के विकास पर विशेष ध्यान दिया जाए, ताकि क्षेत्र का संतुलित और समग्र विकास संभव हो सके।

## देशभर में एकसाथ गूंजा इमरजेंसी अलर्ट: करोड़ों मोबाइल पर सायरन के साथ पहुंचा टेस्ट मैसेज

एजेंसी | नई दिल्ली

शनिवार की सुबह करीब 11:45 बजे देशभर में करोड़ों मोबाइल फोन पर अचानक सायरन की तेज आवाज सुनाई दी, जिसके साथ स्क्रीन पर हिंदी और अंग्रेजी में एक अलर्ट मैसेज भी दिखाई दिया। सायरन बंद होने के बाद कई फोन में यह मैसेज पढ़कर भी सुनाया गया, जिससे कुछ लोग घबरा गए तो कई लोग असमंजस में पड़ गए। दरअसल, यह मैसेज राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा भेजा गया था। यह एक देशव्यापी इमरजेंसी अलर्ट सिस्टम का परीक्षण था, जिसका उद्देश्य आपदा या आपात स्थिति में लोगों तक त्वरित और प्रभावी तरीके से सूचना पहुंचाने की व्यवस्था को परखना है।

इस परीक्षण के तहत देश के सभी राज्यों की राजधानियों सहित दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में एकसाथ मोबाइल फोन पर "सेल ब्रॉडकास्ट अलर्ट सिस्टम" के जरिए संदेश भेजा गया। खास बात यह रही कि यह अलर्ट हिंदी और अंग्रेजी के साथ-साथ विभिन्न क्षेत्रीय भाषाओं में भी प्रसारित किया गया, ताकि अधिक से अधिक लोग इसे आसानी से समझ सकें। मैसेज में स्पष्ट रूप से बताया गया था कि यह केवल एक टेस्ट है और इससे घबराने या किसी प्रकार की कार्रवाई करने की आवश्यकता नहीं है। इस तरह के अलर्ट भविष्य में भूकंप, बाढ़, चक्रवात या अन्य आपदाओं के दौरान लोगों को समय रहते सचेत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

## निबंधन में डिजिटल त्रुटियों पर सरकार सख्त, 22 दिन में हर हाल में होगा सुधार

निज संवाददाता | पटना



जमीन और मकान के निबंधन में होने वाली डिजिटल त्रुटियों से आम लोगों को राहत देने के लिए मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग, बिहार ने सख्त और व्यवस्थित पहल की है। विभाग ने मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) जारी कर दी है, जिसके तहत अब तकनीकी या मानवीय गलतियों को तय समयसीमा में अनिवार्य रूप से सुधारा जाएगा। नई व्यवस्था के अनुसार पूरी प्रक्रिया अधिकतम 22 दिनों के भीतर हर हाल में पूरी करनी होगी। जारी एसओपी के मुताबिक, निबंधन दस्तावेजों में टाइपिंग, स्कैनिंग, डेटा एंट्री या अपलोडिंग से जुड़ी त्रुटियों को पारदर्शी तरीके से ठीक किया जाएगा। उप निबंधन महानिरीक्षक डॉ. संजय कुमार द्वारा सभी जिला और क्षेत्रीय अधिकारियों को इसका सख्ती से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। यह नई व्यवस्था तत्काल प्रभाव से लागू कर दी गई है। प्रक्रिया को समयबद्ध बनाने के लिए तीन स्तरों पर जिम्मेदारी तय की गई है। निबंधन पदाधिकारी को 7 दिनों के भीतर प्रारंभिक जांच रिपोर्ट देनी होगी, जबकि प्रमंडलीय सहायक निबंधन महानिरीक्षक को अगले 7 दिनों में अंतिम आदेश पारित करना होगा। विभागीय स्तर पर फाइल 3 कार्य दिवस के भीतर आगे बढ़ाई जाएगी और सिस्टम इंटीग्रेटर को 5 दिनों में डिजिटल संशोधन करना अनिवार्य होगा।

एसओपी की सबसे महत्वपूर्ण विशेषता यह है कि मूल दस्तावेज में किसी भी प्रकार का सीधा बदलाव नहीं किया जाएगा। इसके बजाय सुधारात्मक या कैंसिल डीड तैयार कर अलग से पंजीकरण किया जाएगा, जिससे पूरी प्रक्रिया कानूनी रूप से पारदर्शी बनी रहे। सरकार ने यह भी स्पष्ट किया है कि प्रत्येक संशोधन का रिकॉर्ड सुरक्षित रखा जाएगा और इसके लिए त्रैमासिक रिपोर्ट तथा वार्षिक आईटी ऑडिट अनिवार्य होगा। बिना सक्षम प्राधिकार की अनुमति के किसी भी डेटा में बदलाव पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा और आईटी सुरक्षा मानकों के उल्लंघन को दंडनीय अपराध माना जाएगा। कुल मिलाकर, यह नई व्यवस्था न सिर्फ तकनीकी खामियों को दूर करने की दिशा में बड़ा कदम है, बल्कि जमीन-मकान निबंधन प्रणाली में पारदर्शिता, जवाबदेही और आम जनता के विश्वास को भी मजबूत करने वाली पहल साबित होगी।

BAYC Institute स्थापित 1972

बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज

गांधी सेतु लिंक पथ, बिस्कोमान कॉलोनी गोलम्बर के पूरब, पटना-7

नामांकन प्रारंभ | नियमित / पत्राचार कोर्स

भारत का पहला कॉलेज

डॉक्टर बनें

एक्युप्रेशर, योग, नेचुरोपैथी, इलेक्ट्रोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन




DIPLOMA COURSE
DAT Acupressure Therapy | DY Yoga | DEMS Electrohomeopathy Medicine
DAYS Acupressure Yoga | DHMS Herbal Medicine | DNYS Naturopathy Yoga
अवधि: 1 वर्ष | योग्यता : 10th | अवधि: 2 वर्ष | योग्यता : 10th

BACHELOR DEGREE COURSE
MBBA Acupressure & Magnet | BTMS Traditional Medicine | BEMS Electrohomeopathy Medicine
BAYS Acupressure Yoga | BAcu. Acupuncture | MBAS Medicine in ALT Science
अवधि: 3 वर्ष | योग्यता : 10+2 | अवधि: 4½ वर्ष | योग्यता : 10+2

MASTER DEGREE COURSE
MD (Acu Yoga) MD (TM) | MD (EH)
अवधि: 1 वर्ष | योग्यता : मेडिकल ग्रेजएट | अवधि: 2 वर्ष | योग्यता : BEMS

PROFESSIONAL COURSE
BLIS | MLIS | BBA | MBA

TRADITIONAL COURSE
MA (Yoga) | Yoga Teacher Course | BA | MA

100% रिजल्ट एवं रोजगार

Bihar State Govt. University & Central University UGC DEB MHRD Govt. of India Recognised

DIRECT ADMISSION | REGULAR CLASSES | ONLINE CLASSES | EXPERIENCED FACULTIES

एक्युप्रेशर चिकित्सा की उत्तम व्यवस्था यथा गर्दन, कंधा, कमर, घुटना दर्द, गठिया, डायबिटिज आदि।

कॉलेज से उत्तीर्ण हजारों विद्यार्थी सरकारी संस्थानों, गैर सरकारी संस्थानों एवं निजी संस्थान खोलकर सेवा दे रहे हैं।



डा. सर्वदेव प्रसाद गुप्त
अध्यक्ष



डा. अजय प्रकाश
सचिव

9572607696, 9304942855, 9334278279 Apply Online: www.bayc.in

Email: baycpatna@gmail.com | Website: www.indianacupressure.com

## संक्षिप्त समाचार

कौआकोल में जनगणना का पहला चरण शुरू, हाउस होल्ड सर्वे आरंभ

कौआकोल। प्रखंड क्षेत्र में शनिवार से जनगणना का प्रथम चरण हाउस होल्ड सर्वे के साथ शुरू हो गया। इस संबंध में बीडीओ सह जनगणना चार्ज अधिकारी डॉ० अखिलेश कुमार ने बताया कि जनगणना कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए 42 पर्यवेक्षक एवं 263 प्रगणकों की प्रतिनियुक्ति की गई है। वहीं कार्यों की सतत निगरानी एवं मॉनिटरिंग के लिए सहायक चार्ज अधिकारी के रूप में एमओ को भी जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्होंने बताया कि पहले चरण में कौआकोल प्रखण्ड के सभी 265 गणना ब्लॉक में संबंधित प्रगणकों द्वारा घर-घर जाकर परिवारों से संबंधित आधारभूत जानकारी एकत्र की जाएगी। जनगणना कार्य को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा करने हेतु सभी कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दे दिए गए हैं। साथ ही आम लोगों से अपील की गई है कि वे सही जानकारी देकर जनगणना कार्य में प्रगणकों को सहयोग करें।

### निबंधन कार्यालयों से पुराने सरकारी दस्तावेज चोरी कर फर्जी कागजात तैयार करने वाले एक बड़े गिरोह का पर्दाफाश

**कटिहार/पटना।** पुलिस ने निबंधन कार्यालयों से पुराने सरकारी दस्तावेज चोरी कर उनके आधार पर फर्जी कागजात तैयार करने वाले एक बड़े गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने गिरोह के तीन मुख्य अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है।जो पटना,कटिहार और भागलपुर जैसे जिलों में सक्रिय थे। मामले की शुरुआत 29 अप्रैल 2026 को हुई। जब पटना के गांधी मैदान थाना पुलिस को सूचना मिली कि निबंधन कार्यालय के पास कुछ संदिग्ध व्यक्ति घूम रहे हैं। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घेराबंदी की और कार्यालय की चहारदीवारी के पास से तीन व्यक्तियों को लोहे की रॉड और खंती के साथ गिरफ्तार किया। पूछताछ के दौरान गिरफ्तार अभियुक्तों ने स्वीकार किया कि वे पटना निबंधन कार्यालय से वर्ष 1940 से 1945 के बीच के पुराने जमीन संबंधित कागजात चोरी करते थे। इन चोरी किये गये असली कागजातों के आधार पर गिरोह फर्जी दस्तावेज तैयार करता था।ताकि लोगों से अवैध रूप से धन की उगाही की जा सके और जमीन पर अवैध कब्जा किया जा सके। पटना में हुई इस स्वीकारोक्ति के बाद कटिहार पुलिस भी हरकत में आई। कटिहार के सहायक थाना में पहले से ही इस संबंध में कांड संख्या 766/24 दर्ज थी। पुलिस ने छापेमारी कर तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्तों ने बताया कि वे केवल चोरी ही नहीं करते थे। बल्कि मोटी रकम लेकर दाखिल-खारिज कराते थे और विवादित जमीनों पर कब्जा दिलाने का काम करते थे। यह गिरोह पटना, भागलपुर और कटिहार के अलावा अन्य जिलों में भी सक्रिय रहा है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, सुरेश कुमार सिंह पर मुफस्सिल थाने में वर्ष 2011, 2012, 2015 और 2021 में कई मामले दर्ज हैं। गिरोह के अन्य सदस्यों पर भी भागलपुर और पटना में संगीन धाराओं के तहत मामले दर्ज पाए गए हैं।

### मध्य विद्यालय चौकी के प्रधानाध्यापिका मीनाक्षी कुमारी ने प्रभार देकर नये विधालय में की योगदान

**कटिहार।** जिले के कदवा प्रखंड अंतर्गत धपरसिया पंचायत स्थित मध्य विद्यालय चौकी के प्रधानाध्यापिका मीनाक्षी कुमारी ने विद्यालय प्रभार विधालय के सीनियर शिक्षक मो.नजरुल हसन को देकर नये विद्यालय में योगदान करने के लिए प्रस्थान किया। मध्य विद्यालय चौकी के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने अपनी निःवर्तमान प्रधानाध्यापिका को विदाई दी और नये प्रभारी प्रधानाध्यापक नजरुल हसन का स्वागत किया गया। मो.नजरुल हसन ने प्रभारी प्रधानाध्यापक के रूप में मध्य विद्यालय चौकी में विधिवत प्रभार ले लिया है। मध्य विद्यालय चौकी के शिक्षक राकेश कुमार,मो.तारिक जमील,माहेलका खातून,मो.शमीम आलम,साक्षी कुमारी,शिक्षा सेवक विक्रम कुमार राय,अमृता कुमारी,उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय के शिक्षिका अलका कुमारी,संजना राय,शिक्षक सुजीत कुमार, विनोद कुमार,बलवंत सिंह,अफजल हुसैन,मो.हासमिन हरीश, प्राथमिक विद्यालय जयंती ग्राम धपरसिया के शिक्षक मो.आफताब आलम,अशोक प्रजापति, कुमकुम कुमारी ने कहा कि मध्य विद्यालय चौकी के प्रधानाध्यापिका मीनाक्षी कुमारी महज 5 वर्ष 4 माह में विद्यालय का सर्वांगीण विकास कर विद्यालय की दशा और दिशा को बदलने का कार्य किया है। मीनाक्षी कुमारी का कार्यकाल बेहद अच्छा रहा। ये सरल स्वभाव की है। कार्य के प्रति काफी सजग और सचेष्ट है। सभी उपस्थित शिक्षक- शिक्षिकाओं ने मीनाक्षी कुमारी को फूल का माला पहनकर विदाई दी। मध्य विद्यालय चौकी के प्रभारी प्रधानाध्यापिका मीनाक्षी कुमारी ने कहा कि मुझे इस विद्यालय में सभी शिक्षक शिक्षिकाओं का काफी प्यार के साथ-साथ सहयोग भी मिला। जिसके कारण इस विद्यालय का दशा और दिशा बदलने में सफल रही हूं। इस अवसर पर बाल कल्याण समिति के निःवर्तमान सदस्य सह शिक्षा प्रेमी सह वरिष्ठ अधिवक्ता सह समाजसेवी प्रवीण कुमार झा ने भी मध्य विद्यालय चौकी पहुंच कर प्रभारी प्रधानाध्यापिका मनीक्षा कुमारी को पुष्प गुच्छ भेंट देकर विदाई और नये प्रभारी प्रधानाध्यापक नजरुल हसन को बधाई दिया। उधर,नये विद्यालय में विधिवत रूप से मीनाक्षी कुमारी ने प्रधानाध्यापिका के पद पर योगदान कर ली है। प्राथमिक विद्यालय गोगरा के शिक्षक- शिक्षिकाओं ने इन्हें योगदान के पश्चात स्वागत किया।

## NEET-UG परीक्षा 2026 के लिए सभी परीक्षा केन्द्रों के 200 मीटर की परिधि में निषेधाज्ञा लागू

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**नवादा।** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा National Eligibility Cum Entrance Test (UG)-2026 परीक्षा दिनांक 03.05.2026 को अप० 02:00 बजे से अप० 05:00 बजे तक (एकल पाली) नवादा जिले के 05 परीक्षा केन्द्रों (सरकारी इंजीनियरिंग कॉलेज नवादा, कन्हाई इंटर स्कूल नवादा, प्रोजेक्ट कन्या इंटर स्कूल नवादा, कन्हाई लाल साहु कॉलेज नवादा एवं बुमेन आईटीआई नवादा) पर आयोजित होगी। जिला दंडाधिकारी, नवादा के संयुक्त आदेश के आलोक में श्री अमित अनुराग, अनुमंडल दंडाधिकारी, नवादा सदर द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा-163 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए नवादा सदर अनुमंडल में सभी परीक्षा केन्द्रों के 200 (दो सौ) मीटर की परिधि में दिनांक 03.05.2026 को 10:00 बजे पूर्वाह्न से 05:00 बजे अपराह्न तक निषेधाज्ञा लागू किया गया है।

**जिसके अंतर्गत निम्न आदेश दिए गए हैं।**

सभी परीक्षा केन्द्रों के आसपास 200 मीटर की परिधि में कोई भी व्यक्ति किसी भी प्रकार के अस्त्र-शस्त्र, हथियार, लाठी, गड़ासा, फरसा, चाकू, छुरा, विस्फोटक पदार्थ एवं आग्नेयास्त्र आदि लेकर नहीं घूमें सभी परीक्षा केन्द्रों के चारों ओर 200 मीटर की परिधि के अंतर्गत किसी सार्वजनिक या निजी स्थान पर निम्न कार्य नहीं करेंगे:- अनावश्यक आवागमन, परीक्षा से संबंधित कोई भी कागजात या अन्य सामग्री वितरित करना अथवा उसका प्रचार करना या करवाना, ऐसे अन्य क्रियाकलापों में संलग्न होना जिससे परीक्षा संचालन या उसकी गोपनीयता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की संभावना हो। परंतु इस धारा में अंतर्विष्ट कोई भी बात ऐसे परीक्षा केन्द्र में ली जा रही परीक्षा में शामिल होने वाले परीक्षार्थियों के सद्भावी कार्यकलापों के संबंध में लागू नहीं होगी।

सभी परीक्षा केन्द्रों के चारों ओर 200 मीटर की परिधि के अंतर्गत किसी भी स्थान पर पाँच या उससे अधिक व्यक्तियों का झगड़ा अथवा लोक शांति भंग करने के उद्देश्य से एकत्र होना वर्जित है।

सभी परीक्षा केन्द्रों के निषेधाज्ञा दायरे के अंतर्गत अथवा परीक्षार्थियों को सुनाई पड़ने की दूरी के अंतर्गत ध्वनि विस्तारक यंत्र का प्रयोग वर्जित रहेगा। परीक्षा केन्द्रों पर कोई भी परीक्षार्थी प्रवेश पत्र, पेन आदि के अतिरिक्त अन्य कोई कागजात, यथा किताब, नोटबुक, मोबाइल फोन अथवा चिट आदि परीक्षा केन्द्र के अंदर नहीं ले जाएंगे। स्वच्छ एवं शांतिपूर्ण परीक्षा संचालन में किसी प्रकार का अवरोध अथवा अशांति उत्पन्न करना वर्जित रहेगा। यह आदेश परीक्षा अवधि, दिनांक 03.05.2026 को 10:00 बजे पूर्वाह्न से 05:00 बजे अपराह्न तक लागू रहेगा। शासकीय कार्य में लगे पदाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों द्वारा धारित आग्नेयास्त्र इस निषेधाज्ञा परिधि से बाहर रहेंगे।

# हवन पूजन एवं भण्डारा के साथ सम्पन्न हुआ राम लक्ष्मण जानकी प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

♦ छः दर्जन दंपत्तियों ने ग्रहण किया सुन्दर राज स्वामी का शिष्यत्व

**राजपुर-** प्रखण्ड मुख्यालय राजपुर कचहरी मोड शिबाला प्रांगण में भगवान राम लक्ष्मण जानकी एवं हनुमान जी प्राण प्रतिष्ठा के लिए आयोजित सात दिवसीय श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ शुक्रवार को पुर्णहुती एवं भंडारा के साथ सम्पन्न हो गया. इस अवसर पर विगत गुरूवार को यज्ञ परिसर में बेदी लगाकर क्षेत्र के छः दर्जन स्त्री व पुरुष श्रद्धालुओं को वैष्णव मंत्र शंख चक्र की दीक्षा दी गई.भण्डारा के दौरान हजारों लोगों ने यज्ञ भगवान का प्रसाद ग्रहण किया. महायज्ञ सम्पन्नता को पहुंचे साधु संतों को यज्ञ कमेटी की ओर से अंग वस्त्र एवं नकदी आदी भेंट कर बिदाई की गई.मौके पर मौजूद साधु संत, यज्ञ कमिटी एवं आस पड़ोस के ग्रामीणों तथा भक्त गणों को सुन्दर राज जी ने साधुवाद कहा. उन्होंने कहा कि पुर्णहुती किसी भी बडे यज्ञ,हवन या अनुष्ठान का अंतिम सबसे महत्वपूर्ण व पवित्र चरण है.यह अनुष्ठान की पूर्णता का प्रतीक है.जहां यज्ञ के दौरान की गई सभी प्रार्थनाएं,जप व तप ईश्वर को समर्पित कर दिये जाते हैं.

**हुआ अद्भुत चमत्कार-** महायज्ञ पुर्णहुती के दौरान एक अद्भुत चमत्कारिक घटना देखने को मिली. लगभग नौ बजे दिन को यज्ञशाला में पुर्णाहुती सम्पन्न होने पर अचानक मंडप में रामानुज स्वामी के रूप में एक नाग देवता प्राकट्य हो गये.जिसे देखने के लिए हजारों लोगो की भीड़ इकट्ठा हो गई. इतनी भीड़ व हलचल के बावजूद भी नाग देव काफी समय तक बिल्कुल स्थिर रहे.इस दौरान सैकडों महिला पुरूष भक्तों ने उन्हें छू कर प्रणाम किया.वाबजूद किसी को उनके द्वारा भयभीत नहीं किया गया.अंत में लोगों ने उन्हें दक्षिण दिशा में रास्ता प्रदान किया और वे कहीं लुप्त हो गये.



मालुम हो कि शिबाला प्रांगण में नव निर्मित ठाकुर जी के प्राण प्रतिष्ठा के लिए 26 अप्रैल से श्री त्रिदंडी स्वामी के पाद सेवक तपोमूर्ति संत यतिराज श्री सुन्दरराज स्वामी के सानिध्य महायज्ञ की सम्पन्न किया गया.

महायज्ञ को सफल संचालन में यज्ञाचार्य मनु पाठक,कुल शेखर स्वामी,चन्द्रशेखर स्वामी,त्रिदंडी जीयर रंगनाथाचार्य जी,भगवान जगन्नाथ जी मठ के महंत सुदर्शनाचार्य जी,संत बिलास बंगाली बाबा,आशुतोष भारद्वाज, रिंकू पाण्डेय,अतुल चौबे,ओम प्रकाश पाण्डेय,पंडित काशीनाथ पाण्डेय,विजयकान्त स्वामी महायज्ञ के मुख्य यजमान अशोक कुमार गुप्ता एवं उनकी पत्नी रूबी कुमारी का सराहनीय योगदान रहा.वहीं महायज्ञ सम्पन्नता में कमिटी के अध्यक्ष सतीश कुमार गुप्ता,उपाध्यक्ष नन्हकू सिंह यादव, कोषाध्यक्ष विजेन्द्र कुमार गुप्ता,सचिव दिनेश तिवारी,राजपुर पैक्स अध्यक्ष शोभनाथ गुप्ता,मुखिया रंजू देवी, उनके समाजसेवी पति सतीश कुमार सिंह, प्रमुख कुन्ती देवी, उनके समाजसेवी बेटा अभिषेक कुमार तिवारी,भरत तिवारी,बीडीसी सदस्य प्रतिनिधि सुमेश्वर सिंह यादव, बरना पंचायत के पूर्व पैक्स अध्यक्ष मदनमोहन तिवारी,भोला सोनी,दारा सिंह समेत अन्य का भरपुर सहयोग मिला.

## एचपीवी टीकाकरण कार्यक्रम का जिला पदाधिकारी द्वारा निरीक्षण

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**नवादा।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित एचपीवी (Human Papillomavirus) टीकाकरण कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन के क्रम में जिला पदाधिकारी, नवादा श्री रवि प्रकाश द्वारा प्रोजेक्ट कन्या इंटर विद्यालय, नवादा में चल रहे टीकाकरण कार्य का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिला पदाधिकारी ने टीकाकरण की समस्त व्यवस्थाओं का अवलोकन करते हुए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने उपस्थित छात्राओं से संवाद स्थापित करते हुए एचपीवी वायरस से होने वाले संक्रमण एवं उससे उत्पन्न गंभीर बीमारियों, विशेषकर सर्वाइकल कैंसर, के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

जिला पदाधिकारी ने कहा कि एचपीवी टीकाकरण इस प्रकार की गंभीर बीमारी से बचाव का एक प्रभावी एवं सुरक्षित उपाय है, अतः 14-15 वर्ष आयु वर्ग की सभी छात्राओं को अनिवार्य रूप से टीका लगवाना चाहिए। उन्होंने छात्राओं से अपील की कि वे किसी भी प्रकार की भ्रांति अथवा अफवाह पर ध्यान न दें तथा स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित टीकाकरण कार्यक्रम का लाभ अवश्य उठाएं। उन्होंने विद्यालय प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिया कि टीकाकरण के प्रति व्यापक जन-जागरूकता सुनिश्चित की जाए, ताकि अधिक से अधिक छात्राएं इस कार्यक्रम से लाभान्वित हो सकें। निरीक्षण के दौरान सिविल सर्जन, नवादा, जिला शिक्षा पदाधिकारी, नवादा, डीपीएम (स्वास्थ्य), प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, सदर प्रखंड, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी एवं विद्यालय के प्रधानाध्यापक एवं शिक्षकगण उपस्थित थे।

# तेल की टंकी से स्प्रिट की तस्करी,रजौली चेकपोस्ट पर शातिर तस्कर गिरफ्तार

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**रजौली।** बिहार में पूर्ण शराबबंदी को सख्ती से लागू करने की कवायद के बीच रजौली समेकित जांच चौकी पर उत्पाद विभाग ने तस्करी के एक बेहद शातिराना तरीके का पर्दाफाश किया है। उत्पाद अधीक्षक अरुण कुमार मिश्र के निर्देश पर चलाए जा रहे सघन चेकिंग अभियान के दौरान उत्पाद निरीक्षक अमृत कुमार गुप्ता के नेतृत्व में टीम ने शुक्रवार की रात झारखंड की ओर से आ रही एक संदिग्ध ग्रे रंग की स्विफ्ट डिजायर कार जेएच 01बीएम/4624 को रोका, जिसमें स्प्रिट लाने की गुप्त सूचना पहले ही उत्पाद निरीक्षक को मिल चुकी थी। तलाशी के दौरान जब गाड़ी के चेसिस के नीचे स्थित तेल टंकी की गहराई से जांच और




स्प्रिट के साथ जब्त कार व गिरफ्तार तस्कर व उत्पाद बल

वीडियोग्राफी की गई, तो मामला संदिग्ध पाया गया और स्थानीय मिस्त्री की मदद से टंकी में छेद करने पर वहां से 45 लीटर अवैध स्प्रिट बरामद हुई। गिरफ्तार चालक अमर कुमार पिता राजदेव पासवान जो सीतामढ़ी के रुन्नीसैद्पुर का निवासी है,ने पूछताछ में खुलासा किया कि उसने पकड़े जाने के डर से कार का तेल कनेक्शन काटकर उसे पूरी तरह सीएनजी पर कर दिया था और मुख्य ईंधन टंकी का इस्तेमाल स्प्रिट छिपाने के लिए कर रहा था। आरोपी ने बताया कि वह महज 3000 रुपये के लालच में झारखंड के चंदवारा से विनय कुमार द्वारा दी गई इस खेप को सोनपुर में सुनील कुमार तक पहुंचाने जा रहा था। पूर्व में भी नवादा में इसी तरह के अपराध में जेल जा चुके अमर कुमार के इस खुलासे के बाद विभाग ने स्प्रिट और कार को जब्त कर लिया है और नेटवर्क के अन्य फरार सदस्यों के विरुद्ध बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई तेज कर दी है।

## उत्पाद विभाग ने लग्जरी कार से विदेशी शराब के साथ चार लोग गिरफ्तार

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**रजौली।** रजौली स्थित समेकित जांच चौकी पर उत्पाद विभाग ने अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई में कार समेत चार लोगों को गिरफ्तार की है। उत्पाद अधीक्षक अरुण कुमार मिश्र के कुशल निर्देशन और निरीक्षक रामप्रीत कुमार के नेतृत्व में चलाए गए सघन वाहन तलाशी अभियान के दौरान एक सिल्वर रंग की मारुति ऑल्टो कार को रोका गया,जिससे विदेशी शराब बरामद की गई।



जब्त कार व शराब के साथ गिरफ्तार व्यक्तियों के साथ उत्पाद बल

वाहन की जांच करने पर पुलिस नेस ब्लेंडर्स प्राइड, सिग्नेचर प्रीमियम और स्टर्लिंग रिजर्व बियर जैसे ब्रांडों की कुल 1.860 लीटर विदेशी शराब जब्त की है। इस मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए टीम ने कार सवार चार लोगों को रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया है, जिनकी पहचान झारखंड के हजारीबाग निवासी आकाश कुमार, बिट्टू कुमार,राहुल कुमार और अमित कुमार के रूप में हुई है।

उत्पाद विभाग ने शराब और परिवहन में प्रयुक्त वाहन को जब्त कर आगे की कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी है, जिससे इलाके में शादी विवाह के सीजन में मजे लेने वाले शराबियों के बीच हड़कंप मच गया है।इस कारवाई के दौरान एएसआई विश्वजीत कुमार एवं धर्मेंद्र कुमार के साथ गृहरक्षक जवान शामिल रहे।

## बुद्ध अंतरराष्ट्रीय साहित्य महोत्सव में सम्मानित किये गए खेल शिक्षक संतोष

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**नवादा** बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर मगध विश्वविद्यालय बोधगया के सभागार में आयोजित बुद्ध अंतरराष्ट्रीय साहित्य महोत्सव 2026 में जिले के इंटर विद्यालय आती के शारीरिक शिक्षक संतोष कुमार वर्मा को महात्मा बुद्ध गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया इस कार्यक्रम का आयोजन पार्श्व अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालय धर्मार्थ न्यास के द्वारा आयोजन किया गया जिसमें पूरे बिहार से कई दर्जन प्रतिभावान युवाओं एवं युवतियों को सम्मानित किया गया संतोष कुमार वर्मा को शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार खेल के क्षेत्र में राष्ट्रीय से लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर तक खिलाड़ियों को मार्गदर्शन देना समाज सेवा, पर्यावरण एवं प्रतिभावान विद्यार्थियों को आगे बढ़ाने में सहयोग करना आदि क्षेत्रों में बेहतर कार्य के लिए सम्मान पत्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया मुख्य अतिथि के रूप में संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ सुबोध सिंह शौर्य प्रियदर्शी विभागाध्यक्ष प्रोफेसर पिंटू कुमार स्वाति वर्मा श्वेता कुमारी आदि लोगों ने मुख्य रूप से भाग लिया संतोष कुमार वर्मा को पुरस्कार मिलने पर इंटर विद्यालय आती के प्रभारी प्रधानाध्यापक विजय कुमार शिव कुमार प्रबोध कुमार पांडे रोह के शिक्षक मनोज कुमार जिला संगठन आयुक्त स्काउट एंड गाइड संतु कुमार राजीव कुमार अरविंद कुमार गुड्डी कुमारी आदि लोगों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दिए।




# 'स्कूल चले हम' कैंपेन का शुभारंभ, डीएम ने खुद बच्ची का किया एडमिशन, जीरो ड्रॉप आउट के लिए दिए निर्देश

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**नालंदा।** नालंदा में शनिवार को जिला प्रशासन की ओर से 'स्कूल चले हम' कैंपेन के तहत 'प्रवेशोत्सव' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कैंपेन का उद्देश्य पढ़ाई के माहौल को बेहतर बनाने, शिक्षा का स्तर बढ़ाने और स्कूलों में 100 फीसदी एडमिशन सुनिश्चित कराना है।

**जिलाधिकारी ने बच्ची का खुद किया एडमिशनः** बिहार शरीफ के कमरुद्दीनगंज स्थित राजकीय कन्या मध्य विद्यालय में डीएम कुंदन कुमार ने कैंपेन का शुभारंभ किया। उन्होंने खुद बच्चियों का एडमिशन कराया। नए एकेडमिक सेशन 2026-27 के लिए आयोजित कैंपेन में जिले के अन्य अधिकारी भी शामिल हुए। जिलाधिकारी ने राजकीय कन्या मध्य विद्यालय से टैग किए गए 7 आंगनबाड़ी केंद्रों की बच्चियों का नामांकन कराया, जिसमें केंद्र कोड 63 की बच्ची सुमेरा का एडमिशन उन्होंने खुद किया। नगर आयुक्त की ओर से अल्फी और उप विकास आयुक्त की ओर से सादिया नाम की बच्ची का एडमिशन कर समाज को शिक्षा के प्रति जागरूक होने का संदेश दिया गया।



**चॉकलेट देकर बच्चियों का किया स्वागतः** जिलाधिकारी के निर्देश पर जिले के सभी 6 से 14 वर्ष के बच्चों, विशेषकर आंगनबाड़ी केंद्रों से पास आउट होने वाले 16,440 बच्चों को चिन्हित कर उनके निकटवर्ती विद्यालयों में नामांकित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। विशेष आयोजन में आंगनबाड़ी सेविका और सहायिकाएं बच्चों को लेकर गाजे-बाजे के साथ विद्यालय पहुंची, जहां उनका स्वागत चॉकलेट और गुब्बारों के साथ किया गया।

**जिलाधिकारी बोले- सिर्फ एडमिशन तक कैंपेन सीमित नहीं:** प्रवेशोत्सव को उत्सव का रूप देने के लिए विद्यालय परिसर को बैनर, पोस्टर और टीएलएम प्रदर्शनी से सजाया गया था। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि प्रशासन का मुख्य लक्ष्य केवल नामांकन तक सीमित नहीं है, बल्कि बच्चों की निरंतर उपस्थिति और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करना है। उन्होंने जिला शिक्षा पदाधिकारी को सख्त निर्देश दिए कि जिले में 'ड्रॉप आउट' की समस्या को शून्य पर लाने के लिए अभिभावकों के साथ नियमित बैठकें की जाएं। साथ ही, बच्चों के स्वास्थ्य के प्रति संवेदनशीलता दिखाते हुए उन्होंने घोषणा की कि नामांकित बच्चों की आंखों की जांच कराई जाएगी और जरूरतमंदों को प्रशासन की ओर से निःशुल्क चश्मा प्रदान किया जाएगा। नामांकन के साथ ही बच्चों को नई पाठ्य पुस्तकें भी प्रदान की गईं, जिससे उनके चेहरे खिल उठे।



**जिलाधिकारी ने शिक्षकों की भूमिका की सराहना कीः** जिलाधिकारी ने शिक्षकों की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि आने वाली पीढ़ी को कुशल और होनहार बनाने की जिम्मेदारी उन्हीं के कंधों पर है। कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी ने विद्यालय परिसर में संचालित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय का भी निरीक्षण किया। वहां की व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करने की योजना पर भी बल दिया गया। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त, नगर आयुक्त, अपर समाहर्ता, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी और डीपीओ आईसीडीएस सहित जिला प्रशासन के तमाम वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। पूरे जिले में प्रखंड स्तर के अधिकारियों ने भी अपने-अपने क्षेत्रों में आदर्श केंद्रों पर उपस्थित रहकर इस नामांकन अभियान को सफल बनाया, जिससे जिले में शिक्षा के प्रति एक नई चेतना का संचार हुआ है।

पर्यटन मंत्रालय MINISTRY OF TOURISM

**INSTITUTE OF HOTEL MANAGEMENT BODHGAYA**
(AN AUTONOMOUS BODY UNDER MINISTRY OF TOURISM, GOVT. OF INDIA & DEPT. OF TOURISM, GOVT. OF BIHAR)

NCHMCT | BIHAR TOURISM

**DEGREE IN HOTEL MANAGEMENT**

3 Years B.Sc. in Hotel Management | 1½ Year Diploma in F & B Service | 1½ Year Diploma in Food Production

DRCC Facility Available (बिहार सरकार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड) for Hotel Management Degree Course

100 % Job Assistance (देश एवं विदेश के विभिन्न पांच सितारा होटलों, एयर लाइन्स, क्रूज लाइन्स सहित सरकारी एवं अर्धसरकारी विभागों में नौकरी की सुविधा)



हेल्पलाइन नंबर : +91-8987276070, +91-9608271879, 0631-2952143

पता - गया - डोभी रोड, बोधगया - 824234
वेबसाइट : www.ihmbodhgaya.com

ई-मेल : ihmbodhgaya@gmail.com
आयु सीमा की कोई बाध्यता नहीं है

## संक्षिप्त समाचार

### 'पुलिस मुखबिरी के शक में राहुल को मारी गोली', पिता का दावा- आरोपियों ने पहले दोस्ती का हाथ बढ़ाया

**नालंदा**। नालंदा के बिंद थाना क्षेत्र में 25 अप्रैल को अपराधियों ने राहुल कुमार की हत्या कर दी थी। शादी के छह दिन बाद ही मौत के घाट उतार दिया। सिर में पीछे से गोली मारी गई थी। इस मामले में मृतक के पिता मुकेश कुमार ने जो खुलासे किए हैं, वह दोस्ती के पीछे छिपी गहरी साजिश और रंजिश की खौफनाक कहानी बयां करते हैं। मुकेश कुमार ने बताया कि यह पूरी वारदात पुलिस मुखबिरी के शक में अंजाम दी गई है, जिसकी पटकथा होली के समय से ही लिखी जा रही थी। होली के दौरान पुलिस प्रशासन ने किसी मामले की जांच के सिलसिले में राहुल से एक आरोपी का घर पूछा था, जिसे राहुल ने सहज भाव से बता दिया। इसी बात को लेकर आरोपियों ने उसके घर चढ़कर गाली-गलौज की थी। कहा था कि इतनी गोली मारेंगे कि नजर नहीं आओगे'। हालांकि, बाद में आरोपियों ने सोची-समझी साजिश के तहत राहुल से दोबारा मेल-मिलाप बढ़ा लिया। उसके साथ नियमित रूप से घूमने-टहलने लगे ताकि वह पूरी तरह बेफिक्र हो जाए। शनिवार की रात(25 अप्रैल 2026) करीब 8:00 बजे गांव के ही दो युवक राहुल को बुलाकर साथ ले गए। रात करीब 11 से 12 बजे के बीच सूर्य मंदिर के पास पहुंचे। वहां सिगरेट पीने के बाद पीछे से आरोपी ने राहुल को सटाकर गोली मार दी। मुकेश कुमार ने आगे कहा कि इस हत्याकांड में फरार चल रहे दूसरे आरोपी गौरव कुमार ने बाद में मेरे दूसरे बेटे को फोन कर बताया कि हत्या की पूरी वारदात उसके सामने हुई। गोली सन्टी कुमार उर्फ मृणाल ने चलाई थी। हथियार मुख्य आरोपी की मां ने ही करीब 25 से 30 हजार रुपए में कुछ दिन पहले खरीद कर दिया था, जिससे साफ होता है कि यह हत्याकांड पूर्व नियोजित था। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। सुबह 3:00 बजे फोन कर परिजनों को इसकी सूचना दी। जब तक परिवार के लोग मौके पर पहुंचे, राहुल दम तोड़ चुका था। राहुल अपने तीन भाइयों में सबसे बड़ा था और गांव में ही डेकोरेशन का काम करता था। हत्या से छह दिन पहले ही उसकी शादी हुई थी। उसकी मौत के बाद नई नवेली दुल्हन का सुहाग उजड़ गया। वहीं, इस मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी सन्टी कुमार उर्फ मृणाल को नूरसराय थाना क्षेत्र के दरुआरा गांव से गिरफ्तार कर लिया है। बिंद थानाध्यक्ष मुरली आजाद ने बताया कि पुलिस मामले के हर पहलू की गंभीरता से जांच कर रही है। फरार दूसरे आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। पुलिस उन सूत्रों का भी पता लगा रही है जहां से हथियार की आपूर्ति की गई थी।

### सीसीटीवी कैमरों के लिए बिछेगी स्पेशल लाइन, नालंदा में 2 घंटे तक बिजली कटेगी

**नालंदा**। बिहारशरीफ के बड़ी पहाड़ी पावर सब-स्टेशन के अंतर्गत आने वाले रेलवे-वन और रेलवे-टू फीडर से जुड़े मोहल्लों में दो घंटे तक बिजली कटेगी। विभाग के एसडीओ संजीत कुमार ने बताया कि स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत शहर के चौक-चौराहों पर लगे सीसीटीवी कैमरों को निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए एक विशेष बिजली लाइन बिछाने का कार्य किया जाना है। विकास कार्य को गति देने के उद्देश्य से विभाग ने शनिवार सुबह 7 बजे से 9 बजे तक बिजली कटौती का निर्णय लिया है। इस मरम्मत और विस्तार कार्य के दौरान न केवल दोनों मुख्य फीडरों से आपूर्ति बंद रहेगी, बल्कि भैंसासुर स्थित सूर्या क्लिनिक के पास लगे ट्रांसफॉर्मर से जुड़ी बिजली सेवा भी पूरी तरह ठप रहेगी। बिजली विभाग ने नागरिकों की असुविधा को ध्यान में रखते हुए पहले ही सूचना जारी कर दी है। एसडीओ ने आम जनता से अपील करते हुए कहा है कि बिजली कटौती के निर्धारित समय से पूर्व ही पानी स्टोर करके रख लें। साथ ही अन्य जरूरी घरेलू कार्य निपटा लें, ताकि सुबह के समय किसी भी तरह की परेशानियों का सामना न करना पड़े। कार्य पूर्ण होते ही आपूर्ति फिर से बहाल कर दी जाएगी।

### डीडीयू मंडल में रेल सुरक्षा-यात्री सुविधा पर फोकस, ट्रेन में सवार हुए डीआरएम

#### महाबोधि एक्सप्रेस से वंदे भारत तक जांच

**गयाजी**। डीडीयू मंडल में रेल सुरक्षा और यात्री सुविधा को लेकर शुक्रवार रात बड़ा औचक अभियान चला। मंडल रेल प्रबंधक उदय सिंह मीना खुद इंजन के केबिन में पहुंचे। महाबोधि एक्सप्रेस से लेकर वंदे भारत एक्सप्रेस तक डीडीयू-गयाजी रेलखंड का फुटप्लेट निरीक्षण कर पूरी व्यवस्था की धरातल पर हकीकत पर रखी। रात के अंधेरे में ट्रैक, सिग्नल, स्टेशन और क्रू की सतर्कता की जांच की। रात करीब 11:20 बजे DRM नई दिल्ली-गयाजी महाबोधि एक्सप्रेस के इंजन में सवार हुए। डीडीयू जंक्शन से गयाी जंक्शन तक सफर के दौरान उन्होंने रेल संरक्षा के हर महत्वपूर्ण पहलू को बारीकी से देखा। सिग्नल की दृश्यता कैसी है, लोको पायलट और सहायक लोको पायलट कॉल-आउट प्रक्रिया का पालन कर रहे हैं या नहीं, ट्रैक सुरक्षित है या नहीं। ओवरहेड उपकरण की स्थिति कैसी है। हर बिंदु पर गंभीर से समीक्षा हुई। स्टेशन और लेवल क्रॉसिंग पर सिग्नल एक्सचेंज, रनिंग स्टाफ और स्टेशन स्टाफ के बीच ऑलराइट प्रक्रिया, गति सीमा पालन और गश्ती व्यवस्था की सक्रियता भी जांची गई। स्टेशन पर चल रहे उन्नयन कार्य, लाइन नंबर-1 पर लिए गए ब्लॉक, कार्य की गुणवत्ता और समय सीमा की समीक्षा की गई। अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि विकास कार्य तय समय में और गुणवत्ता से पूरे हो सके। ताकि यात्रियों को बेहतर सुविधाएं मिल सके। जंक्शन के प्लेटफार्म नंबर 2-3 की भीड़ भी DRM की नजर से नहीं बची। संकरे प्लेटफार्मों पर यात्रियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए अतिरिक्त स्टाफ तैनाती, सतत निगरानी और व्यवस्थित मूवमेंट सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। साफ संदेश था कि भीड़ प्रबंधन में लापरवाही किसी कीमत पर स्वीकार नहीं होगी। वापसी में DRM ने रांची-वाराणसी वंदे भारत एक्सप्रेस से गयाजी से डीडीयू तक फिर फुट प्लेट निरीक्षण किया। हाईस्पीड और आधुनिक ट्रेन संचालन के बीच चालक दल के नियम पालन, परिचालन अनुशासन और रेल अवसंरचना की दोबारा समीक्षा की गई। निरीक्षण के बाद मंडल रेल प्रबंधक ने अधिकारियों और कर्मचारियों को कहा कि सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। हर स्तर पर सतर्कता, समन्वय और जवाबदेही जरूरी है। रेल प्रशासन ने यात्रियों से भी अपील की कि स्टेशन पर निर्धारित मार्गों का उपयोग करें, अनाउंसमेंट पर ध्यान दें। भीड़ वाले प्लेटफॉर्मों पर सावधानी बरतें और यात्रा से पहले 139, रेल वन या NTES के जरिए अपडेट लेते रहें।

### तालाब में डूबने से बच्चे की मौत, गांव के बच्चों के साथ पहुंचा था, स्नान करने दौरान गहरे पानी में चला गया

**नालंदा**। नालंदा में पानी भरे तालाब में डूबने से 10 साल के बच्चे की मौत हो गई। गांव के बच्चों के साथ स्नान करने पहुंचा था। इस दौरान हादसे का शिकार हो गया। मृतक की पहचान कामेश्वर मांझी के पुत्र मोक्षु कुमार के तौर पर हुई है। घटना सबैत गांव की है। भाई गुड्डू ने बताया कि मोक्षु तालाब में स्नान करने के दौरान गहरे पानी में चला गया। उसको पानी में डूबता देख साथ गए बच्चों ने शोर मचाना शुरू कर दिया। तुरंत परिवार के सदस्यों को जानकारी दी गई। भागते हुए हमलोग मौके पर पहुंचे। कड़ी मशक्कत के बाद उसे पानी से बाहर निकाला।

# पड़ोसी पर मारपीट का आरोप, महिला बोली- जबरन घर खाली कराने की कोशिश हो रही, एसएसपी से लगाई गुहार

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**गया**। गया शहर के डेल्हा थाना क्षेत्र के बड़की डेल्हा, विजय बीघा मोहल्ले में नाली निर्माण को लेकर विवाद हुआ है। स्थानीय निवासी सरिता देवी ने अपने पड़ोसियों पर मारपीट, गाली-गलौज, झूठा मुकदमा दर्ज कराने और जबरन घर खाली कराने का दबाव बनाने का आरोप लगाया है। उन्होंने शनिवार को एसएसपी कार्यालय में लिखित आवेदन देकर निष्पक्ष जांच और सुरक्षा की मांग की है।





**इलाके में नाली निर्माण कराया जा रहाः** सरिता देवी ने मीडिया को बताया कि नगर निगम की ओर से उनके इलाके में नाली निर्माण कराया जा रहा है। इस काम में उन्होंने मोहल्ले के अन्य लोगों के साथ सहयोग किया। इसी दौरान उनके सामने रहने वाली पड़ोसी लालो देवी (पति स्वर्गीय विजय पासवान) और उनके बेटे के साथ विवाद शुरू हो गया। सरिता देवी के अनुसार, लगभग एक सप्ताह पहले उनके साथ मारपीट और गाली-गलौज की घटना हुई, जिसके बाद उन्हीं के खिलाफ थाने में झूठा आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज करा दी गई। उन्होंने आरोप लगाया कि नाली निर्माण के बहाने उनके घर को नुकसान पहुंचाने की कोशिश की जा रही है। पड़ोसियों की ओर से कथित तौर पर उनके मकान को हटाने का दबाव बनाया जा रहा है, ताकि उस जगह पर वे चार पहिया वाहन खड़ा कर सकें। सरिता देवी का कहना है कि यह सीधे तौर पर दबंगई है और उन्हें उनके ही घर से बेदखल करने की साजिश रची जा रही है।

**सरकारी जमीन पर 50 साल से रह रहा है परिवारः** जमीन के संबंध में सरिता देवी ने स्पष्ट किया कि भले ही वह सरकारी भूमि हो, लेकिन उनका परिवार पिछले करीब 50 साल से वहां रह रहा है। ऐसे में उन्हें अचानक वहां से हटाने की कोशिश करना अनुचित है। उन्होंने यह भी बताया कि पड़ोसियों की ओर से आए दिन विवाद किया जाता है, जिससे उनके परिवार में भय का माहौल बना हुआ है। सरिता देवी ने अपने ऊपर लगाए गए आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि उन पर झूठा आरोप लगाया गया है कि उन्होंने पड़ोसी का सोने का चेन छीन लिया।

**दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांगः** उन्होंने कहा कि ऐसी कोई घटना नहीं हुई है और अगर मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए, तो सच्चाई सामने आ जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि उनके घर के पास सीसीटीवी कैमरे लगे हुए हैं, जिनकी जांच से पूरी घटना का सच सामने आ सकता है। महिला ने यह भी आरोप लगाया कि पड़ोसी का बेटा अवैध शराब के कारोबार से जुड़ा हुआ है और अक्सर नशे में रहता है, जिससे उन्हें और उनके परिवार को हमेशा किसी अनहोनी की आशंका बनी रहती है।

**दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांगः** इस मामले में उनकी मां और उनके बच्चे को भी झूठे केस में फंसा दिया गया है, जो पूरी तरह निराधार है। पुलिस प्रशासन से अपील की है कि मामले की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। इस संबंध में डेल्हा थाना अध्यक्ष देवराज इंद्र का कहना है कि पड़ोसी की ओर से लिखित आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। दूसरे पक्ष का भी आवेदन आया है, मामले की जांच की जा रही है।

# मिनी गन फैक्ट्री का भंडाफोड़, एक गिरफ्तार, भारी मात्रा में हथियार बनाने के औजार बरामद

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

## हत्या के मामले में भी थी आरोपी की तलाश

**नालन्दा**। नालंदा पुलिस ने शनिवार को नगरनौसा थाना क्षेत्र में मिनी गन फैक्ट्री पकड़ी है। छापेमारी के दौरान पुलिस ने अवैध हथियारों के निर्माण में यूज होने वाले उपकरण बरामद किए। साथ ही एक आरोपी को भी गिरफ्तार किया। ये पूरी कार्रवाई पटना पुलिस और एसटीएफ की ओर से दी गई गुप्त सूचना के आधार पर की गई है। हिलसा डीएसपी शैलजा ने बताया कि 1 मई को पटना पुलिस और एसटीएफ की संयुक्त टीम ने गौरीचक थाना क्षेत्र से हथियार की खरीद-बिक्री के आरोप में दो व्यक्तियों (महेश यादव और सदन प्रसाद) को गिरफ्तार किया था। इनके पास से पुलिस ने देसी कट्टा और बैरल बरामद किए थे।

पूछताछ के दौरान सदन प्रसाद ने खुलासा किया कि हथियारों के इन बैरल की आपूर्ति कृष्ण विश्वकर्मा करता है, जो नगरनौसा के बाजितपुर गांव में बच्चू महतो के मकान में किराए पर रहकर अवैध हथियार बनाने की फैक्ट्री चला रहा है।



**निशानदेही पर नगरनौसा के मकान में की छापेमारीः** सूचना के सत्यापन के बाद नगरनौसा थाना की पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बाजितपुर स्थित मकान में छापेमारी की। तलाशी के दौरान कृष्ण विश्वकर्मा के कमरे से भारी मात्रा में बंदूक निर्माण सामग्री बरामद हुई। बरामद सामानों में कट्टा का बॉडी बनाने वाला सांचा, अर्धनिर्मित बैरल, ड्रिल मशीन, ग्राइंडर, लोहा काटने वाली आरी, छेनी, हथौड़ी और भट्ठी के लिए प्रयोग होने वाली भाथी मशीन जैसे दर्जनों उपकरण शामिल हैं। पुलिस ने पूरी बरामदगी की वीडियोग्राफी कराते हुए इसे विधिवत जब्त कर लिया और मौके से कृष्ण विश्वकर्मा को गिरफ्तार कर लिया।

**गिरफ्तार आरोपी का पहले का रहा है आपराधिक इतिहासः** पुलिस जांच में सामने आया है कि गिरफ्तार किए गए कृष्ण विश्वकर्मा के खिलाफ चिकसौरा थाने में पहले से ही आर्म्स एक्ट के तहत मामले दर्ज हैं। आरोपी एक हत्या के मामले में भी फरार चल रहा था और उसके खिलाफ कुर्की-जब्ती की कार्रवाई की जा चुकी है। फिलहाल, कृष्ण विश्वकर्मा की गिरफ्तारी के बाद नगरनौसा थाना में उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत कांड दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। इस सफल छापेमारी टीम का नेतृत्व नगरनौसा थानाध्यक्ष शशिरंजन कुमार मिश्रा ने किया, जिसमें अपर थानाध्यक्ष इसमा परवीण और एसटीएफ की टीम शामिल थी।

# गयाजी में 40 देशों के भक्त जुटे, बोधगया से विश्व शांति का संदेश





सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**गयाजी**। विश्व शांति, आध्यात्मिक एकता और धार्मिक समन्वय का बड़ा संदेश आज बोधगया की पावन धरती से पूरी दुनिया तक पहुंचा। अंतरराष्ट्रीय पर्यटक स्थल बोधगया स्थित वाट थाई मगध बौद्ध विपश्यना मठ में अंतर्राष्ट्रीय आंतरिक शांति सम्मेलन आयोजित हुआ।

इसमें 40 देशों के श्रद्धालुओं, साधकों और धर्मगुरुओं की मौजूदगी ने इसे वैश्विक आध्यात्मिक संगम बना दिया। बुद्ध वंदना के साथ शुरू हुए इस भव्य आयोजन में भारत सहित अमेरिका, रूस, आयरलैंड, जर्मनी और नेपाल समेत कई देशों से आए प्रतिनिधियों ने शांति, सद्भाव और आध्यात्मिक मूल्यों पर मंथन किया।

**स्थानीय स्कूली बच्चों ने दी प्रस्तुतिः** सम्मेलन का माहौल पूरी तरह आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर दिखा। स्थानीय स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के जरिए भारतीय संस्कृति, बौद्ध परंपरा और सनातन मूल्यों की सुंदर झलक पेश की। कार्यक्रम में बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि बोधगया की धरती सिर्फ बिहार या भारत के लिए नहीं, बल्कि पूरी मानवता के लिए शांति और ज्ञान का केंद्र है। यहां इस तरह के अंतर्राष्ट्रीय आयोजनों से भारत की आध्यात्मिक विरासत को वैश्विक पहचान मिल रही है और दुनिया तक शांति का मजबूत संदेश पहुंच रहा है।

**साधु-संतों और श्रद्धालुओं को धन्यवाद दियाः** डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि आज जब दुनिया अशांति और तनाव के दौर से गुजर रही है, तब बोधगया जैसे पवित्र स्थल से आंतरिक शांति का संदेश और भी प्रासंगिक हो जाता है। उन्होंने आयोजन में शामिल साधु-संतों और श्रद्धालुओं को धन्यवाद देते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम समाज को जोड़ने और मानवता को दिशा देने का काम करते हैं।

विदेश से आईं आध्यात्मिक गुरु साईं लक्ष्मी देवी की अगुवाई में आयोजित इस सम्मेलन में हिंदू और बौद्ध धर्म के संतों, विद्वानों और साधकों ने धार्मिक समन्वय पर विशेष जोर दिया। अंतरराष्ट्रीय योग गुरु स्वामी संतोषानंद ने बताया कि 40 देशों के करीब 90 साधकों की भागीदारी इस आयोजन को विशेष बनाती है। बोधगया से विश्व शांति का संदेश देना केवल आध्यात्मिक आयोजन नहीं, बल्कि वैश्विक सद्भाव की दिशा में बड़ा प्रयास है।

# न्यूयॉर्क में गूंजी नालंदा की चर्चा, बुद्ध पूर्णिमा पर कार्यक्रम

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

नालन्दा। बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर प्राचीन ज्ञान के वैश्विक केंद्र नालंदा विश्वविद्यालय ने अंतरराष्ट्रीय पटल पर अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज कराई है। न्यूयॉर्क स्थित संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में आयोजित अंतरराष्ट्रीय 'वेसाक' दिवस समारोह के दौरान विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सचिन चतुर्वेदी ने एक प्रभावशाली मुख्य भाषण दिया, जिसमें उन्होंने वैश्विक शांति और सहयोग के लिए बौद्ध विरासत की अपरिहार्यता पर बल दिया। 'वैश्विक शांति और सहयोग को सशक्त बनाने के लिए बौद्ध विरासत का उपयोग' विषय पर बोलते हुए प्रोफेसर चतुर्वेदी ने स्पष्ट किया कि बुद्ध का दर्शन केवल आध्यात्मिक शांति तक सीमित नहीं है, बल्कि यह समकालीन वैश्विक चुनौतियों और शासन के लिए एक ठोस नैतिक आधार प्रदान करता है।

कुलपति ने अपने संबोधन में सतत विकास लक्ष्यों (SDG) की वर्तमान संरचना पर एक महत्वपूर्ण विमर्श छेड़ते हुए कहा कि वैश्विक विकास एजेंडे में संस्कृति एक 'अभावग्रस्त आधार' की तरह है। उन्होंने 2030 के बाद की विकास रूप-रेखा में संस्कृति और नैतिकता को संरचनात्मक स्तंभों के रूप में एकीकृत करने का आह्वान किया।




**शांति केवल संघर्षों की अनुपस्थिति नहींः** प्रतीत्यसमुत्पाद और सम्यक आजीविका जैसे बौद्ध सिद्धांतों का उल्लेख करते हुए उन्होंने तर्क दिया कि शांति केवल संघर्षों की अनुपस्थिति नहीं है, बल्कि यह साझा उत्तरदायित्व और नैतिक चेतना का परिणाम है। नालंदा की ऐतिहासिक विरासत को याद करते हुए उन्होंने वर्तमान विश्वविद्यालय को राष्ट्रों के बीच एक 'सभ्यतागत पुल' के रूप में परिभाषित किया।

**विशेष राउंडटेबल बैठक भी आयोजितः** इस उच्चस्तरीय आयोजन में भूटान, जापान, श्रीलंका, वियतनाम और नेपाल सहित कई देशों के राजनयिकों ने शिरकत की। इसी कड़ी में नालंदा के प्रतिनिधिमंडल ने संयुक्त राष्ट्र में भारत की उप-स्थायी प्रतिनिधि राजदूत योजना पटेल से भेंट कर वैश्विक संवाद पर चर्चा की। इसके बाद न्यूयॉर्क में भारत के महावाणिज्य दूतावास के सहयोग से एक विशेष राउंडटेबल बैठक भी आयोजित हुई, जिसमें अमेरिकी विद्वानों ने विश्वविद्यालय के शैक्षणिक पुनरुत्थान की सराहना की और भविष्य की साझेदारियों पर विचार साझा किए।

> ♦ **प्रोफेसर चतुर्वेदी ने दिया शांति का संदेश, कहा- ये सिर्फ संघर्ष नहीं है, सभी की जिम्मेदारी है**

महावाणिज्य दूत विनय एस. प्रधान ने इस बौद्धिक संवाद को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। विश्वविद्यालय की यह सक्रियता केवल न्यूयॉर्क तक सीमित नहीं रही, बल्कि नेपाल में भी इसकी झलक देखने को मिली। काठमांडू स्थित भारतीय दूतावास की ओर से लुंबिनी बौद्ध विश्वविद्यालय में आयोजित एक सेमिनार में नालंदा विश्वविद्यालय के सहायक प्रोफेसर डॉ. प्रांशु समदर्शी ने भारत और नेपाल के गहरे सभ्यतागत संबंधों को रेखांकित किया। उन्होंने बुद्ध की जन्मस्थली से संदेश दिया कि साझा बौद्ध विरासत ही वह आधार है, जो दोनों देशों के बीच सहयोग और सतत विकास को नई ऊंचाइयों पर ले जा सकता है। बुद्ध पूर्णिमा पर आयोजित इन विविध कार्यक्रमों ने सिद्ध कर दिया है कि नालंदा विश्वविद्यालय एक बार फिर वैश्विक ज्ञान और कूटनीति के केंद्र के रूप में अपनी ऐतिहासिक भूमिका की ओर अग्रसर है।

## संक्षिप्त समाचार

### पिकअप-बाइक टक्कर में बिजली विभाग के लाइनमैन की मौत, चालक फरार

**राजपुर-** नोखा-राजपुर मुख्य मार्ग पर घोरडीही गांव स्थित गैस एजेंसी के समीप पिकअप और बाइक की टक्कर में विगत शुक्रवार की रात एक युवक की मौत हो गई.मृतक की पहचान राजपुर प्रखंड के रामपुर गांव निवासी राम आशीष सिंह के बेटा राजू कुमार सिंह के रूप में हुई है.वह बिजली विभाग में लाइनमैन के पद पर कार्यरत थे.दुर्घटना उपरांत पिकअप चालक वाहन लेकर भाग निकला. बताया जाता है कि राजू कुमार बाइक से ड्यूटी के लिए राजपुर जा रहे थे.इसी दौरान घोरडीही गांव के समीप गैस एजेंसी के समीप तेज रफ्तार पिकअप ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी. वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए.घटना की सूचना पर बघैला पुलिस मौके पर पहुंच उपचार के लिए नोखा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गया.जहा चिकित्सकों ने स्थिति गम्भीर देखकर सदर अस्पताल सासाराम रेफर कर दिया. सासाराम ले जाने के दौरान युवक ने रास्ते में हीं दम तोड दिया.जिसके उपरांत पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सासाराम सदर अस्पताल भेज दिया. थानाध्यक्ष करन कुमार ने बताया कि फरार पिकअप को बरामद करते हुए चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है.विधि सम्मत आगे की कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है.

### सड़क हादसे में दो युवक घायल

**कोचस (रोहतास)।** स्थानीय थाना क्षेत्र में हुए सड़क हादसे में शनिवार को दो बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल में राजा कुमार पिता रामपति तथा धनजी कुमार पिता सहदेव नोनिया शामिल है यह दोनों ग्राम नौवा थाना कोचस जिला रोहतास के बताए गए। घटना के बारे में बताया जाता है कि बाइक सवार युवक निजी कार्य से कोचस जा रहे थे तभी कोचस दिनारा रोड स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग 319 पर अज्ञात वाहन की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गए, वही स्थानीय लोगों की पहल से दोनों घायलो को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां मौके पर उपस्थित चिकित्सक डॉक्टर तुषार कुमार ने उपचार उपरांत शरीर में गंभीर चोट आने की वजह से बेहतर इलाज के लिए सासाराम सदर अस्पताल रेफर कर दिया है।

### प्रेमी को लड़की के घर वाले ने पीटा, हुआ जख्मी

**कोचस (रोहतास)।** कोचस के वार्ड नंबर 13 मे एक अजीबो गरीब मामला सामने आया है जहां प्रेम प्रसंग मामले में एक शादीशुदा युवक को लोगों ने मारपीट गंभीर रूप से घायल कर दिया है।घायल युवक कोचस वार्ड 13 निवासी रवींद्र सिंह यादव का पुत्र राकेश यादव बताया जाता है। घटना के बारे में बताया जाता है कि घायल युवक राकेश यादव और पड़ोस के एक युक्ति के साथ बहुत दिनों से प्रेम प्रसंग चल रहा था इसी बीच दोनों के बीच उत्पन्न हुई विवाद के कारण युवती युवक से पीछा छोड़ना चाह रही थी, लेकिन युवती द्वारा बार-बार मना करने के बावजूद भी युवक उसका पीछा करता रहता था,तभी युवक के हरकतों से तंग आकर युवती ने इसकी जानकारी अपने परिजनों को दी जहां परिजनों ने युवक को घेर मारपीट घायल कर बुरी तरह लहू लुहान कर दिया। वहीं परिजनों ने घायल युवक को उपचार के लिए स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए जहां मौके पर उपस्थित चिकित्सकों ने उपचार उपरांत सर में गंभीर चोट आने की बात कह बेहतर इलाज के लिए सासाराम सदर अस्पताल रेफर कर दिया है।

### भरी बाजार से बाइक चोरी कर सातीर चोर बाइक चोरी कर हुआ फरार



**काराकाट/ रोहतास ।** रोहतास जिले के काराकाट थाना क्षेत्र के मुख्य बाजार गोडारी में शनिवार शाम को बाइक चोरी की सनसनीखेज वारदात हो गई। महज 2-3 मिनट में शातिर चोर ने नई स्प्लेंडर प्लस बाइक पार कर दी, जो आसपास के सीसीटीवी में कैद हो गई।

जमुआ गांव निवासी राकेश कुमार (पिताः सुनील सिंह, मूल निवासीः डिहारा कोआथ) अपने माता-पिता के साथ नानीहाल आए हुए हैं। शनिवार देर शाम वे जोहर प्रसाद की कपड़ा दुकान पर खरीदारी के लिए पहुंचे। इस दौरान राकेश ने अपनी काली रंग की नई स्प्लेंडर प्लस बाइक रजिस्ट्रेशन नंबर बीआर 24 एएम 3163 स्टेट बैंक के सामने कदम के पेड़ के पास खड़ी कर दी। इसी बीच सफेद-लाल मिक्स शर्ट पहने एक लड़का मौके पर पहुंचा, बाइक स्टार्ट कर फरार हो गया। पीड़ित राकेश ने तत्काल काराकाट थाने में शिकायत दर्ज कराई। प्रभारी थानाध्यक्ष मिथलेश कुमार ने बताया की आवेदन मिला है, मामला दर्ज कर लिया गया। सीसीटीवी फुटेज की छानबीन चल रही है। जल्द ही चोर को पकड़ लेंगे। स्थानीय व्यापारियों में सनसनी फैल गई है। बाजार में पार्किंग और सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है।

### मजदुर अधिकारों के संघर्ष में शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि



**राजपुर।** मजदूर दिवस के अवसर पर विगत शुक्रवार को स्थानिय बजार के नोखा रोड स्थित बुद्धा टाउन हॉल में भाकपा माले एवं ऑल इंडिया फेडरेशन ऑफ ट्रेड यूनियन के बैनर तले श्रद्धजंली सभा आयोजित हुआ.इस दौरान 1886 ई में अमेरिका के शिकांगो शहर में मजदूर अधिकारों के लिए संघर्ष में शहीद हुए लोगों को माले के जिला सचिव कामरेड अशोक बैठा के नेतृत्व में श्रद्धाजंली दी गई. सभा को सम्बोधित करते हुए जिला सचिव ने कहा कि मजदूरों के त्याग,बलिदान एवं बहुत बडे कुर्बानी के बाद मजदुरों के लिए आठ घंटे काम का अधिकार दुनिया को प्राप्त हुआ है. मौजूदा केंद्र एवं राज्य की सरकारें मजदूर विरोधी है. मौके पर राजेश कुमार गुप्ता अनिल कुमार गुप्ता हीरामन राम सकल राम संजय यादव भगवान राम बबन राम नसीम अहमद मुनेश्वर गुप्ता राहुल सम्राट इकराम सिंह गौरीशंकर राम उमाशंकर राम श्री मुनेश्वर जी श्याम बिहारी राम श्रीनिवास राम हवलदार राम रवि शंकर राम जवाहरलाल राम विनोद राम रविकांत निराला सिपाही राम सुखराम अशोक राम बहादुर राम रामप्रवेश राम अजय बैठा माजदा खातून समेत कई अन्य मौजूद रहे.

### सारण के अशोक कुमार ने सैंड आर्ट से दी बरगी डैम हादसे के मृतकों को श्रद्धांजलि

**सारण।** मध्य प्रदेश के जबलपुर स्थित बरगी डैम में हुए दर्दनाक क्रूज हादसे ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। इस हादसे की सबसे हृदयविदारक तस्वीर जिसमें एक मां ने अपने 4 साल के मासूम बेटे को बचाने के लिए उसे आखिरी सांस तक सीने से लगाए रखा छपरा के सुदर्शन पटनायक कहे जाने वाले मशहूर सैंड आर्टिस्ट वाले अशोक कुमार ने इस मार्मिक दृश्य को रेत पर उकेर कर मृतकों को अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की है। शहर के साधनापुरी मोहल्ले स्थित कला पंक्ति सेंटर पर बनी सबसे बड़ी योद्धा माँ शीर्षक वाली इस सैंड आर्ट में दिखाया गया है कि कैसे काल के गाल में समाते वक्त भी मां का प्रेम मौत से नहीं हारा। अशोक कुमार ने बताया कि शव मिलने के दौरान मां-बेटे की जो स्थिति थी, उसे कलाकृति का रूप देते समय उनकी उंगलियां कांप रही थीं। उन्होंने कहा एक कलाकार के रूप में मैं अपनी कला के माध्यम से ही उन आत्माओं को नमन कर सकता हूं यह दृश्य ममता की पराकाष्ठा है।

# 3 मई 2026 को आयोजित होने वाली नीट-यूजी 2026 परीक्षा के शांतिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त संचालन को लेकर दिशा-निर्देश

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

रोहतास जिले में 03 मई 2026 को आयोजित होने वाली नीट-यूजी 2026 परीक्षा के शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं कदाचारमुक्त संचालन को लेकर समाहरणालय रोहतास स्थित डीआरडीए सभागार में आज जिला पदाधिकारी श्रीमती उदिता सिंह की अध्यक्षता में दंडाधिकारी एवं केंद्र अधीक्षकों की ब्रीफिंग आयोजित कर सभी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में जिला पदाधिकारी द्वारा स्पष्ट निर्देश दिया गया कि परीक्षा की शुचिता एवं गोपनीयता सर्वोपरि है तथा इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही या कदाचार को किसी भी परिस्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी प्रतिनियुक्त अधिकारियों को अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन पूर्ण सतर्कता, पारदर्शिता एवं जिम्मेदारी के साथ करने का निर्देश दिया गया।

जानकारी दी गई कि नीट (यूजी)-2026 परीक्षा एक ही पाली में अपराह्न 2:00 बजे से संध्या 5:00 बजे तक आयोजित होगी, जिसकी कुल अवधि तीन घंटे निर्धारित है। परीक्षा के संचालन हेतु रोहतास जिला अंतर्गत कुल 07 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। जिसमें शेरशाह कॉलेज, एसपी जैन कॉलेज, शेरशाह सूरी इंटर स्कूल, शेरशाह इंजीनियरिंग कॉलेज, श्री शंकर उच्च माध्यमिक विद्यालय, रोहतास महिला कॉलेज एवं श्री शंकर कॉलेज शामिल हैं। जहां सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर ली गई हैं। परीक्षा में कुल 3523 परीक्षार्थी शामिल होंगे।

जिला प्रशासन द्वारा सभी परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त संख्या में दंडाधिकारी, पुलिस बल तथा उड़नदस्ता दल की तैनाती की गई है। साथ ही परीक्षा अवधि के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने हेतु व्यापक निगरानी एवं सतत पर्यवेक्षण की व्यवस्था



की गई है, ताकि परीक्षा पूर्णतः शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं पारदर्शी वातावरण में संपन्न हो सके। महिला अभ्यर्थियों की जांच हेतु महिला कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। परीक्षार्थी को परीक्षा केंद्र के अंदर मोबाइल फोन, घड़ी, अंगूठी, चेन,कान की बाली, बेल्ट, इरेज़र,शार्पनर एवं अन्य किसी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस/ गजट ले जाने की अनुमति नहीं होगी। सभी परीक्षा केंद्रों पर 200 गज की परिधि में दंड प्रक्रिया संहिता की धारा-163 के तहत संपूर्ण परीक्षा अवधि तक निषेधाज्ञा लागू रहेगी। परीक्षा केंद्र पर मीडिया के प्रवेश को वर्जित किया गया है। परीक्षा केंद्र पर परीक्षार्थियों का प्रवेश 11:00 बजे पूर्वाह्न से 01:30 बजे अपराह्न तक कराया जाएगा। 01:30 बजे अपराह्न के बाद किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा केंद्र के अंदर प्रवेश नहीं दिया जाएगा। जिलाधिकारी के द्वारा परीक्षार्थियों का दो लेयर में फ्रीस्किंग का निर्देश दिया गया।पहला मुख्य द्वार से अंदर प्रवेश के समय एवं दूसरा राष्ट्रीय पात्रता एजेंसी के प्राधिकृत पदाधिकारी के स्तर से परीक्षा केंद्र के अंदर फ्रीस्किंग कराई जाएगी। फ्रीस्किंग के बाद सभी परीक्षार्थियों का बायोमेट्रिक लिया जाएगा इसके बाद ही उन्हें परीक्षा कक्ष में प्रवेश की अनुमति रहेगी। परीक्षार्थी प्रवेश पत्र के साथ अपना दो फोटोग्राफ भी साथ लेकर आएंगे।

परीक्षा को स्वच्छ एवं निष्पक्ष वातावरण में संचालन को लेकर आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए जिला नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है जो दूरभाष संख्या 06184226072 / 06184226093 पर परीक्षा के दिन कार्यरत रहेगा। जिसके वरीय प्रभार में उप विकास आयुक्त रहेंगे। इस संयुक्त ब्रीफिंग में पुलिस अधीक्षक, अनुमंडल पदाधिकारी सासाराम, जिला शिक्षा पदाधिकारी, संबंधित वरीय पदाधिकारी सहित प्रतिनियुक्त पदाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं सभी केंद्र अधीक्षक उपस्थित थे।

## एकतरफा प्यार ने बनाया सनकी, युवक ने गांव में मचाई अफरा-तफरी

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**डेहरी (रोहतास)।** जिले के डालमियानगर थाना क्षेत्र अंतर्गत मकराईन गांव से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां एक युवक एकतरफा प्रेम में सैकड़ों किलोमीटर दूर इंदौर से बिहार पहुंच गया और युवती को लगातार परेशान करने लगा। जानकारी के अनुसार आरोपी की पहचान 28 वर्षीय प्रशांत कुमार जैन के रूप में हुई है, जो मध्य प्रदेश के विदिशा जिले का निवासी है। बताया जाता है कि वह इंदौर की एक बिस्कुट फैक्ट्री में काम करता था, जहां उसकी मुलाकात संबंधित युवती से हुई थी। वहीं से युवक का एकतरफा प्रेम शुरू हुआ। पीड़िता और उसके परिजनों ने पहले ही इंदौर के वनगंगा थाना में आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी, जिसके बाद वह जेल भी जा चुका था। इसके बावजूद आरोपी ने युवती का पीछा नहीं छोड़ा। परिजनों के अनुसार स्थिति से तंग आकर युवती और उसका परिवार दिसंबर माह में इंदौर छोड़कर अपने पैतृक गांव मकराईन आ गया। लेकिन इसके बाद भी आरोपी जनवरी से अब तक चार बार गांव पहुंच चुका है और हर बार युवती को परेशान करने की कोशिश करता रहा। हालांकि ग्रामीणों के विरोध के कारण वह अपने मंसूबों में सफल नहीं हो सका। बताया जाता है कि हाल ही में आरोपी एक बार फिर गांव पहुंचा और हंगामा करने लगा। इस दौरान उसने अपने पास मौजूद ज्वलनशील पदार्थ का सेवन कर लिया और युवती के घर के पास स्थित बिजली के पोल पर चढ़कर आत्महत्या करने की कोशिश करने लगा। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों ने पुलिस को खबर दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए युवक को नीचे उतारा। इस दौरान युवक बेहोश हो गया, जिसे तत्काल सासाराम सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। इलाज के बाद डॉक्टरों ने उसे खतरे से बाहर बताया। पुलिस द्वारा की गई तलाशी में आरोपी के पास से महिला के कपड़े, कई ब्लेड, एक चाकू, डीजल से भरा डिब्बा तथा प्रेम पत्र बरामद किया गया है। पीड़िता के परिजनों की लिखित शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। आरोपी की गिरफ्तारी के बाद गांव में स्थिति सामान्य हो गई है और पीड़ित परिवार ने राहत की सांस ली है। यह घटना एकतरफा प्रेम के खतरनाक रूप को उजागर करती है, जहां समय रहते पुलिस की कार्रवाई से एक बड़ी अनहोनी टल गई।

## पश्चिम बंगाल और आसाम में 04 मई को कमल खिलेगा- जे पी पांडेय

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**काराकाट/रोहतास।** भाजपा शिक्षा प्रकोष्ठ के प्रदेश पदाधिकारी सह बिहार राज्य आंगनवाड़ी कर्मचारी संघ के मीडिया प्रभारी जय प्रकाश पांडेय ने पश्चिम बंगाल और आसाम राज्यों पर चर्चा के दौरान कहा कि 04 मई को कमल जरूर खिलेगा,पश्चिम बंगाल की जनता ममता सरकार के कट मनी और भ्रष्टाचार से जनता तंग आ चुकी है,जिसके कारण इस बार 04 मई को गिनती में भाजपा की सरकार बनना तय दिखाई दे रहा है,जो इस बार बंगालियों के संघर्ष का परिणाम होगा,राज्य की जनता ममता सरकार से तंग आ चुकी है,ममता सरकार द्वारा चुनाव आयोग पर अनर्गल प्रलाप किया जा रहा है और ममता सरकार सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटा रही है कि कैसे चुनाव आयोग केंद्रीय कर्मचारियों को देखरेख में वोटो की गिनती और चुनाव करा रही है,वास्तव में ममता सरकार के धूर्त इरादे को भारत सरकार अच्छी तरह समझ चुकी है,इसी कारण खासकर पश्चिम बंगाल में सीआरपीएफ और केंद्रीय कर्मचारियों को सभी स्ट्रांग रूम में तैनात की गई है ताकि ममता सरकार के गलत इरादों का पर्दाफाश हो सके,इसी कारण ममता बनर्जी अपनी चलती नहीं देख घबराने लगी है,उन्हें पता है कि इस बार पश्चिम बंगाल में नकलची और भोकस वोट और मिलावट वोट नहीं चलेगा ,इस बार का ममता का जाना तय है,इसी कारण उनकी उल्टी गिनती शुरू हो गई है और 04 मई के रिजल्ट में ममता के टीएमसी का सुपड़ा साफ होनेवाला हैं,भाजपा और एनडीए उम्मीदवारों के शक्तिशाली तैयारी से आसाम में भी भाजपा की पुनः सरकार बननी तय है,क्योंकि विरोधी दलों की सरकार भारत की जनता देख चुकी है और उनके भ्रष्टाचार के कारनामों से जनता परिचित है और खास बात यह है कि मोदी सरकार ने गरीबों के लिए मुफ्त राशन,मुफ्त में घर 05 लाख तक का आयुष्मान कार्ड योजना,मुफ्त में गैस चूल्हा,महिलाओं के अपने पैर पर खड़े होने के लिए एक मुश्त मुफ्त में राशि,बेरोजगारी भत्ता,बच्चों के लिए डीबीटी द्वारा सीधे लाभार्थी के खाते में राशि देना,वृद्धा और विधवा पेंशन की राशि सीधे खातों में भेजना,किसानों को किसान सम्मान निधि,किसान कृषि बीमा योजना,मछली पालन योजना सहित लगभग 100 से ऊपर की योजनाएं आम जनता को मुहैया कराई जा रही है,जिसके कारण भाजपा के प्रति आम जनता में विश्वास बढ़ गई है।

## मौना में मां काली प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ की तैयारी शुरू, ध्वजारोहण के साथ हुआ आगाज

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**नासरीगंज (रोहतास)** प्रखंड क्षेत्र के मौना गांव स्थित मां काली मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ को लेकर ध्वजारोहण के साथ शुक्रवार को विधिवत आगाज हो गया। बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर 01 मई 2026 को मां काली मंदिर परिसर में सोनू बाबा के सानिध्य में ध्वजारोहण कार्यक्रम संपन्न हुआ। ध्वजारोहण के मौके पर मौना गांव एवं अगल-बगल गांव के महिला, पुरुष व बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। ढोल-बाजे और जयकारों के साथ पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। श्रद्धालुओं ने मां काली के जयकारे लगाए और महायज्ञ की सफलता के लिए प्रार्थना की।

15 जून से शुरू होगा महायज्ञ, उसी दिन निकलेगी कलश यात्रा आयोजन समिति के अनुसार, श्री श्री मां काली प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ का शुभारंभ 15 जून 2026 से होगा। महायज्ञ सोनू बाबा के सानिध्य में कराया जाएगा।



महायज्ञ के प्रारंभ के दिन ही भव्य कलश यात्रा भी निकाली जाएगी, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे।

ध्वजारोहण कार्यक्रम में मौना गांव के गणमान्य लोग मौजूद रहे। इनमें प्रमुख रूप से विनोद साह, हीरालाल साह, अमित यादव, संजय गुप्ता, शिवशंकर चौधरी, कृष्णा राम, नंदा गुप्ता, संजय यादव, मनोज साह, श्याम बिहारी पासवान, बिरेंद्र पासवान, मुन्ना साह समेत सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे। ग्रामीणों में महायज्ञ को लेकर खासा उत्साह देखा जा रहा है। समिति के सदस्यों ने बताया कि महायज्ञ को सफल बनाने के लिए गांव-जवार में तैयारियां जोरों पर हैं।

### शिवसागर थाना के बेरूकही गांव में दो पक्षों में आपसी विवाद को लेकर जमकर मारपीट, चार घायल सभी घायलों का इलाज सदर अस्पताल सासाराम में जारी



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**शिवसागर /रोहतास।** रोहतास जिले के शिवसागर थाना क्षेत्र अंतर्गत बेरुकहीं गाँव में आपसी विवाद को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट। एक पक्ष के चार लोग हुए घायल। घायलों को सदर अस्पताल के ट्रामा सेंटर में कराया गया भर्ती। एक की हालत गंभीर। घटना के संदर्भ में घायलों के परिजनों ने बताया कि गाँव के कमलेश सिंह तथा उनके भाई रामस्नेह ने अपने बेटे विवेक कुमार,रंजन कुमार तथा शत्रुघ्न कुमार के साथ मनोज कुमार तथा दीपक कुमार के परिजनों को धारदार हथियार से हमला कर घायल कर दिया,जिसमें राजेश कुमार को गंभीर चोट आयी है,जबकि पवन कुमार सहित तीन अन्य घायल हैं,जो खतरे से बाहर हैं। पीड़ित परिवार ने विपक्षियों पर प्राथमिकी दर्ज कराने की बात कही है,लेकिन ख़बर लिखे जाने तक प्राथमिकी दर्ज नहीं हुई है।

## जयकारो से गूंजा मां काली का दरबार, भक्तों की उमड़ी भीड़

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**कोचस (रोहतास)।** प्रखंड क्षेत्र के कथराई पंचायत अंतर्गत सोहसा गांव में वार्षिक काली पूजा में शुक्रवार पूर्णिमा के दिन लोगों की भीड़ उमड़ गयी । इस दौरान जय माता दी जय मां काली के जयकारों से वातावरण भक्तिमय माहौल हो गया। प्रत्येक घर के सदस्य सुबह से हीं पूजा की थाली व बाल्टी में जल लेकर गांव से पूर्व बनी पीठफोरवा रोड स्थित काली मंदिर में जलाभिषेक करने पहुंचे।दोपहर में गांव के सभी बच्चे बुजुर्ग एवं महिलाये पूजा करने के लिए काली मंदिर पहुंच गये । महिलाये घंटो पारम्परिक गीत निमिया की डाढ़ मईया लावेली झुलुहवा हो की झूली रे झूली न मईया मोरी गवेली गीतिया आदि गाकर माहौल भक्तिमय बना दिया।काली पूजा करा रहे आचार्य गुड्डू मिश्रा व मदन ने बताया की बैशाख माह के शुक्लपक्ष के प्रतिपदा के दिन गांव के तरफ से मंदिर में दुर्गा शप्तशती की पाठ शुरू किया गया था जो आज पूर्णिमाकों हवन पूजन व प्रसाद वितरण के साथ पूर्णाहुति की गयी। प्रतिपदा से हीं पूरे गांव के रसोईघर में लहसुन प्याज़ तक वर्जित



हो जाती है और शुद्धता व पवित्रता के साथ लोग रहते हैं।श्रद्धालु ग्रामीणों का माने तो वार्षिक पूजा से गांव में सुख समृद्धि व शांति बनी रहती है। कोई रोग ब्याद्धा नहीं होता है। विनय मिश्रा, अशोक मिश्रा, राजेश सिंह, अभिषेक सिंह, प्रभाशंकर मिश्रा, वीणा देवी, गंगराती देवी, मीरा देवी अनुज मिश्रा, सलभ मिश्रा, प्रमोद समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## जरूरतमंद बेटियों के लिए आगे आया समाज, 9 मई को इज्तिमाई निकाह

♦ **इस नेक पहल के तहत 6 जरूरतमंद बेटियों का निकाह कराया जाएगा। कहा कि यह आयोजन आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए बड़ी राहत साबित होगा और समाज में सहयोग व संवेदनशीलता का संदेश देगा**



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**तिलौथू (रोहतास)।** सामाजिक एकता, सहयोग और मानवता की मिसाल पेश करते हुए इज्तिमाई निकाह कमेटी, तिलौथू सरैया के तत्वावधान में आगामी 9 मई को भव्य निःशुल्क इज्तिमाई निकाह समारोह का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम तिलौथू सरैया स्थित भोज मियां मैदान (डॉ. कादरी लॉज के सामने) में संपन्न होगा। कमेटी के अध्यक्ष इलियास अंसारी, संस्थापक अमानत हुसैन, सचिव नितिश कुमार एवं संचालक जॉन अहमद ने संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए बताया कि इस नेक पहल के तहत 6 जरूरतमंद बेटियों का निकाह कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह आयोजन आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए बड़ी राहत साबित होगा और समाज में सहयोग व संवेदनशीलता का संदेश देगा। इस आयोजन को सफल बनाने में स्वामी कृष्णमोहन दास जी, बशीर अहमद, आमिर इकबाल, गोल्डन, वकील अंसारी, बबलू खान, रिजवान, संतोष शुक्ला, हरि मोहन, डॉ. अबुल हसन, डॉ. ए.के. अंसारी, जावेद, संतराज (धीरज), सुखदेव कुमार वर्मा, डॉ. आकाश पासवान, सुदर्शन सिंह, डॉ. लक्ष्मण देवा, अजीज अख्तर, दानिश, अजय कुमार, मुकेश कुमार और वसीम अंसारी सहित कई सामाजिक कार्यकर्ताओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। आयोजकों ने बताया कि यह कार्यक्रम सामाजिक सौहार्द और भाईचारे का प्रतीक बनेगा, जिसमें हिंदू और मुस्लिम दोनों समुदायों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिलेगी। कमेटी ने क्षेत्र के गणमान्य लोगों व आम नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर इस पहल को सफल बनाने की अपील की है।

## संक्षिप्त समाचार

### मारवाड़ी युवा मंच का श्रमिकों के बीच तौलिया का वितरण

**अररिया**। अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर शुक्रवार को फारबिसगंज के बाद शनिवार को मारवाड़ी युवा मंच की फारबिसगंज शाखा के कि ओर से बथनाहा रेलवे स्टेशन स्थित रेक पॉइंट पर श्रमिक भाइयों के बीच तौलियों का वितरण किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य मेहनतकश मजदूरों के प्रति सम्मान प्रकट करना और उनके महत्वपूर्ण योगदान को सराहना था। कार्यक्रम के दौरान मंच के सदस्यों ने रेक पॉइंट पर कार्यरत श्रमिकों को तौलिया वितरित कर उन्हें श्रमिक दिवस की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर चार सौ से अधिक तौलियों का वितरण किया गया, जिससे बड़ी संख्या में श्रमिकों को लाभ मिला। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष दिलीप गौतम और सचिव सौरव अग्रवाल ने कहा कि समाज के विकास में श्रमिकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है और उनके सम्मान के लिए ऐसे प्रयास निरंतर किए जाने चाहिए। मौके पर संस्था के अध्यक्ष दिलीप गौतम, सचिव सौरव अग्रवाल के अलावे कोषाध्यक्ष नितेश अग्रवाल,निवर्तमान अध्यक्ष गोरव जैन,निशांत ग़ोयल,ई.आयुष अग्रवाल,आदर्श ग़ोयल,अमन बैद,विवेक खेमानी, नीरज जैन,अमन अग्रवाल, शुभम फिटकरी वाला, राहुल अग्रवाल, रोहन धनावत, गणेश गौतम, राकेश शर्मा,अभिषेक गौतम आदि सड़क मौजूद थे।

### सिमराहा इंजीनियरिंग कॉलेज में छात्रा की तबीयत बिगड़ी, वाहन नहीं मिलने पर छात्रों का हंगामा

**अररिया**। जिले के सिमराहा स्थित फणीश्वरनाथ रेणु अभियंत्रण महाविद्यालय में शनिवार को एक छात्रा की अचानक तबीयत बिगड़ने के बाद समय पर कॉलेज वाहन उपलब्ध नहीं होने से छात्रों में भारी नाराजगी देखने को मिली। छात्रों ने कॉलेज प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए आपात स्थिति में भी उचित सुविधा नहीं देने की बात कही। कॉलेज के सीएसई विभाग की छात्रा सिंपी कुमारी की अचानक तबीयत खराब हो गई। इसके बाद छात्र-छात्राओं ने कॉलेज प्रशासन से तत्काल वाहन उपलब्ध कराने की मांग की, ताकि छात्रा को नजदीकी अस्पताल पहुंचाया जा सके। आरोप है कि कॉलेज परिसर में वाहन मौजूद रहने के बावजूद प्रशासन ने कॉलेज वाहन उपलब्ध नहीं कराया और छात्रा को अस्पताल भेजने के लिए ऑटो बुलाया गया। छात्रों का कहना है कि ऑटो का किराया भी उनसे ही देने को कहा गया। छात्र समरजीत कुमार ने बताया कि कॉलेज द्वारा हर वर्ष छात्रों से मेंटिनेंस फीस ली जाती है, इसके बावजूद आपात स्थिति में भी बुनियादी सुविधा उपलब्ध नहीं कराई जाती। छात्रों ने आरोप लगाया कि कॉलेज का वाहन निजी उपयोग में रखा जाता है, जबकि जरूरत पड़ने पर छात्रों को इसका लाभ नहीं मिलता। मामले को लेकर छात्र-छात्राओं ने विरोध जताया। बाद में मीडियाकर्मियों की मदद से छात्रा को फारबिसगंज के एक निजी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसका इलाज कराया गया। घटना के बाद छात्रों में कॉलेज प्रशासन के प्रति आक्रोश बना हुआ है। छात्रों ने मांग की है कि कॉलेज में इमरजेंसी मेडिकल सुविधा, एंबुलेंस एवं वाहन की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि भविष्य में किसी छात्र-छात्रा को ऐसी परेशानी का सामना न करना पड़े। कॉलेज के प्रभारी प्रिंसिपल अर्जुन ने बताया कि छात्रा के लिए टेंपो की व्यवस्था कराई गई थी, लेकिन बाद में छात्रा ने उसे वापस कर दिया। जब उनसे बिहार सरकार द्वारा कॉलेज को उपलब्ध कराए गए वाहन के संबंध में सवाल पूछा गया तो उन्होंने बाहर होने की बात कहते हुए बाद में जानकारी देने की बात कही। उल्लेखनीय हो कि बिहार सरकार द्वारा कॉलेज को दिया गया वाहन कॉलेज परिसर में ही था।बावजूद इसके बीमार छात्रा को कॉलेज प्रबंधन की ओर से वाहन उपलब्ध नहीं कराया गया।जिसके कारण छात्र छात्राओं में कॉलेज प्रबंधन के खिलाफ आक्रोश है।

### पश्चिम बंगाल के चार स्मैक सप्लायर गिरफ्तार,1.035 किलो स्मैक, कार और अन्य समान बरामद

**अररिया**। सीमांचल में स्मैक के फैले नेटवर्क को तोड़ने के लिए अररिया जिला पुलिस लगातार अभियान चला रही है।बड़े पैमाने पर जिले के विभिन्न थाना क्षेत्र से स्मैक के साथ स्थानीय कारोबारी पकड़े गए लेकिन पहली बार अररिया जिला पुलिस ने लोकल में स्मैक के कारोबार करने के लिए सप्लाय करने वाले चार सप्लायरों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार चारों सप्लायर पश्चिम बंगाल के मालदा जिले के रहने वाले हैं।नगर थाना पुलिस ने गुप्त सूचना पर एनएच 27 न्यू मरंगा ढाबा के समीप पक्की सड़क पर कार्रवाई करते हुए चारों को गिरफ्तार किया। पश्चिम बंगाल के मालदा से चारों स्मैक को लेकर डिलीवरी करने के लिए आया था।जानकारी शनिवार को एसपी जितेन्द्र कुमार ने दी। एसपी ने बताया कि नगर थाना पुलिस को गुप्त सूचना मिली,जिसके बाद एक छापेमारी दल का गठन किया गया।सूचना पर छापेमारी दल एनएच 27 न्यू मरंगा ढाबा पक्की सड़क पर सूचना के अनुसार चार युवकों को देख,जिसके बाद पुलिस ने हुंडई कार निबंधन संख्या डब्लूबी 02 एक्यू 3598 की तलाशी ली।तलाशी के क्रम में कार के डैशबोर्ड में रखे टूल बॉक्स से एक किलो 35 ग्राम स्मैक की बरामदगी की गई।इससे पहले 26 अप्रैल को जीरो माइल के पास से पुलिस ने हैदर की गिरफ्तारी की थी।हैदर अपनी बहन लीलो को स्मैक पहुंचाने के लिए आया था,जिसे पुलिस ने दबोचा था। एसपी ने जानकारी देते हुए बताया कि गिरफ्तार सप्लायर में पश्चिम बंगाल के मालदा जिला के आलिया चौक थाना क्षेत्र के सुजापुर निवासी 21 वर्षीय मो. उमेर अली पिता शरीफ अली,दूसरा मालदा जिला के कलियाचक थाना क्षेत्र फतेखानी के रहने वाले 19 वर्षीय मो.रोहित शेख पिता हाजीकुल अंसारी,तीसरा कलियाचक थाना क्षेत्र के ही बलुआ चारा गांव के 27 वर्षीय सबीरुल शेख पिता गेनाइल शेख और चौथा 19 वर्षीय सदीकुल पिता दुलाल है।मामले में पुलिस ने नगर थाना में कांड संख्या 230/26 दिनांक 01 मई 2026 बीएनएस की धारा 111(4) एवं 8(सी),21(सी),25 और 29 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है और चारों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।पुलिस ने स्मैक,कार के साथ चार मोबाइल, उमेर अली का ड्राइविंग लाइसेंस,दो वोटर आईकार्ड और अन्य समान बरामद किए।

### गंगा घाटों पर श्रद्धालुओं की भीड़

**भागलपुर**। भागलपुर में बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर गंगा घाटों पर आज आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा। बरारी गंगा घाट, सीढ़ी घाट, मूसारी घाट और बुढ़ानाथ घाट समेत जिले के अलग-अलग प्रमुख घाटों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली। श्रद्धालु गंगा स्नान, पूजा-अर्चना और दान-पुण्य के लिए घाटों पर पहुंचने लगे। गंगा तट पर हर-हर गंगे और धार्मिक मंत्रोच्चार से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान कर भगवान बुद्ध को नमन किया और परिवार की सुख-समृद्धि और शांति की कामना की।

**बुद्ध पूर्णिमा को लेकर घाटों पर विशेष चहल-पहलः** बुद्ध पूर्णिमा को लेकर घाटों पर विशेष चहल-पहल रही। महिलाओं, बुजुर्गों और युवाओं के साथ-साथ बच्चों में भी उत्साह देखने को मिला। कई श्रद्धालु दूर-दराज के क्षेत्रों से भी गंगा स्नान के लिए भागलपुर पहुंचे। स्नान के बाद लोगों ने घाटों पर दीपदान किया और जरूरतमंदों के बीच दान-पुण्य भी किया। भक्तों ने कहा कि धार्मिक मान्यता है कि बुद्ध पूर्णिमा के दिन गंगा स्नान करने से विशेष पुण्य की प्राप्ति होती है और जीवन में सुख, शांति और समृद्धि आती है। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए जिला प्रशासन ने सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए हैं। किसी भी संभावित दुर्घटना से निपटने के लिए एसडीआरएफ, आपदा मित्र और स्थानीय स्वयंसेवकों की तैनाती की गई है। एसडीआरएफ इंस्पेक्टर नीलू कुमार के नेतृत्व में पूरी टीम विभिन्न घाटों पर मुस्तैद है। प्रशासन की ओर से घाटों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। बरारी पुल घाट पर सनोज पासवान और मोहम्मद आबिद को तैनात किया गया है।

**गंगा स्नान के दौरान सावधानी बरतने की अपील कीः** सीढ़ी घाट पर अमित कुमार और मुनीलाल साह सुरक्षा व्यवस्था की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। मूसारी घाट पर तुलसी यादव और सुशील यादव को लगाया गया है, जबकि बुढ़ानाथ घाट पर मोहम्मद मुस्तकीम और मोहम्मद अल्ताफ श्रद्धालुओं की सुरक्षा में जुटे हैं। इसके अलावा अन्य घाटों पर भी आपदा प्रबंधन दल और स्थानीय कर्मियों की तैनाती की गई है।

# एक साथ नहीं होगी स्कूल में पढ़ाई-जनगणना का काम

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**बेगूसराय**। बेगूसराय में प्रशासन की पूरी तैयारी के बाद भी आज से जनगणना का काम शुरू नहीं हो सका। जिला शिक्षा पदाधिकारी की ओर से 3 घंटा स्कूल में शिक्षण काम करने के बाद जनगणना करने का आदेश जारी किए जाने को लेकर शिक्षकों ने विरोध कर दिया है। जिसके कारण आज 2 मई से निर्धारित जनगणना शुरू नहीं हो सकी। शिक्षकों का कहना है कि जनगणना के लिए प्रशिक्षण के दौरान हम लोगों को कहा गया था कि ई- शिक्षकोष पर मार्क ऑन ड्यूटी अटेंडेंस बनाना है और जनगणना का काम करना है। लेकिन अचानक जिला शिक्षा पदाधिकारी की ओर से आदेश निकाल दिया गया है कि सुबह में 6:30 से 9:30 बजे तक स्कूल में शिक्षण काम करना और सेल्फ अटेंडेंस बनाना है। 9:30 के बाद जनगणना का काम करना है। इससे काफी परेशानी होगी।

**डीईओ ने साकारात्मक आश्वासन दियाः** इन्हीं मुद्दों को लेकर 100 से भी अधिक शिक्षक आज कलेक्ट्रेट पहुंचे। जहां से जिला शिक्षा पदाधिकारी (डीईओ) कार्यालय भेज दिया गया तो सभी शिक्षक डीईओ कार्यालय पहुंचे और डीईओ के सामने अपनी समस्याएं रखी है। डीईओ मनोज कुमार ने साकारात्मक आश्वासन दिया है। शिक्षकों का कहना है कि हम लोगों को जनगणना के लिए प्रतिनियुक्त किया गया है। कल डीईओ साहब का आदेश आया है कि 3 घंटा स्कूल में रहना है फिर जनगणना करना है। गर्मी के मौसम में ऐसा आदेश देना सही नहीं है। हमारा जनगणना ब्लॉक किसी को 2 किलोमीटर दूर तो किसी को 20 किलोमीटर दूर मिला है। ऐसे में कैसे जनगणना होगा, महिला शिक्षकों को काफी परेशानी होगी, पुरुष भी परेशान होंगे। दोपहर में 12 बजे जनगणना करने जाएंगे तो घर में कौन मिलेंगे, जो पूरी जानकारी देंगे। इसी को लेकर आज हमने जिला शिक्षा पदाधिकारी से मिलकर लिखित आवेदन दिया है।

**दोनों काम एक साथ संभव नहींः** दोनों काम एक साथ संभव नहीं है, दोनों काम कैसे कर सकते हैं। कहा जा रहा है कि FLN के कारण ऐसा आदेश दिया गया है। FLN सिर्फ बिहार में चल रहा है, जबकि जनगणना राष्ट्रीय काम है। पहले आदेश था की मार्क ऑन ड्यूटी में जनगणना करना है। आदेश में सुधार किया जाएगा। शिक्षिका सोनी कुमारी ने बताया कि डीईओ से पॉजिटिव आश्वासन मिला है।

# इशारा कर बिस्किट देने पर बच्चा चोरी का आरोप



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**बांका**। बांका के रजौन थाना क्षेत्र के खैरा गांव में बच्चा चोरी की अफवाह फैलने से अचानक अफरा-तफरी मच गई। घटना उस समय हुई जब एक बुजुर्ग महिला ने गांव के कुछ बच्चों को बिस्किट देने के लिए इशारा किया। महिला की इस हरकत को देखकर कुछ लोगों को संदेह हुआ और उन्होंने बच्चा चोरी की आशंका जताते हुए शोर मचाना शुरू कर दिया। देखते ही देखते यह बात पूरे गांव में आग की तरह फैल गई और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जुट गए।

**ग्रामीणों ने महिला को पकड़कर किया पूछताछः** ग्रामीणों ने संदेह के आधार पर बुजुर्ग महिला को पकड़ लिया और उससे पूछताछ करने लगे। इस दौरान करीब एक घंटे तक गांव में गहमा-गहमी और तनावपूर्ण माहौल बना रहा। कुछ लोग आक्रोशित भी दिखे, जिससे स्थिति और बिगड़ने लगी। सूचना मिलते ही डायल 112 की पुलिस टीम मौके पर पहुंची और लोगों को समझा-बुझाकर स्थिति को नियंत्रित किया।

**मानसिक रूप से अस्वस्थ है महिलाः** पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए महिला को भीड़ से सुरक्षित बाहर निकाला और अपने कब्जे में लेकर थाने ले गई। वहां पूछताछ के दौरान यह स्पष्ट हुआ कि महिला मानसिक रूप से अस्वस्थ है और उसका बच्चा चोरी से कोई लेना-देना नहीं है।

# ट्रेन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**भागलपुर**। भागलपुर में ट्रेन की चपेट में आने एक व्यक्ति की मौत हो गई। साइकिल से बिजली विभाग के ऑफिस जा रहे थे, इस दौरान हादसे के शिकार हो गए। मृतक की पहचान प्रोफेसर कॉलोनी निवासी पवन शर्मा(50) के तौर पर हुई है। घटना नवगछिया की है। मृतक के बेटे राजा शर्मा ने बताया कि बिजली कनेक्शन बंद होने के बाद भी बिल आ रहा था। इस संबंध में पिताजी आवेदन देने के लिए गए थे। काम खत्म होने के बाद साइकिल से घर लौट रहे थे। मदन अहिल्या महिला कॉलेज के पास बंद रेलवे फाटक को क्रॉस करने दौरान तेज रफ्तार से आ रही ट्रेन की चपेट में आ गए। उन्हें संभलने तक का मौका नहीं मिला।

**बांडी और सिर कुचलाः** टक्कर इतनी जोरदार थी कि मौके पर ही जान चली गई। हादसे की भयावहता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि करीब 50 फीट तक घसीटते चले गए। दो हिस्सों में बांडी बंद गई। सिर भी बुरी तरह कुचला है। लोको पायलट ने इमरजेंसी ब्रेक लगाकर गाड़ी रोकी, तब तक काफी देर हो चुकी थी। मृतक की जेब से मिले आवेदन पत्र और मोबाइल नंबर के आधार पर पहचान की गई। इसके बाद परिजनों को सूचना दी गई। रेल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले की छानबीन की जा रही है।

# युवक की गोली मारकर हत्या

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



अरविंद कुमार मृतक



**बेगूसराय**। बेगूसराय में बेखौफ अपराधियों ने एक बार फिर खूनी खेल खेला है। गोली मारकर एक युवक की हत्या कर दी। सड़क किनारे गड्ढे में शव मिला है। मृतक की पहचान अरविंद कुमार (26) के रूप में हुई है। चेरिया बरियारपुर के कुंभी गांव का रहने वाला था। घटना खोदावंदपुर थाना क्षेत्र की है। मृतक की पत्नी ज्योति कुमारी ने बताया कि 4 साल पहले हमारी शादी हुई थी, दो बच्चे हैं। शुक्रवार रात में करीब 8:00 बजे गांव का ही बबलू घर से बुलाकर ले गया था। उसी ने मेरे पति की हत्या की है। उसका मोबाइल भी बंद है। हमें खून का बदला खून चाहिए।

**जांच के लिए FSL की टीम पहुंचीः** पिता पवन महतो ने बताया कि गांव के एक युवक को ससुराल(भोजा गांव) छोड़ने गया था। वहां से देर रात वापस अपने घर लौट रहा था, तभी रास्ते में हमलावरों ने उसे निशाना बनाया। शनिवार की सुबह स्थानीय लोग मसुराज पंचायत भवन के पास से गुजर रहे थे। सड़क किनारे गड्ढे में बाइक और शव पड़ा देखा। शव को देखते ही मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी। जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार अरविंद के सिर में गोली लगी थी, जिससे यह स्पष्ट होता है कि अपराधियों ने बड़ी ही बेरहमी से इस वारदात को अंजाम दिया है। जांच के लिए मौके पर FSL की टीम को बुलाया गया है।

**गांव का युवक बुलाकर ले गया थाः** एसपी मनीष ने बताया कि घटनास्थल पर ब्लू कलर की अपाचे बाइक पड़ी हुई थी। मृतक के गर्दन में बाएं तरफ छोटा सा छेद और कट लगा हुआ है। चेहरा पर भी चोट है। परिजनों के अनुसार हत्या कहीं और हुई है। यहां लाकर फेंका गया है। पूछताछ में पता चला है कि अरविंद अपने पड़ोस के ही रहने वाले चमरू महतो उर्फ चंदन महतो के बेटे बबलू कुमार की शादी के सालगिरह के अवसर पर उसके ससुराल गया था। उसके बाद सुबह में लाश मिली है। एफएसएल की टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच-पड़ताल किया। लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मंझौल डीएसपी नवीन कुमार के नेतृत्व में पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है। अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

**घर में मचा कोहरामः** अरविंद के मौत की खबर उसके गांव कुंभी पहुंची तो परिजनों में चीख-पुकार मच गया है। मृतक अपने पीछे एक ढाई साल का बेटा और महज आठ महीने की बेटी को छोड़ गया है। पत्नी और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव में मातम और आक्रोश का माहौल है। परिजनों ने अपराधियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की है।

# राइस मिल के ड्राइवर की मौत, घर लौटते समय तेज रफ्तार इनोवा ने रौंदा

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**बेगूसराय**। बेगूसराय में रफ्तार का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है। ताजा मामला रिफाइनरी थाना क्षेत्र का है। जहां शुक्रवार देर शाम सड़क हादसे में एक ड्राइवर की मौत हो गई। आक्रोशित ग्रामीणों ने मुआवजे की मांग को लेकर दो घंटा सड़क जाम रखा। मृतक की पहचान जैमरा गांव निवासी प्रमोद राय(50) के तौर पर हुई है। कृष्णा राइस मिल में काम करते थे।

**ग्रामीणों ने NH किया जामः** भतीजा कृष्णदेव राय ने बताया कि रोजाना कि तरह चाचा काम करने गए थे। काम खत्म होने के बाद घर लौट रहे थे। देवना के पास NH-31 फोरलेन पर रोड क्रॉस करने के दौरान इनोवा कार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि मौके पर ही मौत हो गई। परिवार के मुख्य कमाऊ सदस्य थे। चार बेटियां और दो बेटे हैं। इस हादसे ने पूरे परिवार को झकझोर कर रख दिया है। हादसे की खबर जैसे ही जैमरा गांव और आसपास के इलाकों में फैली, लोग आक्रोशित होकर सड़कों पर उतर आए। गुस्साए ग्रामीणों ने NH को जाम कर दिया। लोगों का कहना था कि इस मार्ग पर वाहनों की रफ्तार पर कोई नियंत्रण नहीं है, जिसके कारण आए दिन हादसे हो रहे हैं।

**2 घंटे बाद खुला जामः** सड़क जाम होने के कारण फोरलेन पर वाहनों की लंबी कतारें लग गई। जिससे राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। हंगामे की सूचना मिलते ही रिफाइनरी थाना पुलिस और बरौनी बीडीओ मौके पर पहुंचे। परिजनों को सरकारी प्रावधानों के तहत उचित मुआवजा दिलाने और आरोपी वाहन चालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया। करीब दो घंटे बाद जाम खुला। पुलिस ने कागजी प्रक्रिया के बाद लाश को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।

**सीसीटीवी खंगाल रही पुलिसः** लोगों ने इस ब्लैक स्पॉट पर स्पीड ब्रेकर या ट्रैफिक सिग्नल की व्यवस्था करने की मांग की है। फिलहाल पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी होने के बाद लाश परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस ने अज्ञात इनोवा कार के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर गाड़ी की पहचान करने की कोशिश की जा रही है।

# सिर कुचलकर राजमिस्त्री की हत्या

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता





**बेगूसराय**। बेगूसराय में बदमाशों ने एक युवक की सिर कुचलकर हत्या कर दी। रेलवे यार्ड में शव मिला है। शरीर के अन्य हिस्सों में भी चोट के निशान है। घटना एफसीआई थाना क्षेत्र के बीहट कोयला डिपो के पास गढ़हारा रेलवे यार्ड की है। मृतक की पहचान एफसीआई थाना क्षेत्र के बीहट गांव के रहने वाले राजू पासवान के बेटे छोटू कुमार (23) के रूप में की गई है। मृतक की पत्नी बुलबुल कुमारी ने बताया कि छोटू राजमिस्त्री का काम करता था। वह शुक्रवार की शाम से ही गायब था। डीएसपी इमरान अहमद ने बताया कि शव को देखने से प्रथम दृष्टिया ऐसा लगता है कि पत्थर से सिर टकराकर उसकी हत्या की गई है। घटना को लेकर मृतक के परिवार वालों के की ओर से जिस तरह का आवेदन दिया जाएगा, पुलिस कार्रवाई करेगी। फिलहाल पुलिस टीम अपने स्तर से घटना की जांच-पड़ताल कर रही है। शनिवार सुबह स्थानीय लोग रेलवे यार्ड की ओर से गुजर रहे थे। इस दौरान रेलवे पटरी के नीचे बिछाए जाने वाले कंक्रीट स्लीपर के ढ़ेर पर युवक का शव लहूलुहान स्थिति में देखा। देखते ही देखते वहां ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हत्या बेरहमी से की गई है। पहचान छिपाने के लिए चेहरे को बुरी तरह कुचल दिया था। शव को औंधे मुंह गिराया गया था, जिससे पहली नजर में उसकी पहचान करना मुश्किल हो रहा था। सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है।

**लोगों में दहशत का माहौलः** आपसी रंजिश या लूटपाट के दौरान विरोध करने पर हत्या के पहलू पर भी पुलिस जांच कर रही है।

# रोड एक्सीडेंट में मजदूर की मौत

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**बांका**। बांका टाउन थाना क्षेत्र के समुखिया पेट्रोल पंप के पास एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक मजदूर की मौत हो गई। मृतक की पहचान सैजपुर निवासी सरोगी दास के बेटा मनोज दास (40) के रूप में की गई है। घटना के बाद इलाके में शोक का माहौल है। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मनोज दास अपने पुत्र मानव कुमार के साथ समुखिया की ओर मोबाइल रिचार्ज कराने पैदल जा रहे थे। इसी दौरान पेट्रोल पंप के समीप पीछे से आ रहे तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि मनोज दास ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि उनका पुत्र भी घायल हो गया।

**दोनों को तुरंत सदर अस्पताल पहुंचायाः** घटना के बाद स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए दोनों को तुरंत सदर अस्पताल पहुंचाया। वहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. उस्मान घनी ने जांच के बाद मनोज दास को मृत घोषित कर दिया। हादसे की खबर मिलते ही मृतक के परिजन अस्पताल पहुंच गए, जहां चीख-पुकार मच गई। पत्नी पूजा देवी, मां केकयी देवी और दोनों बेटियां मनीषा व रोनी का रो-रोकर बुरा हाल था। इधर, घटना के बाद आरोपी वाहन चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। टाउन थाना के थानाध्यक्ष सुधीर कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और अज्ञात वाहन की पहचान के प्रयास जारी हैं।

# मजदूर दिवस पर अवेयरनेस कैंप, श्रमिकों को अधिकार, स्कीम्स और न्यूनतम मजदूरी की जानकारी दी गई

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**बांका**। अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर शुक्रवार को श्रम अधीक्षक कार्यालय बांका के प्रांगण में एक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, बांका सदर ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। इस शिविर में श्रमिकों को उनके अधिकारों, विभिन्न सरकारी योजनाओं और न्यूनतम मजदूरी दरों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। शिविर में जिले के विभिन्न प्रखंडों से श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी उपस्थित रहे, जिनमें राम दास (बांका सदर), मनोज प्रभाकर (फुल्लीडुमर), विभाष कुमार (धोरैया), मनोज कुमार (चान्दन), सुश्री रिचा (कटोरिया) एवं सुश्री एकता भारती (शंभुगंज) शामिल थे। इस कार्यक्रम में 100 से अधिक मजदूरों ने भाग लिया। बांका सदर के श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी ने अपने संबोधन में मजदूरों को उनके अधिकारों और कर्तव्यों से अवगत कराया और बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान देने का आग्रह किया।

**अतिकुशल मजदूरों के लिए 672 रुपये निर्धारित किए गएः** उन्होंने 1 अप्रैल 2026 से लागू होने वाली न्यूनतम मजदूरी दरों की जानकारी दी। इसके अनुसार, अकुशल मजदूरों के लिए प्रतिदिन 436 रुपये, अर्द्धकुशल के लिए 452 रुपये, कुशल के लिए 551 रुपये और अतिकुशल मजदूरों के लिए 672 रुपये निर्धारित किए गए हैं। फुल्लीडुमर के श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी ने मजदूरों को विभागीय योजनाओं से अवगत कराया और पाठन सामग्री भी उपलब्ध कराई। उन्होंने बिहार भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के तहत मिलने वाले लाभों का विवरण दिया, जिनमें विवाह सहायता के लिए 50,000 रुपये, मातृत्व लाभ के लिए 90 दिनों की मजदूरी और पितृत्व लाभ के रूप में 6,000 रुपये शामिल हैं।

**मृत्यु होने पर 4 लाख रुपये की सहायता का प्रावधानः** इसके अतिरिक्त, नकद पुरस्कार के रूप में 25,000 रुपये तक, भवन मरम्मत के लिए 20,000 रुपये, मृत्यु पर 2 लाख रुपये और दुर्घटना में मृत्यु होने पर 4 लाख रुपये की सहायता का प्रावधान है। धोरैया के श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी ने राज्य से बाहर कार्यरत प्रवासी मजदूरों के लिए दुर्घटना में मृत्यु पर 2 लाख रुपये तथा निःशक्तता की स्थिति में 1 लाख या 50 हजार रुपये तक की सहायता का उल्लेख किया। चान्दन के पदाधिकारी ने मजदूरों से संगठित रहने और एकजुटता बनाए रखने की अपील की। कार्यक्रम के समापन पर, उपस्थित मजदूरों, श्रम संगठनों के प्रतिनिधियों और अधिकारियों ने मिलकर मजदूरों के हित में जागरूकता बढ़ाने का संकल्प लिया।

## संक्षिप्त समाचार

### दो दिवसीय प्रांतीय अधिवेशन में बुद्धिजीवियों ने बढ़ती हिंसा और भेदभाव पर चिंता व्यक्त की

**आरा।** वाईबीएन यूनिवर्सिटी में विनोबा भावे द्वारा स्थापित आचार्य कुल की झारखंड इकाई का दो दिवसीय प्रांतीय अधिवेशन गुरुवार को संपन्न हुआ। कार्यक्रम में देशभर से आए शिक्षाविदों, विद्वानों और छात्रों की उल्लेखनीय भागीदारी रही। भोजपुर से शाहाबाद बुद्धिजीवी मंच के संचालक प्रो. (डॉ.) राजेंद्र प्रसाद 'विद्यासागर' ने समाज में महिलाओं के प्रति बढ़ती हिंसा और भेदभाव पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि महिलाओं को सम्मानजनक स्थान दिए बिना विकसित समाज की कल्पना अधूरी है। कार्यक्रम के दौरान उन्हें अंगवस्त्र, मोमेंटो और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित भी किया गया। उन्होंने ने बताया कि अधिवेशन का उद्घाटन आचार्य कुल के राष्ट्रीय अध्यक्ष आचार्य धर्मेंद्र ने किया। उन्होंने कहा कि आचार्य कुल का मूल मंत्र "जय जगत" है, जिसका लक्ष्य विश्व शांति और तंत्र ग्राम स्वराज है। उन्होंने शिक्षा में विनम्रता को सबसे महत्वपूर्ण बताया। कार्यक्रम में विनोबा भावे यूनिवर्सिटी के पूर्व कुलपति डॉ. अरविंद कुमार ने विनोबा भावे को महान संत बताते हुए उनके विचारों को आज भी प्रासंगिक बताया। वहीं वर्तमान कुलपति डॉ. चंद्रभूषण शर्मा ने कहा कि उनके सिद्धांतों को अपनाकर ही स्वस्थ समाज का निर्माण संभव है। झारखंड स्टेट ओपन यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ. अभय कुमार सिंह ने कहा कि विनोबा भावे 'वसुधैव कुटुंबकम्' की भावना से ओत-प्रोत थे और उनका संबोधन "जय जगत" वैश्विक भाईचारे का प्रतीक है। भारत सरकार के महिला आयोग की पूर्व सदस्या डॉ. ममता कुमारी ने महिलाओं की भूमिका को समाज निर्माण का आधार बताया।

### प्रो. अजय को श्रद्धांजलि, वीकेएसयू में शोक सभा

**आरा।** वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय (वीकेएसयू) के स्नातकोत्तर वनस्पति विज्ञान विभाग में गुरुवार को वनस्पति शास्त्री एवं पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. (डॉ.) अजय किशोर शरण के निधन पर एक शोक सभा आयोजित की गई। इस अवसर पर विभाग के शिक्षकों, कर्मचारियों और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने उपस्थित होकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की। बताया गया कि प्रो. शरण का निधन 29 अप्रैल 2026 की सुबह दिल्ली में हुआ। उनके निधन से शैक्षणिक जगत, विशेषकर वनस्पति विज्ञान के क्षेत्र में गहरी क्षति हुई है। शोक सभा की अध्यक्षता विभागाध्यक्ष प्रो. (डॉ.) अहमद मसूद ने की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि प्रो. शरण एक समर्पित शिक्षक, कुशल प्रशासक और दूरदर्शी शिक्षाविद थे, जिनके योगदान को विश्वविद्यालय कभी भुला नहीं सकता। प्रो. शरण ने 30 जून 1977 को अपने शिक्षकीय जीवन की शुरुआत की थी। वर्ष 1998 में विश्वविद्यालय के वनस्पति विज्ञान विभाग की स्थापना में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही। उन्होंने वर्ष 2011 से 2014 तक विभागाध्यक्ष के रूप में सफलतापूर्वक कार्य किया। इसके अलावा वे विश्वविद्यालय के सीसीडीसी (कॉलेज डेवलपमेंट काउंसिल) पद पर भी रहे। 31 मार्च 2015 को सेवानिवृत्त होने के बाद भी वे शिक्षा और शोध कार्यों से जुड़े रहे। सभा में प्रो. (डॉ.) आनंद किशोर ने उनके साथ बिताए गए समय को याद करते हुए भावुक श्रद्धांजलि दी।

### ई-शिक्षा कोष पोर्टल पर प्रगति अपलोड नहीं करने पर 55 सरकारी विद्यालयों से स्पष्टीकरण

**आरा।** शिक्षा विभाग ने ई-शिक्षा कोष पोर्टल पर कार्य प्रगति अपलोड नहीं करने वाले 55 सरकारी विद्यालयों पर सख्ती दिखाई है। पत्र के अनुसार जिले के सभी विद्यालयों को पूर्व में निर्देश दिया गया था कि वे विभिन्न योजनाओं से संबंधित अपनी प्रगति ई-शिक्षा कोष पोर्टल पर नियमित रूप से अपलोड करें। समीक्षा के दौरान यह पाया गया कि 55 सरकारी विद्यालयों द्वारा कार्य प्रगति अपलोड नहीं की गई है। इसे गंभीर लापरवाही मानते हुए संबंधित विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों एवं प्रभारी प्रधानाध्यापकों को कड़ी चेतावनी दी गई है। स्पष्टीकरण जारी करते हुए यह निर्देश दिया गया है कि सभी संबंधित विद्यालय 24 घंटे के अंदर अपनी लंबित प्रगति को पोर्टल पर अपडेट करें। साथ ही, संबंधित अधिकारी को स्वयं उपस्थित होकर स्पष्टीकरण देने का भी निर्देश दिया गया है। पत्र में यह भी स्पष्ट किया गया है कि निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्य पूर्ण नहीं होने की स्थिति में संबंधित विद्यालयों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। इस संबंध में प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी ने सभी विद्यालय प्रबंधन से निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने की अपील की है, ताकि योजनाओं का क्रियान्वयन पारदर्शी और प्रभावी तरीके से हो सके। इन 55 सरकारी विद्यालयों को मिला है अल्टीमेटम : राजकीय कन्या प्लस टू उच्च विद्यालय, बॉयज़ यू.एम.एस. शुकुलपुरा, गर्ल्स एम.एस. महुली गर्ल्स यू.एम.एस. दरियापुर, यू.एम.एस. मैनपुरा, उच्च माध्यमिक विद्यालय महुली, एमएस चौक आरा, श्री जैन कन्या पाठशाला +2 हाई स्कूल, प्राथमिक विद्यालय धनुपरा, उर्दू गर्ल्स प्राथमिक विद्यालय दौलतपुर, आई.आर.पी.एस. रामापुर संदिया, उच्च माध्यमिक विद्यालय गंगहर, सहजानंद ब्रह्मर्षि हाई स्कूल आरा, एनपीएस अनुसूचित जाति टोला पावत, यू.एम.एस. तेनुआ,उच्च माध्यमिक विद्यालय बाघीपाकर, एमएस लक्ष्मणपुर,एमएस हसनपुरा, नव उत्क्रमित मध्य विद्यालय बरौली, यू.एम.एस. गोठहौला, उच्च माध्यमिक विद्यालय हसनपुरा,उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय लक्ष्मणपुर आरा, अमीर चंद गर्ल्स हाई स्कूल आरा, यू.एम.एस. अमरपुर मरवटिया, यू.एम.एस. चितकुंडी यू.एम.एस. जोरवरपुर, उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय खजुरिया, यादव विद्यापीठ +2, मौलाबाग आरा, मॉडल इंस्टिट्यूट आरा, प्राथमिक विद्यालय, बेगमपुर, प्राथमिक विद्यालय मिल्की मुहल्ला, गर्ल्स यू.एम.एस. अनाइठ, प्राथमिक विद्यालय, बराहबाटरा, उर्दू गर्ल्स प्राथमिक विद्यालय, बराहबाटरा, उर्दू प्राथमिक विद्यालय सिंघी कला, आई.आर.पी.एस. सलेमपुर, प्राथमिक विद्यालय, इजरी, प्राथमिक विद्यालय सरसिवान, उच्च माध्यमिक विद्यालय इजरी, अमर आदर्श मध्य विद्यालय रामगढ़िया, राम नगीना पांडेय हाई स्कूल, आरा, रामनगीना पांडेय मध्य विद्यालय महादेवा,उर्दू प्राथमिक विद्यालय, अबरपुल, गर्ल्स प्राथमिक विद्यालय बसंतपुर, आई.आर.पी.एस. जगवलिया,प्राथमिक विद्यालय घेघटा, यू.एम.एस. बेला, यू.एम.एस. मोहनपुर, उर्दू प्राथमिक विद्यालय, नाजिरगंज, एम.एस. करमन टोला, उर्दू मध्य विद्यालय शाहाबाद, प्राथमिक विद्यालय नया गांव, यू.एम.एस. सैदपुर, यू.एम.एस. सारंगपुर और यू.एम.एस. शोभी डुमरा शामिल है।

### गावी जीरो डोज को ले एएनएम व आशा को प्रशिक्षण

**गड़हनी।** गावी जीरो डोज एक्शन प्लान परियोजना के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर स्वास्थ्य विभाग द्वारा एक विशेष प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यशाला में परियोजना हेतु चयनित 10 विशेष गांवों में गड़हनी, देवड़ी,हरपुर -चांदी,शांतिनगर, बराप , सहंगी, बड़ौरा, बहादुरपुर, पहरपुर व लभुआनि को चिन्हित किया गया है। इन सभी गांवों में एएनएम और आशा शून्य खुराक वाले बच्चों की पहचान करेगी और टीकाकरण देना सुनिश्चित करेगी। उन सभी बच्चों तक पहुंचना है जो आज तक एक भी टीका नहीं लिया हो - जिला समन्वयक कार्यशाला में मुख्य रूप से उपस्थित पीसीआई के जिला समन्वयक मोहम्मद नौशाद ने प्रशिक्षण की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमारा लक्ष्य उन बच्चों तक पहुंचना है जो अब तक एक भी टीका नहीं ले पाए हैं। उन सभी बच्चों को आशा व एएनएम मिलकर चिन्हित करे उसके बाद सभी को टीकाकरण करे। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी सुनील महेंद्र कपूर ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए शत-प्रतिशत टीकाकरण कवरेज सुनिश्चित करने और गांवों में लोगों के बीच टीकाकरण के लिये जागरूकता फैलाने के लिए प्रेरित किया। 10 चिह्नित गांवों के एएनएम जीरो डोज बच्चों का करेंगी टीकाकरण इस अवसर पर स्वास्थ्य प्रबंधक अनिल कुमार ने विभागीय तालमेल कैसे बनाया जाए जिससे ये योजना सफल हो इस संबंध में सभी आशा व कर्मियों को बारीकियों को समझाया।वहीं प्रखण्ड सामुदायिक उत्प्रेरक प्रकाश कुमार रजक ने ए एन एम और आशा कार्यकर्ताओं को क्षेत्र में आने वाली चुनौतियों से निपटने के कई तरीके को बताए साथ ही तकनीकी सत्र के माध्यम से डाटा प्रबंधन और गांवों की कार्ययोजना पर भी विशेष चर्चा की। प्रशिक्षण में बीसी (पीसीआई) रवि कुमार मौजूद थे। प्रशिक्षण कार्यशाला में 10 चयनित गांव की एएनएम और आशा कार्यकर्ता उपस्थित रहीं, जिन्होंने अपने-अपने क्षेत्रों में "जीरो डोज" बच्चों को ढूंढ़कर उन्हें सुरक्षा कवच प्रदान करने का संकल्प लिया।

# सीआरपीएफ जवान 21 साल बाद वीआरएस लेकर लौटे घर

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



♦ बक्सर स्टेशन पर मां ने उतारी आरती, ग्रामीणों ने ढोल-नगाड़ों के साथ किया स्वागत

**बक्सर।** बक्सर जिले में 21 वर्षों तक देश की सेवा करने के बाद सीआरपीएफ जवान रितेश पांडेय स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति (वीआरएस) लेकर अपने घर लौटे। बक्सर रेलवे स्टेशन पर उनके स्वागत के लिए सैकड़ों ग्रामीण ढोल-नगाड़ों के साथ पहुंचे, जहां एक अद्भुत देशभक्ति और सम्मान का दृश्य देखने को मिला। सुबह करीब 9 बजे वंदे भारत एक्सप्रेस के प्लेटफॉर्म नंबर एक पर पहुंचते ही माहौल देशभक्ति के नारों से गूंज उठा। रितेश पांडेय के बक्सर की धरती पर कदम रखते ही "भारत माता की जय" के जयकारों से पूरा स्टेशन परिसर गुंजायमान हो गया।

**मां ने आरती उतारकर बेटे का किया स्वागतः** सामाजिक कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों ने उन्हें फूल-मालाओं से लाद दिया, जबकि उनकी मां ने आरती उतारकर अपने बेटे का स्वागत किया। यह क्षण भावुक कर देने वाला था। औद्योगिक थाना क्षेत्र के हरिकिशुनपुर गांव निवासी रितेश पांडेय ने 21 वर्षों तक देश की सेवा की है। अब उन्होंने अपने माता-पिता और समाज की सेवा करने का निर्णय लिया है। मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि देश की सेवा केवल सरहद पर रहकर ही नहीं, बल्कि समाज के बीच रहकर भी की जा सकती है। उन्होंने बताया कि अब उनका उद्देश्य गांव और समाज में रहकर युवाओं को सेना में भर्ती होने के लिए प्रेरित करना है, ताकि देश को और अधिक समर्पित युवा मिल सकें।

**सामाजिक कार्यकर्ता और जनप्रतिनिधि रहे मौजूदः** इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्थानीय लोग, सामाजिक कार्यकर्ता और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। सभी ने जवान के इस फैसले की सराहना की और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। भाजपा के जिला प्रवक्ता दीपक पांडेय ने कहा कि जो जवान अपना पूरा जीवन देश की सेवा में समर्पित कर देते हैं, उनके लिए इतना सम्मान तो बनता ही है। उन्होंने कहा कि इस तरह का स्वागत समाज के लिए प्रेरणा है और युवाओं को देशभक्ति के लिए प्रोत्साहित करता है। गौरतलब है कि बक्सर में अब यह एक सकारात्मक परंपरा बनती जा रही है, जहां देश की सेवा कर लौटने वाले जवानों का जोरदार स्वागत किया जाता है। यह न केवल उन जवानों के मनोबल को बढ़ाता है, बल्कि समाज में देशभक्ति और सम्मान की भावना को भी मजबूत करता है।

# ट्रैक्टर ने युवक को रौंदा



♦ मौसेरे भाई की शादी के लिए मार्केटिंग करने जा रहा था, अस्पताल पहुंचने से पहले तोड़ा दम

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**आरा।** भोजपुर में तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने बाइक सवार युवक को रौंद दिया। अस्पताल पहुंचने से पहले रास्ते में ही दम तोड़ दिया। हादसे के बाद ड्राइवर गाड़ी लेकर मौके से फरार हो गया। मृतक पूर्णवासी राम(22) बड़की खड़ाव गांव का रहने वाला था। घटना चौरी थाना क्षेत्र के दरना मोड़ के पास की है। छोटे भाई लक्ष्मण राम ने बताया कि मौसी के लड़के की शादी थी। बाइक से मार्केटिंग करने के लिए मोपती बाजार जा रहा था। रास्ते में टक्कर ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि गाड़ी से नीचे गिर गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने चेकअप के बाद मृत घोषित कर दिया।

**परिजनों का रो-रोकर बुरा हालः** पोस्टमार्टम के बाद पुलसि ने शव परिजनों को सौंप दिया है। छह भाई-बहन में तीसरे स्थान पर था। उसके परिवार में मां लक्ष्मीना देवी, पत्नी गुड़िया देवी है। घटना के बाद मृतक के घर में कोहराम मच गया है। मां, पत्नी और परिवार के सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# शादी समारोह के बाद डांसर से गैंग रेप

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**बक्सर।** बक्सर में शादी समारोह में डांस करने आई डांसर के साथ गैंग रेप का मामला सामने आया है। घटना राजपुर थाना क्षेत्र के रामपुर गांव में शुक्रवार देर रात की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, रामपुर निवासी शिवपूजन राजभर के घर शुक्रवार को बारात आई थी। एंटरटेनमेंट के लिए कैमूर के कुदरा इलाके से 22 साल की एक डांसर को बुलाया गया था। कार्यक्रम देर रात तक चला।

**गांव के युवक जबरन अपने साथ ले गएः** कार्यक्रम समाप्त होने के बाद जब युवती वापस लौटने की तैयारी में थी, तभी गांव के कुछ युवकों ने उसे जबरन अपने साथ उठा लिया। आरोप है कि आरोपी उसे गांव से बाहर नदी की ओर ले गए। वहां युवकों ने उसके साथ गैंग रेप किया। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी उसे अचेत अवस्था में वहीं छोड़कर फरार हो गए।

**शौच के लिए निकले ग्रामीणों की नजर युवती पर गईः** शनिवार सुबह शौच के लिए निकले ग्रामीणों की नजर युवती पर पड़ी, जिसके बाद उन्होंने तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और पीड़िता को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया। होश में आने के बाद पीड़िता ने गांव के ही कुछ युवकों, जिनमें बंटी, पप्पू और सलमान शामिल है, पर गंभीर आरोप लगाए। पीड़िता ने बताया कि, 'सभी आरोपी जबरन नदी की ओर ले जाकर मेरे कपड़े फाड़ दिए और मेरे साथ गलत काम किया। मैनें विरोध किया और रोई, लेकिन आरोपियों ने मुझे नहीं छोड़ा।'

**मेडिकल परीक्षण कराने सदर अस्पताल भेजाः** पुलिस ने पीड़िता का मेडिकल परीक्षण कराने के लिए उसे सदर अस्पताल भेजा है। राजपुर थानाध्यक्ष निवास कुमार ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए त्वरित कार्रवाई की जा रही है। अब तक एक आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है, जबकि अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी जारी है। पुलिस का कहना है कि सभी दोषियों को जल्द गिरफ्तार कर उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल है और ग्रामीणों ने प्रशासन से आरोपियों को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग की है।

# 2 मई को मोबाइल पर आएगा इमरजेंसी अलर्ट

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**बक्सर।** बिहार सरकार के आपदा प्रबंधन विभाग ने जिलेवासियों को संभावित आपात स्थितियों के प्रति सतर्क रहने का संदेश जारी किया है। विभाग ने बताया है कि 2 मई को लोगों के मोबाइल फोन पर अचानक एक अलर्ट मैसेज या तेज नोटिफिकेशन प्राप्त हो सकता है। यह किसी खतरे का संकेत नहीं, बल्कि एक परीक्षण का हिस्सा होगा। विभाग के अनुसार, यह अलर्ट सामान्य एसएमएस से अलग दिखाई देगा और कुछ मोबाइल फोन में तेज आवाज या वाइब्रेशन के साथ भी आ सकता है। इसका मुख्य उद्देश्य लोगों को भविष्य में आने वाली प्राकृतिक आपदाओं जैसे बाढ़, भूकंप या अन्य आपात स्थितियों के लिए पहले से तैयार करना है।

**अलर्ट से घबराने की आवश्यकता नहीं:** आपदा प्रबंधन विभाग ने स्पष्ट किया है कि इस तरह के अलर्ट से घबराने की आवश्यकता नहीं है। इसे एक जन-जागरूकता और सुरक्षा से जुड़ा अभ्यास समझना चाहिए। अधिकारियों ने बताया कि इस परीक्षण के माध्यम से सरकार यह सुनिश्चित करना चाहती है कि आपदा के समय सही सूचना समय पर आम लोगों तक पहुंच सके। कई बार देखा गया है कि आपदा के दौरान सूचना के अभाव में लोगों को अधिक नुकसान उठाना पड़ता है। ऐसे में यह अलर्ट सिस्टम लोगों तक त्वरित चेतावनी पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा, जिससे उन्हें सुरक्षित स्थानों पर जाने और आवश्यक कदम उठाने का पर्याप्त समय मिल सकेगा।

**लोगों को सही जानकारी देने की अपीलः** जिला प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि यदि उनके मोबाइल पर 2 मई को इस तरह का कोई अलर्ट संदेश प्राप्त होता है, तो वे घबराएं नहीं और न ही किसी प्रकार की अफवाह फैलाएं। साथ ही, अपने आसपास के लोगों को भी इसके बारे में सही जानकारी दें ताकि किसी तरह की भ्रम की स्थिति उत्पन्न न हो। विशेषज्ञों का मानना है कि डिजिटल तकनीक के इस उपयोग से आपदा प्रबंधन प्रणाली और अधिक मजबूत होगी। विभाग ने दोहराया है कि यह कदम पूरी तरह से आम जनता की सुरक्षा को ध्यान में रखकर उठाया गया है और लोगों से सहयोग तथा जागरूकता बनाए रखने की अपील की गई है।

# ट्रेन से कटकर महिला की मौत



♦ पोती के ससुराल शादी समारोह में जा रहा थी, हादसे के 5 वें दिन परिवार को मिली जानकारी

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**आरा।** भोजपुर में ट्रेन से कटकर बुजुर्ग महिला की मौत गई है। शादी समारोह में शामिल होने के लिए घर से निकली थी। मृतका की नारायणपुर के सितुहारी निवासी संफला कुंअर(65) के तौर पर हुई है। घटना चरपोखरी थाना क्षेत्र की है। मृतका के बेटे विजय कुमार ने बताया कि पांच दिन पहले रोहतास जिले नासरीगंज गांव पोती प्रियंका कुमारी के ससुराल शादी समारोह में शामिल होने के लिए जा रही थी। इस बीच हादसे की शिकार हो गई। सोशल मीडिया पर फोटो वायरल होने के बाद के बाद मौत की जानकारी मिली।

**घर में मचा कोहरामः** सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया है। परिवार में दो पुत्री शोभा कुमारी, कलावती कुमारी और एक पुत्र विजय कुमार है। घटना के बाद मृतका के घर में कोहराम मच गया है। परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# सोन नदी में डूबने से बच्ची की मौत

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



♦ ग्रामीणों ने तीन लोगों को सुरक्षित निकाला बाहर, हादसे के विरोध में 3 घंटे तक रोड जाम रहा

**आरा।** भोजपुर के सोन नदी में चाची-भतीजी समेत चार लोग डूब गए। पानी में डूबने में भतीजी की मौत हो गई, जबकि तीन लोगों को ग्रामीणों ने बचा लिया। स्नान करने के दौरान हादसा हुआ है। मृतका की पहचान दधौरी गांव निवासी अनुज कुमार चंद्रवंशी की पुत्री शिल्पी कुमारी(12) के तौर पर हुई है। तीसरी क्लास में पढ़ती थी। घटना सहार थाना क्षेत्र के धौरी गांव स्थित 34 बी बालू घाट की है।

**तीन घंटे बाद खुला जामः** शव मिलने के बाद स्थानीय ग्रामीणों का आक्रोश भड़क उठा। भाकपा माले नेता मदन चंद्रवंशी के नेतृत्व में मुआवजे, बालू घाट किनारे कटाव रोकने और घाट को बंद करने की मांग को लेकर रोड जाम कर दिया। जिसके बाद आरा-अरवल और सकड्डी-नासरीगंज मार्ग पर वाहनों की लंबी लाइन लग गई। जाम की सूचना मिलते ही सहार थानाध्यक्ष सुबोध कुमार और अपर थानाध्यक्ष सुधांशु कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। लोगों को समझा-बुझाकर मामले को शांत कराया। करीब 3 घंटे बाद रोड जाम रहा। शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा गया। जिसके बाद भाकपा वाले के तरारी विधानसभा के प्रत्याशी मदन चंद्रवंशी के नेतृत्व में मुआवजे, बालू घाट किनारे बालू कटाव करने एवं घाट को बंद करने की मांग को लेकर शव को खैरा मोड़ के समीप रख सड़क जाम कर दिया। उनके द्वारा करीब 3 घंटे तक सड़क को जाम रखा गया। सड़क जाम होने के कारण आरा-अरवल एवं सकड्डी नासरीगंज मार्ग पर वाहनों की लंबी लाइन लग गई एवं आवागमन पूरी तरह ठप्प रहा। सड़क जाम की सूचना पाकर सहार थानाध्यक्ष सुबोध कुमार एवं अपर थानाध्यक्ष सुधांशु कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और लोगों को समझाने-बुझाने लगे।

**लापरवाही के चलते हुआ हादसाः** मृतका के चाचा कमलेश कुमार चंद्रवंशी ने बताया कि मेरी भतीजी शिल्पी अपनी चाची अंजू कुमारी, चचेरे भाई अबिश कुमार और अनीश कुमार के साथ सोन नदी में स्नान करने गई थी। जहां बालू कटाव के कारण गहरा गड्ढा हो गया था। एक-दूसरे के बचाने के चक्कर में सभी डूबने लगे। मौके पर मौजूद लोगों ने शोर मचाना शुरू किया। ग्रामीणों तीनों को पानी से बाहर निकल गया। आधे घंटे की मशक्कत के बाद भतीजी का शव मिला।

**घर में मचा कोहरामः** मृत किशोरी अपने दो भाई और एक बहन में छोटी थी। मां-बाप की इकलौती बेटी थी। परिवार में मां शोभा देवी, भाई शुभम कुमार और सौरभ कुमार है। मौत की खबर मिलते ही घर में कोहराम मच गया है। मां, भाई और परिवार के सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# 261 साल पुराना ब्रिटिश कब्रिस्तान बदहाल

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**बक्सर।** बक्सर शहर के बीचों-बीच स्थित करीब 261 साल पुराना ऐतिहासिक ब्रिटिश कब्रिस्तान बदहाली का शिकार है। 1764 के बक्सर युद्ध में मारे गए अंग्रेज सैनिकों को जहां सम्मानपूर्वक दफनाया गया था, वही स्थल अब नशेड़ियों और असामाजिक तत्वों का सुरक्षित ठिकाना बन चुका है। कभी इतिहास और विरासत का प्रतीक रहा यह स्थान आज उपेक्षा और अव्यवस्था का शिकार नजर आ रहा है। करीब 2 एकड़ क्षेत्र में फैले इस कब्रिस्तान में मौजूद पत्थर के शिलालेख आज भी उस ऐतिहासिक युद्ध की कहानी बयान करते हैं। हालांकि, इन ऐतिहासिक निशानों के बीच अब नशे का धुआं उड़ता दिखाई देता है। स्थानीय लोगों के अनुसार, दिन के उजाले में भी कुछ लोग कब्रों के अंदर बैठकर नशा करते देखे जाते हैं। यह स्थिति न केवल इस धरोहर की गरिमा को ठेस पहुंचा रही है, बल्कि आसपास रहने वाले लोगों में भय का माहौल भी पैदा कर रही है।

**नशेड़ियों का अड्डा बन गया कब्रिस्तानः** सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि यह कब्रिस्तान नगर थाना और नगर परिषद कार्यालय से महज कुछ कदम की दूरी पर स्थित है। इसके बावजूद यहां सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम नहीं हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि प्रशासन की अनदेखी के कारण ही यह स्थान नशेड़ियों का अड्डा बन गया है। शाम ढलते ही यहां असामाजिक गतिविधियां बढ़ जाती हैं, जिससे लोग इस रास्ते से गुजरने से कतराने लगे हैं। स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भी इस स्थिति पर चिंता जताई है। उनका कहना है कि यह स्थान अब गलत कारणों से चर्चा में है। जहां कभी इतिहास की झलक मिलती थी, आज वहां असुरक्षा और अव्यवस्था का माहौल है। नगर प्रशासन ने भी माना है कि स्थिति गंभीर है और इसे सुधारने की जरूरत है। हालांकि, अब तक ठोस कार्रवाई नहीं होने से लोगों में नाराजगी बढ़ रही है।

**कब्रिस्तान बक्सर युद्ध से जुड़ा एक महत्वपूर्ण स्थलः** इतिहासकारों के अनुसार, यह कब्रिस्तान बक्सर युद्ध से जुड़ा एक महत्वपूर्ण स्थल है। यहां दफन सैनिकों के परिजन समय-समय पर श्रद्धांजलि देने आते रहे हैं। लेकिन वर्तमान स्थिति को देखकर यह कहना गलत नहीं होगा कि यह धरोहर अपनी पहचान खोती जा रही है। संरक्षण और देखरेख के अभाव में इसकी ऐतिहासिक महत्वता धीरे-धीरे मिटती जा रही है। शहर में विकास और पर्यटन के नाम पर हर साल बजट पास होने के बावजूद इस तरह की ऐतिहासिक जगहों की अनदेखी कई सवाल खड़े करती है। स्थानीय लोगों और इतिहासकारों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द इस कब्रिस्तान की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। साथ ही इसे संरक्षित कर पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाए, ताकि इसकी ऐतिहासिक विरासत को बचाया जा सके। अब सवाल यह उठता है कि क्या प्रशासन समय रहते इस धरोहर को बचाने के लिए कदम उठाएगा या फिर यह ऐतिहासिक कब्रिस्तान नशे के धुएं में खोता चला जाएगा।

# उर्वरकों को ले किसानों को किया गया जागरूक

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**आरा।** किसानों को उर्वरकों के वैज्ञानिक एवं संतुलित उपयोग के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से गुरुवार को जिले के कोशिहान गांव में प्रशिक्षण-सह-जागरूकत ा कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम का आयोजन भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के पूर्वी क्षेत्र अनुसंधान परिसर, पटना द्वारा कृषि विज्ञान केंद्र, भोजपुर के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम में आईसीएआर एवं आरसीइआर, पटना के वैज्ञानिक डॉ. कमल शर्मा, डॉ. नारायण भक्त, वैज्ञानिक डॉ. सौरभ कुमार एवं केवीके भोजपुर के विषय विशेषज्ञ डॉ. सच्चिदानंद ने भाग लिया। विशेषज्ञों ने किसानों के साथ संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं को सुना और व्यावहारिक समाधान सुझाए। इस दौरान किसानों को जैव उर्वरक, हरी खाद एवं वर्मी कम्पोस्ट के उपयोग के लाभ और विधियों की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही रासायनिक उर्वरकों के संतुलित एवं आवश्यकता आधारित प्रयोग को बताया। वैज्ञानिकों ने बताया कि मृदा परीक्षण के आधार पर उर्वरकों का उपयोग करने से फसल उत्पादन में वृद्धि के साथ-साथ मिट्टी की उर्वरता लंबे समय तक बनी रहती है। विशेषज्ञों ने सही प्रकार, सही मात्रा एवं सही समय पर उर्वरक उपयोग की अवधारणा को सरल तरीके से समझाया। उन्होंने कहा कि संतुलित उर्वरक प्रबंधन अपनाने से उत्पादन लागत घटती है और पर्यावरण संरक्षण में भी मदद मिलती है। कार्यक्रम में 40 से अधिक किसानों ने भाग लिया।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### वैशाली में जंदाहा थानाध्यक्ष सस्पेंड, मनोज कुमार पर शराब माफियाओं से मिलीभगत के आरोप लगे

**हाजीपुर।** वैशाली जिले में पुलिस प्रशासन ने भ्रष्टाचार और अपराध के खिलाफ 'जीरो टॉलरेंस' की नीति अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई की है। जंदाहा थाना के थानाध्यक्ष मनोज कुमार को शराब माफियाओं को संरक्षण देने के गंभीर आरोपों के चलते तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। यह कार्रवाई वैशाली पुलिस द्वारा की गई है, जिसके बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है। मनोज कुमार पर लंबे समय से शराब कारोबारियों के साथ मिलीभगत के आरोप लग रहे थे। मामले की गंभीरता को देखते हुए एक विभागीय जांच बिठाई गई थी। इस जांच में प्रथम दृष्टया थानाध्यक्ष की शराब माफियाओं के साथ सांठगांठ और उन्हें संरक्षण देने की पुष्टि हुई है। जांच रिपोर्ट के आधार पर, जिला पुलिस प्रशासन ने उन्हें सेवा से निलंबित करने का कड़ा निर्णय लिया है।

### सांसद के करीबी से 1 लाख की फिरौती, व्हाट्सएप पर धमकी, कहा- पैसे दिए तो 10 साल तक सुरक्षित रहोगे

**हाजीपुर।** बिहार के वैशाली जिले में पूर्णिया सांसद पप्पू यादव के करीबी और हाजीपुर के आदर्श इमरजेंसी हॉस्पिटल के निदेशक मनीष कुमार उर्फ पिंटू यादव से एक लाख रुपये की फिरौती मांगी गई है। अपराधियों ने व्हाट्सएप मैसेज के जरिए यह धमकी दी है कि अगर रकम नहीं दी गई तो गोली मार दी जाएगी। अपराधियों ने कोड वर्ड में "1L दो" लिखकर फिरौती की मांग की। मैसेज में यह भी कहा गया है कि अगर रकम दे दी गई तो अगले दस साल तक कोई परेशानी नहीं होगी। समय पर भुगतान न करने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी गई है। पिंटू यादव ने बताया कि उन्हें यह धमकी भरा मैसेज रात को सोने जाने से पहले मोबाइल पर मिला। उन्होंने तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी और अधिकारियों से न्याय की मांग की है। इस घटना के बाद क्षेत्र के व्यापारिक समुदाय में चिंता का माहौल है। पीड़ित ने स्थानीय थाने और वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को मामले की जानकारी दी है। पुलिस अब मैसेज भेजने वाले नंबर को ट्रैक करने और अपराधियों की पहचान करने में जुट गई है। पुलिस ने पिंटू यादव की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम का आश्वासन भी दिया है। मनीष कुमार उर्फ पिंटू यादव को पूर्णिया सांसद पप्पू यादव का करीबी नेता माना जाता है। वह पूर्व में उनकी पार्टी के जिलाध्यक्ष भी रह चुके हैं।

### बालू अनलोड करते हाइवा पलटा, बाइक सवार की मौत लोगों ने हाजीपुर-जंदाहा मुख्य मार्ग को जाम किया

**हाजीपुर।** वैशाली जिले के हाजीपुर में एक सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई। यह घटना हाजीपुर-जंदाहा मुख्य मार्ग पर सुल्तानपुर के पास हुई, जहां बालू से लदा एक हाइवा अनलोडिंग के दौरान पलट गया। मृतक की पहचान गंगा ब्रिज थाना क्षेत्र के सुल्तानपुर गांव निवासी वीरचंद चौधरी (पिता स्व. रविंद चौधरी) के रूप में हुई है। वीरचंद चौधरी बाइक से काम पर जा रहे थे। तभी सड़क किनारे बालू अनलोड कर रहा एक हाइवा अनियंत्रित होकर पलट गया। हाइवा की चपेट में आने से वीरचंद चौधरी की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक वीरचंद चौधरी मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। इस हादसे के बाद स्थानीय लोग आक्रोशित हो गए। उन्होंने हाजीपुर-जंदाहा मुख्य मार्ग को जाम कर दिया, जिससे यातायात पूरी तरह से बाधित हो गया। सूचना मिलते ही गंगा ब्रिज थाने और हाजीपुर औद्योगिक थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिसकर्मी आक्रोशित लोगों को समझा-बुझाकर शांत करने का प्रयास कर रहे हैं। औद्योगिक थाने की पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। दुर्घटनाग्रस्त हाइवा अभी भी सड़क पर पड़ा हुआ है।

### एस्कॉर्ट गाड़ी से टकराई महिला आयोग की अध्यक्ष की कार, बाइक सवार को बचाने में हादसा

**हाजीपुर।** हाजीपुर-मुजफ्फरपुर नेशनल हाई-वे पर शुक्रवार को बिहार राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष अप्सरा मिश्रा का एक्सीडेंट हो गया। उन्हें कंधे में चोट आई है। बॉडी गार्ड भी घायल है। अप्सरा मिश्रा ने बताया, हम केस की सुनवाई कर के लौट रहे थे। सड़क पर एक युवक पड़ा था। उसे बचाने के चक्कर में एस्कॉर्ट की गाड़ी ने अचानक ब्रेक लगाया। ठीक पीछे चल रही मेरी गाड़ी एस्कॉर्ट गाड़ी में टकरा गई। जिस जगह ये हादसा हुआ वहां एक युवक का शव भी मिला है। मृतक की पहचान मेरठ के त्रिलोकी मौर्य के बेटे सुरेश मौर्य के रूप में हुई है। सुरेश हाजीपुर के दिग्घी पचकुरवा में किराए के मकान में रहता था और रामाशीष चौक स्थित एक गैरेज में मैकेनिक का काम करता था। हादसा महुआ मोड़ के पास हुआ। हादसा कैसे हुआ पुलिस इसकी जांच कर रही है। हादसे के वक्त गाड़ी में अप्सरा मिश्रा के साथ उनके पति डॉ. रणधीर भी मौजूद थे। उन्होंने भास्कर को बताया, एक केस की सुनवाई के लिए वो बेगूसराय गई थीं। वहां से पीड़िता के पति को लेकर मुजफ्फरपुर पीड़िता के मायके गई थीं। मामला सुलझाकर वापस पटना लौट रही थीं। तभी शाम को करीब 7:30 बजे हाजीपुर में उनका एक्सीडेंट हो गया। उनकी एस्कॉर्ट के आगे एक बाइक सवार काफी स्पीड में था। डिवाइडर से टकराकर उसका एक्सीडेंट हो गया। पीछे उनकी गाड़ी थी। सभी गाड़ियां काफी स्पीड में होने के कारण उनकी गाड़ी अपनी ही एस्कॉर्ट की गाड़ी से टकरा गई। उन्हें कंधे और बाजू में हल्की छोटे आई हैं। तब गाड़ी में 4 लोग सवार थे। उनके गार्ड को छाती में चोट आई है। स्थानीय लोगों ने बताया, टक्कर मारने के बावजूद, न तो एस्कॉर्ट गाड़ी रुकी और न ही काफिले का कोई अन्य वाहन। सभी गाड़ियां तेज रफ्तार से पटना की ओर निकल गईं। घटना के बाद बड़ी संख्या में लोग मौके पर जमा हो गए। घायलों को तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने सुरेश मौर्य को मृत घोषित कर दिया।

### प्रेम-प्रसंग में विधवा की गला रेतकर हत्या, वैशाली में 4 साल पहले पति की मौत, पड़ोसी से चल रहा था अफेयर

**हाजीपुर।** हाजीपुर नगर थाना क्षेत्र में प्रेम प्रसंग के चलते विधवा महिला की गला रेतकर हत्या कर दी गई। शुक्रवार की रात आरोपी ने महिला को अपने साथ चलने को कहा। लेकिन जब उसके साथ जाने से मना किया तो वो नाराज हो गया। वो जबरदस्ती उसे घर से बाहर ले गया और करीब 500 मीटर दूर चाकू से महिला के गला और पेट पर वार कर फरार हो गया। परिजन ने घायल महिला को सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। यह घटना मगरहट्टा पोखर के पास देर शाम हुई। मृतका की पहचान हेला बाजार निवासी स्वर्गीय सकलदीप पासवान की पत्नी हेमंती देवी(32) के रूप में हुई है। उसके पति की चार साल पहले मौत हो गई थी। मृतका के चार बच्चे हैं, 2 बेटा और 2 बेटी। पति के मौत के बाद महिला आसपास के घरों में बर्तन धोकर अपना परिवार को चलाती थी। दरअसल, पति के मौत के बाद हेमंती का इंदल पासवान से संपर्क हुआ। कुछ दिन बाद ही पूरे गांव में दोनों के प्रेम-प्रसंग की बात फैल गई। हालांकि गांव के लोग इस संबंध का विरोध करते थे। उनका कहना था कि सारे बच्चे अब बड़े हो गए है। तुम यह सब छोड़ दो, बच्चो पर इसका क्या प्रभाव पड़ेगा। लेकिन महिला ने गांव समाज की बात को नकार दिया था। इस संबंध में मृतका के पड़ोसी रामबाबू पासवान ने बताया कि इंदल पासवान ने महिला के पेट और गले पर चाकू से वार कर हत्या की है। इंदल को मना करते थे, उसके बावजूद वो लोग नहीं माने। प्रेम-प्रसंग का विरोध करने पर इंदल पासवान कई बार मारपीट भी किया था। हेमंती की बेटी बड़ी हो गई थी। वो जब भी मां को मना करती थी, तो वो नहीं बात करने की बात कहकर उसे डांट देती थी। रामबाबू पासवान ने बताया कि देर शाम इंदल पासवान हेमंती को घर से बुलाने आया था। महिला नहीं जा रही थी फिर भी वो महिला को घर से जबरन बुलाकर ले गया। इसके बाद चाकू मारकर उसकी हत्या कर दी। घटना की सूचना मिलते ही वैशाली पुलिस अधीक्षक विक्रम सिहाग, एसडीपीओ सदर-1 सुबोध कुमार और नगर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल को सुरक्षित कर साक्ष्य जुटाना शुरू किया। एफएसएल टीम को भी बुलाया गया और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा गया। एसपी विक्रम सिहाग ने बताया कि इस वारदात को अंजाम देने वाले अभियुक्त की पहचान उसी मोहल्ले के इंदल पासवान के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, मृतका और अभियुक्त को घटना से पहले अक्सर साथ आते-जाते देखा गया था। प्रथम दृष्टया यह मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा प्रतीत होता है। पुलिस आरोपी इंदल पासवान की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है। एसपी ने यह भी जानकारी दी कि क्षेत्र में विधि-व्यवस्था की स्थिति सामान्य है, हालांकि घटना के बाद इलाके में कुछ तनाव का माहौल है।

# भतीजी से छेड़छाड़ का विरोध करने पर चाचा का मर्डर

## पटना में घर में घुसकर हत्या, पत्नी गंभीर, बोली- पति के सीने पर बैठकर गला काटा

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**पटना।** पटना में शनिवार सुबह 7 बजे घर में घुसकर अपराधियों ने पति-पत्नी पर चाकू से हमला किया है। इसमें पति की मौत हो गई है। पत्नी नाजिया परवीन की हालत गंभीर है। उसे इलाज के लिए PMCH में भर्ती कराया गया है। पत्नी ने बताया, हम घर में सोए थे। आंख खुली तो एक लड़का चाकू लेकर पति के सीने पर बैठा था। उसने उनका गला काट दिया। मैं बचाने गई तो मेरे ऊपर पर भी हमला कर दिया। बड़े भाई ने बताया, सत्यम नाम का लड़का बेटी को स्कूल आते-जाते परेशान करता था। कल उसने घर पर पत्थर फेंका था। हमने उसे पकड़कर समझाया था। इसके बाद उसने हत्या कर दी। मामला अशोक राजपथ स्थित लालबाग इलाके का है। मृतक की पहचान 30 साल के मोहम्मद नवाज आलम के तौर पर हुई है। नवाज लालबाग स्थित सरफराज आलम के मकान में किराए से रह रहा था। ये हमला बिल्डिंग के तीसरे फ्लोर पर किया गया है। मोहम्मद नवाज आलम पटना के एक मॉल में सेल्समैन था।



**पत्नी बोली- पति के सीने पर बैठकर गला काट दियाः** घायल नाजिया ने बताया, 'मैं और मेरे पति घर में सोए थे। सुबह के करीब 7 बजे होंगे। एक युवक चाकू लेकर हमारे कमरे में घुस आया। उसने दरवाजा कैसे खोला ये मुझे नहीं पता। उसने आते ही मेरे पति की छाती पर बैठकर उनका गला काट दिया। मैं अपनी 2 साल की बच्ची को साइड करके उस युवक को पकड़ने लगी। खून से लथपथ होने के चलते वो फिसल कर भाग रहा था। भागने के दौरान उसने मुझे भी गर्दन और हाथ पर चाकू मार दिया। मैं पूरी कोशिश के साथ उसको पकड़ने में लगी थी। तकरीबन 5 मिनट तक शोर मचाकर संघर्ष करती रही, लेकिन इसी बीच वो हाथ छुड़ाकर फरार हो गया। तब तक बिल्डिंग के सभी लोग शोर सुनने के बाद आने लगे। युवक की उम्र महज 16 से 18 साल के बीच होगी।'

**भाई बोला- बेटी को स्कूल आते-जाते परेशान करता था लड़काः** भाई नौखेज आलम ने बताया, 'मेरी बेटी स्कूल में पढ़ती थी। एक लड़का उसे परेशान करता था। वो मुझे डर के मारे इसके बारे में नहीं बताती थी। उसके दोस्तों ने बताया कि एक लड़का उसे टॉर्चर कर रहा था। 1-2 बार उसने घर पर भी पत्थर फेंका था। कल शाम को भी पत्थर फेंका था। मैं देखने गया तो वो भाग गया। मैंने उसे पीछा किया। पकड़कर मैंने पूछा कि तुम्हारा नाम क्या है। उसने कहा- सत्यम। मैंने पूछा पत्थर क्यों मारा। वो मुझे धक्का देकर वहां से भाग गया। उसी ने आज भाई के परिवार पर हमला किया है।'

आसपास के लोगों ने बताया, घटना सुबह 7 बजे के आसपास की है। नवाज के घर से चिल्लाने की आवाज सुनकर हम मौके पर पहुंचे। दरवाजे पर खून पसरा देखा। दरवाजा खुला था। अंदर नवाज की लाश पड़ी थी। नवाज की पत्नी नाजिया परवीन भी खून से लथपथ थी। इसके बाद हम लोगों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है। फॉरेंसिक टीम को भी बुलाया गया है, जो घटनास्थल से साक्ष्य जुटा रही है। पुलिस आसपास लगे CCTV कैमरों की फुटेज खंगाल रही है, ताकि हमलावरों की पहचान की जा सके।

## चोरी की आशंका में पिटाई, सीसीटीवी से अपराधियों की पहचान में जुटी पुलिस

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**पटना।** बुद्ध कॉलोनी थाना क्षेत्र के राजा पुल के पास शुक्रवार को सड़क किनारे एक युवक की बॉडी मिली थी। जिसकी पहचान पाटलिपुत्र थाना अंतर्गत मानपुर के रहने वाले शंकर चौहान (31वर्ष) के तौर पर हुई थी। घटना का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है, जिसमें 5-6 की संख्या में शंकर चौहान के पीछे उसे मरते गली से युवक निकल रहे हैं। इस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस अपराधियों की पहचान में जुटी है। SDPO लॉ एंड ऑर्डर कृष्ण मुरारी प्रसाद ने बताया कि मृतक शंकर चौहान के बारे में पता चला है कि नशे के भी आदि थे। पूर्व में पटना और दानापुर थाना क्षेत्र से चोरी के मामले में तीन बार जेल भी जा चुका था। प्रारंभिक जांच में यही बात सामने आई है कि जो लोग गली से उसके साथ निकल कर आ रहे हैं, संभव है कि उनके द्वारा मारपीट भी की गई होगी। एक दीवार है, उसी से टकराकर गिरे हैं। इसके बाद पुलिस वगैरह को सूचना नहीं दी गई है। इलाज वगैरह नहीं कराया गया है। एक टीम गठित की गई है। जो टेक्निकल और ह्यूमन इनपुट के आधार पर जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मृत्यु का कारण स्पष्ट होगा। जो भी पोस्टमार्टम रिपोर्ट में निकलकर आएगा। उसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।



❒ सड़क किनारे मिली थी युवक की बॉडी

मृतक की पत्नी अर्चना देवी का कहना है कि अगर उसने गलती भी की थी तो पुलिस सजा देती। लेकिन मारकर फेंक दिया गया। मेरे दो बच्चे हैं, अब हम लोग कहां जाएंगे। कौन हम लोगों की देखरेख करेगा। अब मेरे बच्चों को कौन पढ़ाएगा।

मृतक की पत्नी अर्चना देवी ने बताया कि छोटे भाई की बेटा मंदिर में शादी थी उसी की तैयारी चल रही थी सुबह में हम लोग मंदिर जाने वाले थे। इसके लिए पहले ही मेरे भाइयों ने कपड़ा वगैरह मेरे पति का सिलवा दिया था। 2:00 तक साथ ही थे। सुबह में रोज की तरह 4-5 बजे चाय पीने के लिए निकले। उसके बाद 6:00 बजे मेरी एक रिश्तेदार ने फोन करके बताया कि उनकी बॉडी राजा पुल के पास सड़क किनारे पड़ी है। तब हम लोग यहां पर पहुंचे हैं। मेरे पति को मार कर फेंक दिया गया है।

## 'कमर्शियल सिलेंडर का दाम बढ़ाना जजिया टैक्स से भी क्रूर'

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**पटना।** कांग्रेस ने मोदी सरकार के कॉमर्शियल सिलेंडर की कीमतों में बढ़ोतरी के फैसले को जजिया टैक्स से भी ज्यादा क्रूर बताया है। कल ही कॉमर्शियल सिलेंडर की कीमतों में बढ़ोतरी हुई थी, जिसके बाद से कांग्रेस इसका विरोध कर रही है। बिहार कांग्रेस प्रवक्ता असित नाथ तिवारी ने कहा कि, 'प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी पकौड़ा तलो योजना के पैरोकार हैं। वह पकौड़ा कमर्शियल सिलेंडर पर ही तला जाता है। उन्होंने कमर्शियल सिलेंडर का दाम सीधे 1000 रुपए तक बढ़ा दिया।'

असित नाथ तिवारी ने कहा कि, 'मामूली ठेले पर भी चाय पीने जाएंगे तो अब 20 रुपए की चाय मिलेगी। छोटा सिलेंडर, जिसमें 5kg गैस आता हैं, उसकी कीमत अब पौने 300 रुपए तक बढ़ा गई है। मोदी जी काफी जुल्म किया है। देश इसका जवाब देगा।' कॉमर्शियल सिलेंडर 1 मई से 994 रुपए तक महंगा हो गया है। 5 किलो वाले फ्री ट्रेड एलपीजी (FTL) सिलेंडर की कीमतों में 261 रुपए का इजाफा किया गया है। इस बढ़ोतरी के बाद अब 'छोटू' सिलेंडर की रिफिल कीमत 813.50 रुपए हो गई है। इसके अलावा 'ऑनलाइन गेमिंग रूल्स 2026' प्रभावी हो गए हैं।



❒ कांग्रेस बोली- मोदी जी पकौड़ा तलो बोलते हैं, फिर सिलेंडर के दाम भी बढ़ाते हैं

## मसौढ़ी में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई गई बुद्ध पूर्णिमा, शांति और करुणा का दिया संदेश

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**मसौढ़ी (पटना):** प्रखंड के कराय पंचायत अंतर्गत घोरहुआ गांव में शुक्रवार को बुद्ध पूर्णिमा का पावन पर्व श्रद्धा, भक्ति और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर पूरे गांव में आध्यात्मिक माहौल बना रहा और बड़ी संख्या में श्रद्धालु कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान बुद्ध की प्रतिमा पर माल्यार्पण, दीप प्रज्वलन और बुद्ध वंदना के साथ की गई। श्रद्धालुओं ने पुष्प अर्पित कर भगवान बुद्ध को नमन किया और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। पूरे वातावरण में शांति, सद्भाव और भक्ति की भावना देखने को मिली।

इस मौके पर कराय पंचायत के मुखिया सह मुखिया संघ के अध्यक्ष पिंकू कुमार तथा आचार्य सतेंद्र कुमार सिंह की गरिमामयी उपस्थिति रही। आचार्य सतेंद्र कुमार सिंह ने अपने संबोधन में भगवान बुद्ध के जीवन और उनके उपदेशों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि किस प्रकार राजकुमार सिद्धार्थ ने वैभवपूर्ण जीवन त्यागकर सत्य और ज्ञान की खोज के लिए संन्यास लिया और बोधगया में कठोर तपस्या के बाद ज्ञान प्राप्त किया। उन्होंने भगवान बुद्ध के 'चार आर्य सत्य', 'अष्टांग मार्ग', 'मध्यम मार्ग', 'अहिंसा' और 'करुणा' जैसे सिद्धांतों को आज के जीवन में अपनाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में समाज को शांति, सहिष्णुता और आपसी भाईचारे की सबसे अधिक जरूरत है, जिसे बुद्ध के विचारों से सशक्त किया जा सकता है। कार्यक्रम के अंत में बुद्ध परंपरा के अनुसार श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद स्वरूप खीर का वितरण किया गया। इस दौरान संजीव कुमार सिंह, ख्याली रविदास, चिंटू, संबद्ध मुन्ना कुमार, पप्पू रविदास, आदित्य कुमार, सुबोध कुमार, राजू सिंह, जयप्रकाश कुमार, सतीश कुमार, सिकंदर कुमार, मिथलेश कुमार सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे और आयोजन को सफल बनाया।





## पुलिस ने 8 अंतरराज्यीय तस्करों को पकड़ा, नशे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**पटना।** पटना के नदी थाना पुलिस ने नशीली दवाओं के काले कारोबार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए 8 अंतरजिला तस्करों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से भारी मात्रा में प्रतिबंधित कोडीन युक्त कफ सिरप बरामद किया गया है।

**गश्ती के दौरान कच्ची दरगाह में पकड़े गए संदिग्धः** शुक्रवार को थानाध्यक्ष सद्दाम हुसैन के नेतृत्व में पुलिस टीम वाहन जांच और फरार अपराधियों की तलाश में गश्त कर रही थी। इसी दौरान कच्ची दरगाह के पास पीपा पुल की ओर से आ रहे 6 पुरुष और 2 महिलाएं संदिग्ध अवस्था में दिखे। पुलिस को देखते ही सभी भागने लगे, लेकिन घेराबंदी कर उन्हें पकड़ लिया गया।

**बैग से निकली 675 बोतल नशीली दवाः** तलाशी के दौरान आरोपियों के बैग और थैलों से 675 बोतल (67.5 लीटर) 'कोडीन फॉस्फेट' युक्त कफ सिरप और 3 एंड्रॉइड मोबाइल फोन बरामद किए गए। जब्त सिरप की कीमत करीब 2 लाख रुपये बताई जा रही है।

**वैशाली के रहने वाले आरोपीः** गिरफ्तार आरोपियों में 6 पुरुष और 2 महिलाएं शामिल हैं। इनकी पहचान वैशाली जिले के विभिन्न इलाकों के रहने वाले प्रमेंट राय, रंजीत कुमार, संजीव कुमार, लाला राय, विरध राय, नितिश राय, रिंकु देवी और हाजीपुर की सुमन कुमारी के रूप में हुई है।



**NDPS एक्ट के तहत केस दर्जः** फतुहा एसडीपीओ-1 अवधेश कुमार ने शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि इस मामले में कांड संख्या 167/2026 दर्ज किया गया है। आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट और बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है।

पुलिस अब इस गिरोह के नेटवर्क को खंगालने में जुटी है। आशंका है कि यह नशीली दवाओं की सप्लाई बड़े स्तर पर करता था। इस कार्रवाई में एसआई देवकर्ण बंटी, विवेक कुमार, एएसआई संतोष कुमार समेत अन्य पुलिसकर्मियों की अहम भूमिका रही।

## पीएमसीएच के डॉक्टर 600 परिवारों को लेंगे गोद, 3 साल तक देंगे फ्री इलाज

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**पटना।** केंद्र सरकार के पायलट प्रोजेक्ट 'फैमिली एडॉप्शन प्रोग्राम' का शनिवार को फुलवारी शरीफ के इस्माइलपुर ढ़िबरा पंचायत में शुभारंभ किया गया। इस योजना के तहत पटना मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के सीनियर और जूनियर डॉक्टर ग्रामीण परिवारों को गोद लेकर उन्हें नियमित चिकित्सा सुविधाएं प्रदान करेंगे। कार्यक्रम का उद्घाटन स्थानीय विधायक एवं पूर्व मंत्री श्याम रजक ने किया। इस मौके पर उन्होंने इसे समाज के कमजोर वर्ग तक बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया।

**100 MBBS छात्रों की टीम करेगी सर्वेः** PMCH की डॉक्टर निशिता ने बताया कि इस परियोजना का उद्देश्य आर्थिक और सामाजिक रूप से कमजोर परिवारों को स्वास्थ्य सुविधाओं से जोड़ना है। इसके लिए करीब 100 MBBS छात्रों की टीम बनाई गई है, जो गांव-गांव जाकर घर-घर सर्वे करेगी। सर्वे के दौरान परिवार के सदस्यों की संख्या, उनकी बीमारियों और आवश्यक इलाज का पूरा रिकॉर्ड तैयार किया जाएगा। इस योजना के तहत MBBS छात्र करीब 600 परिवारों को गोद लेंगे और तीन वर्षों तक उनकी स्वास्थ्य निगरानी करेंगे। प्रत्येक छात्र 3 से 5 परिवारों की जिम्मेदारी संभालेगा। कार्यक्रम के दौरान परिवार के सदस्यों की नियमित जांच, बीमारी की पहचान और आवश्यक उपचार के साथ उन्हें स्वास्थ्य के प्रति जागरूक भी किया जाएगा। इसके अलावा समय-समय पर मुफ्त स्वास्थ्य शिविर लगाकर जांच और परामर्श की सुविधा दी जाएगी। विधायक श्याम रजक ने कहा कि, उनका लक्ष्य 'स्वस्थ फुलवारी, स्वच्छ फुलवारी, शिक्षित फुलवारी' बनाना है। उन्होंने कहा, 'स्वास्थ्य ही सबसे बड़ी पूंजी है। जब मेडिकल छात्र सीधे परिवारों से जुड़ेंगे, तो बीमारियों की समय पर पहचान होगी और जागरूकता बढ़ेगी।' उन्होंने कहा कि, यह पहल 'सबका स्वास्थ्य, सबका विकास' की सोच को जमीन पर उतारने का सशक्त माध्यम साबित होगी।



फुलवारी में 'फैमिली एडॉप्शन प्रोग्राम' शुरू

## भागलपुर कांग्रेस अध्यक्ष प्रवीण का पार्थिव शरीर सदाकत आश्रम पहुंचा

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**पटना।** भागलपपुर के कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रवीण सिंह कुशवाहा का पार्थिव शरीब शनिवार को पटना के सदाकत आश्रम लाया गया है। अमर रहे के नारे कांग्रेसी लगाते रहे। पार्थिव शरीर को पार्टी के झंडे से लपेटा गया है। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम रोने लगे। कांग्रेस के सभी वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता उन्हें श्रद्धांजलि देंगे। भागलपुर में शुक्रवार को कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रवीण सिंह कुशवाहा की सड़क हादसे में मौत हो गई थी।

वे दिल्ली से पटना कार से लौट रहे थे। इसी दौरान यूपी के कन्नौज में ड्राइवर को झपकी आने उनकी कार डिवाइडर से टकरा गई। कांग्रेस नेता प्रवीण सिंह कुशवाहा की सड़क हादसे में मौत पर लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने भी सोशल मीडिया पर दुख व्यक्त किया। उन्होंने प्लेटफॉर्म X पर लिखा, 'भागलपुर जिला कांग्रेस अध्यक्ष और वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रवीण सिंह कुशवाहा जी के सड़क दुर्घटना में हुए असामयिक निधन का समाचार अत्यंत दुखद है।' उन्होंने आगे लिखा, 'संगठन के प्रति उनकी निष्ठा और जनसेवा के प्रति उनका समर्पण सदैव स्मरणीय रहेगा। शोक संतप्त परिजनों, मित्रों और समर्थकों के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं। इस दुख की घड़ी में उनके साथ खड़ा हूं।'



## 'अल्पसंख्यकों के साथ भेदभाव नहीं होगा'

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**पटना।** पटना के JDU ऑफिस में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में बिहार के डिप्टी सीएम विजय कुमार चौधरी ने अल्पसंख्यक समाज को एकजुट रखने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि, 'वर्तमान सरकार सबको साथ लेकर चलने के सिद्धांत पर काम कर रही है। किसी भी वर्ग के साथ भेदभाव नहीं होगा।' डिप्टी सीएम ने स्पष्ट किया कि मौजूदा सरकार, जो मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में काम कर रही है, उसका रास्ता पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा तय किया गया है। उन्होंने कहा कि, 'सरकार उसी नीति और सिद्धांतों का पालन कर रही है, जो पहले से स्थापित हैं।'

**3C नीति पर कोई समझौता नहीं- विजय चौधरीः** डिप्टी सीएम विजय चौधरी ने बताया कि, 'मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने साफ कर दिया है कि 3C (क्राइम, करप्शन और कम्युनलिज्म) पर कोई समझौता नहीं होगा। साथ ही उन्होंने कहा कि, 'सांप्रदायिक सौहार्द को लेकर नीतीश कुमार की जो नीति रही है, वही आगे भी जारी रहेगी।



**विपक्ष पर माहौल बनाने का आरोपः** विजय चौधरी ने विपक्ष पर आरोप लगाते हुए कहा कि, 'पहले की सरकारों में केवल माहौल बनाया जाता था, खासकर अल्पसंख्यक समाज को लेकर।' उन्होंने चुनौती देते हुए कहा कि, 'एनडीए सरकार से पहले अल्पसंख्यकों के लिए ठोस काम नहीं हुए।'

**CAA और वक्फ कानून पर बोले डिप्टी सीएमः** डिप्टी सीएम ने नागरिकता संशोधन कानून (CAA) और वक्फ संशोधन कानून का जिक्र करते हुए कहा कि, 'इन मुद्दों पर देशभर में बेवजह हंगामा किया गया। आठ साल में किसी भी अल्पसंख्यक की नागरिकता नहीं छीनी गई है। इन मुद्दों पर लोगों को भ्रमित किया गया।'

**मतदाता सूची और SIR पर दी सफाईः** डिप्टी सीएम ने कहा कि, 'SIR को लेकर भी यह भ्रम फैलाया गया कि अल्पसंख्यकों के नाम मतदाता सूची से हटाए जाएंगे, जबकि ऐसा बिल्कुल नहीं है। उन्होंने विपक्ष पर आरोप लगाया कि वह अल्पसंख्यक समाज को गुमराह कर रहा है।'

मुख्यमंत्री के जनता दरबार में टोपी नहीं पहनने के सवाल पर विजय चौधरी ने हल्के अंदाज में कहा कि 'अगर टोपी से सरकार का प्रदर्शन मापा जाता है तो हमें 2-4 टोपी पहना दीजिए।' उन्होंने कहा कि, 'सरकार का काम, उसके प्रदर्शन से आंका जाना चाहिए।'

## संक्षिप्त समाचार

### श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर मंदिर में खिचड़ी भंडारे में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



**रांची।** रांची राजधानी के रातू रोड स्थित श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर (तिरुपति बालाजी) मन्दिर में शनिवार को शुद्ध ज्येष्ठ कृष्णपक्ष की पहली तिथि के त्रिपुष्कर योग में 929 वें खिचड़ी भंडारे का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी और पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। भंडारे में सैकडों श्रद्धालुओं ने खिचड़ी महाप्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः कालीन धार्मिक-वैदिक अनुष्ठानों के साथ हुई। पापविमोचन प्रभु श्रीपद्मावती वल्लभ की विधि-विधान पूर्वक पूजा की गई। इसमें वेद, उपनिषद, सुक्तादि मंत्रों से भांति-भांति उपचार-प्रत्युपचार से पूजा अर्चना और वंदना जैसे महत्वपूर्ण सेवा- उपासना संपन्न किया गया। पूजन के दौरान विभिन्न मंत्रों, ऋचाओं, श्लोकों और आगमोक्त विधियों के माध्यम से वेंकटाचलपति श्रीश्रीनिवास की आराधना हुई। इससे पूरे मंदिर प्रांगण में आध्यात्मिक उर्जा से सराबोर हो गया। इसके बाद भगवान श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर के चारों व्यूहों सहित महालक्ष्मी श्रीश्रीदेवी, श्रीभूमिदेवी सहित सभी विग्रहों की भव्य महाआरती की गई, जिसे देख श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। मराआरती के बाद भगवान को विधिवत खिचड़ी महाभोग का नैवेद्य चढ़ाया गया। भंडारा आयोजन के यजमान शशिभूषण सिंह धर्मपत्नी वीणा सिंह और पटना की माही थी। पूरे अनुष्ठान को श्री सत्यनारायण गौतम और गोपेश आचार्य ने संपन्न कराया। इस अवसर पर राम अवतार नरसरिया, अनूप अग्रवाल, प्रदीप नरसरिया, राजेश सुलतानिया, रंजन सिंह और ओमप्रकाश गाड़ोदिया सहित अन्य उपस्थित थे।

### रांची जिला अस्पताल में अत्याधुनिक न्यूरो फिजियोलॉजी लैब का उद्घाटन, अब स्थानीय स्तर पर हो सकेगी जटिल जांच



**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची के जिला अस्पताल में मरीजों को बेहतर और आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया गया है। यहां अत्याधुनिक न्यूरो फिजियोलॉजी लैब का शुभारंभ किया गया, जिससे अब न्यूरोलॉजिकल जांच के लिए मरीजों को बड़े शहरों या निजी अस्पतालों का रुख नहीं करना पड़ेगा। लैब का उद्घाटन सिविल सर्जन डॉ. प्रभात कुमार ने किया। इस अवसर पर उपाधीक्षक डॉ. बिमलेश सिंह भी मौजूद रहे। अधिकारियों के अनुसार, यह सुविधा राज्य के जिला अस्पतालों में अपनी तरह की पहली पहल है। लैब के संचालन और मार्गदर्शन की जिम्मेदारी डॉ. संजीव कुमार शर्मा और डॉ. अहमद हुसैन संभालेंगे, जिससे विशेषज्ञता के साथ जांच संभव हो सकेगी। इस अत्याधुनिक लैब में एनसीएस (नर्व कंडक्शन स्टडी), ईईजी (इलेक्ट्रोएन्सेफेलोग्राम), ईएमजी (इलेक्ट्रोमायोग्राफी), वीईपी (विजुअल एवोक्ड पोटेंशियल) और आरएनएसटी (रीपिटेटिव नर्व स्टिमुलेशन टेस्ट) जैसी महत्वपूर्ण जांच सुविधाएं उपलब्ध होंगी। अब तक ये सुविधाएं झारखंड के किसी भी जिला अस्पताल में उपलब्ध नहीं थीं, जिससे मरीजों को काफी परेशानी होती थी। डॉक्टरों का कहना है कि यह लैब मिर्गी, नसों से जुड़ी बीमारियों, मांसपेशियों की समस्याओं और अन्य न्यूरोलॉजिकल विकारों के सटीक निदान में सहायक होगी। साथ ही, श्रवण समस्या से जूझ रहे बच्चों की जांच और उपचार में भी यह सुविधा अहम भूमिका निभाएगी। ट्रॉमा के मरीजों के लिए भी यह लैब काफी उपयोगी साबित होगी, क्योंकि इससे अंदरूनी चोटों और नसों की क्षति का समय पर पता लगाया जा सकेगा। इससे इलाज की प्रक्रिया तेज और प्रभावी होगी, खासकर आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों को इसका सीधा लाभ मिलेगा।

### पूर्वी सिंहभूम में 100 से अधिक रक्तदाताओं को "रक्तवीर" सम्मान



**पूर्वी सिंहभूम।** आनंद मार्ग यूनिवर्सल रिलीफ टीम ग्लोबल की ओर से गदरा स्थित आनंद मार्ग आश्रम में एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर 100 से अधिक नियमित रक्तदाताओं को "रक्तवीर" की उपाधि देकर सम्मानित किया गया। समारोह में आनंद मार्ग के वरिष्ठ संन्यासियों ने रक्तवीरों को आशीर्वाद देते हुए रक्तदान को केवल सामाजिक सेवा ही नहीं, बल्कि एक उच्च आध्यात्मिक साधना बताया। उन्होंने कहा कि रक्तदान मानवता के प्रति निस्वार्थ समर्पण का प्रतीक है, जो समाज में करुणा और सहयोग की भावना को मजबूत करता है। इस अवसर पर वक्ता सुनील आनंद ने कहा कि यदि रक्तदान को परमात्मा के प्रति समर्पण भाव से किया जाए, तो यह दोहरा पुण्य प्रदान करता है। एक ओर यह जरूरतमंद व्यक्ति को जीवनदान देता है, वहीं दूसरी ओर दाता के मन और शरीर पर भी सकारात्मक प्रभाव डालता है। उन्होंने कहा कि रक्तदान का कोई विकल्प नहीं है। यह ऐसा दान है, जो सीधे किसी के जीवन से जुड़ा होता है और इसे निस्वार्थ भाव से करना ही इसकी सबसे बड़ी विशेषता है। समारोह के दौरान सभी रक्तवीरों को सम्मान पत्र और स्मृति चिन्ह भेंट कर उनके योगदान की सराहना की गई।

### उत्पाद विभाग की छापेमारी में एक गिरफ्तार, अवैध शराब भट्टी ध्वस्त



**पश्चिमी सिंहभूम।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के मंझारी थाना क्षेत्र अंतर्गत उलीडीह गांव में शनिवार को उत्पाद विभाग ने अवैध शराब कारोबार के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए छापेमारी की। इस दौरान चंद्रमोहन सवैया को गिरफ्तार कर लिया गया, जबकि मामले में नामजद चार अन्य आरोपित मौके से फरार हो गए। फरार आरोपितों में श्याम सिंह मुंडा, बीरू मुंडा, रुई मुंडा और चंद्र मुंडा शामिल हैं, जिनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। यह कार्रवाई डीसी मनीष कुमार के निर्देश पर उत्पाद विभाग की टीम ने मंझारी थाना पुलिस के सहयोग से की। छापेमारी के दौरान अवैध शराब बनाने की भट्टी को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया गया। साथ ही भारी मात्रा में जावा महुआ और तैयार अवैध शराब बरामद की गई। अभियान के दौरान करीब 2000 किलो जावा महुआ नष्ट किया गया, जबकि लगभग 90 लीटर अवैध शराब जब्त की गई। इसके अलावा एक दुकान से करीब साढ़े छह लीटर बियर भी बरामद की गई। शराब निर्माण में प्रयुक्त उपकरणों को भी मौके से जब्त कर लिया गया। उत्पाद विभाग ने इस मामले में कुल पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। अधिकारियों का कहना है कि अवैध शराब कारोबार के खिलाफ आगे भी इसी तरह सख्त अभियान जारी रहेगा और फरार आरोपितों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

# नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी को राष्ट्रीय अंबेडकर पुरस्कार से किया गया सम्मानित

**एजेंसी। रांची**



झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी को राष्ट्रीय अम्बेडकर अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान मजदूर दिवस के अवसर पर उनके रांची स्थित आवास पर एक सादे लेकिन गरिमामय कार्यक्रम में प्रदान किया गया। यह प्रतिष्ठित पुरस्कार बहुजन साहित्य अकादमी द्वारा दिया जाता है, जो समाज के दलित, गरीब और वंचित वर्गों के उत्थान में उल्लेखनीय योगदान देने वाले व्यक्तियों को सम्मानित करती है। इस वर्ष बाबूलाल मरांडी को उनके सामाजिक और जनसेवा से जुड़े कार्यों के लिए इस सम्मान के लिए चुना गया। शनिवार को अम्बेडकर स्कूल ऑफ मार्शल आर्ट्स के अध्यक्ष, अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी एवं अकादमी के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष अनिल बांसफोर ने स्वयं उनके आवास पहुंचकर यह पुरस्कार भेंट किया। इस दौरान उन्होंने मरांडी के सामाजिक योगदान और वंचित वर्गों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता की सराहना की। प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, मरांडी का चयन 15 मार्च 2026 को तिरुपति स्थित जीएसकेआर भवन, बैरागीपट्टेदा में आयोजित अकादमी के 18वें राष्ट्रीय सम्मेलन के दौरान किया गया था। हालांकि किसी कारणवश उस समय उन्हें सम्मान प्रदान नहीं किया जा सका, जिसके बाद यह सम्मान उनके रांची स्थित आवास पर जाकर सौंपा गया। सम्मान प्राप्त करने के बाद बाबूलाल मरांडी ने कहा कि यह पुरस्कार उनके लिए व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि समाज के गरीब, दलित और वंचित वर्गों के प्रति उनके समर्पण का प्रतीक है। उन्होंने इसे उन्हीं वर्गों को समर्पित करते हुए कहा कि उनका पूरा जीवन समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों की सेवा के लिए समर्पित रहा है। इस अवसर पर कई सामाजिक कार्यकर्ता और समर्थक भी उपस्थित रहे, जिन्होंने इस सम्मान को झारखंड के लिए गर्व का विषय बताया।

## झारखंड में स्वास्थ्य सेवाओं में एआई की एंट्री, गूगल के साथ एमओयू की पहल

**एजेंसी। रांची**



झारखंड सरकार ने स्वास्थ्य सेवाओं को आधुनिक और अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में कदम उठाते हुए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) तकनीक को लागू करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस पहल के तहत राज्य के स्वास्थ्य विभाग में एआई के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए गुगल एलएलसी के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) की पहल की गई है। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने शनिवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि एआई तकनीक के लागू होने से सरकारी अस्पतालों, मेडिकल कॉलेजों और स्वास्थ्य केंद्रों में जांच, इलाज और डेटा प्रबंधन की प्रक्रिया तेज और अधिक सटीक होगी। इससे मरीजों की बीमारी की समय पर पहचान, जांच रिपोर्ट तैयार करने और उपचार व्यवस्था में उल्लेखनीय सुधार होने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में राज्य सरकार स्वास्थ्य क्षेत्र में तकनीकी संसाधनों को सुदृढ़ करने पर विशेष ध्यान दे रही है। एआई के उपयोग से शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों के लोगों को बेहतर और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकेंगी। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, इस नई तकनीक से डॉक्टरों और मेडिकल स्टाफ को कार्य में बेहतर सहयोग मिलेगा, जिससे सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार होगा। साथ ही अस्पतालों में संसाधनों की निगरानी, दवाइयों की उपलब्धता और मरीजों के रिकॉर्ड के प्रबंधन में पारदर्शिता भी बढ़ेगी। सरकार को उम्मीद है कि यह पहल राज्य के स्वास्थ्य ढांचे को अधिक मजबूत और भविष्य के अनुरूप बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

## कैंब्रियन पब्लिक स्कूल में 'आरोह' कार्यक्रम, 367 मेधावी विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित

**एजेंसी। रांची**



रांची के कांके रोड स्थित कैंब्रियन पब्लिक स्कूल में सत्र 2025-26 के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। विद्यालय में आयोजित 'आरोह' कार्यक्रम के तहत कक्षा चतुर्थ से ग्यारहवीं तक के मेधावी छात्रों को पुरस्कार प्रदान किए गए। इस कार्यक्रम में उन विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने पिछले शैक्षणिक सत्र में किसी विषय में शत-प्रतिशत अंक प्राप्त किए या कुल 85 प्रतिशत अथवा उससे अधिक अंक हासिल किए। इसके साथ ही ऐसे छात्र-छात्राओं को भी पुरस्कृत किया गया, जिनकी पूरे सत्र में शत-प्रतिशत उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की निदेशक सह प्राचार्या परमजीत कौर ने कहा कि इस तरह के सम्मान से विद्यार्थियों में प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित होती है और वे बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित होते हैं। उन्होंने कहा कि उत्कृष्ट प्रदर्शन और नियमित उपस्थिति वाले छात्रों को पुरस्कृत करना अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनता है। उन्होंने यह भी बताया कि ऐसे आयोजनों से विद्यालय में शिक्षण कार्य को नई ऊर्जा मिलती है और बच्चों को सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। इस अवसर पर कुल 367 विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित अभिभावकों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए महत्वपूर्ण बताया।

## एचईसी कर्मचारियों को समय पर वेतन भुगतान की मांग, 7 मई तक भुगतान नहीं हुआ तो आंदोलन की चेतावनी

**एजेंसी। रांची**



हेवी इंजीनियर्स कॉर्पोरेशन (एचईसी) लिमिटेड में कार्यरत मजदूर कर्मियों को हर माह समय पर वेतन भुगतान सुनिश्चित करने की मांग उठाई गई है। लंबे समय से वेतन भुगतान में हो रही अनियमितता के कारण कर्मचारियों को गंभीर आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। हटिया कामगार यूनियन (एटक) के उपाध्यक्ष लालदेव सिंह ने शनिवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि अब वेतन में किसी भी प्रकार की देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि एचईसी में प्रत्येक माह की 7 तारीख तक वेतन भुगतान होना चाहिए, लेकिन यह व्यवस्था लगातार प्रभावित हो रही है। उन्होंने कहा कि पिछले माह समय पर वेतन नहीं मिलने से कारखाने के अंदर असंतोष की स्थिति उत्पन्न हो गई थी। ऐसे में यदि इस माह भी 7 मई तक वेतन का भुगतान नहीं किया गया, तो स्थिति फिर से तनावपूर्ण हो सकती है।लालदेव सिंह ने प्रबंधन पर आरोप लगाते हुए कहा कि काम की कमी और टाउनशिप से अपेक्षित राजस्व वसूली नहीं होने के कारण वेतन संकट लगातार गहरा रहा है, जिसका सीधा असर कर्मचारियों पर पड़ रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि एचईसी प्रबंधन को व्यवस्था सुधारने के लिए पर्याप्त समय दिया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस सुधार नहीं हुआ है। बकाया वेतन, पीएफ, सीपीएफ, बिजली-पानी बिल, सप्लायर भुगतान और सेवानिवृत्त कर्मियों की सुविधाओं से जुड़े मुद्दों पर भी गंभीरता से ध्यान नहीं दिया जा रहा है। यूनियन ने प्रबंधन से जल्द स्थिति सुधारने की मांग करते हुए चेतावनी दी है कि यदि समय पर वेतन भुगतान नहीं हुआ, तो कर्मचारियों में आक्रोश बढ़ सकता है और आंदोलन की स्थिति उत्पन्न हो सकती है।

## झूलन कार्यक्रम के तिलमी मंडा अनुष्ठान संपन्न



**एजेंसी। खूंटी**

कर्रा प्रखंड के ऐतिहासिक तिलमी मंडा का समापन शनिवार को झूलन कार्यक्रम के साथ श्रद्धा और उत्साह के बीच सम्पन्न हुआ। त पंडित संजय गोस्वामी ने मंदिर परिसर के शुद्धिकरण से की। इस दौरान 51 भगतियों ने नौ दिनों तक निर्जला उपवास रखकर भगवान भोलेनाथ की आराधना की और विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। शुक्रवार रात धुआं-सुआ और फुलकुदी कार्यक्रम में श्रद्धालुओं ने दहकते अंगारों पर नंगे पांव चलकर अपनी आस्था का परिचय दिया। शनिवार को झूलन के दौरान श्रद्धालुओं पर फूल बरसाए गए, जिन्हें पाने के लिए लोगों में खासा उत्साह देखा गया। महिलाओं ने आंचल फैलाकर और पुरुषों ने छाता खोलकर फूल ग्रहण किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा खूंटी जिला अध्यक्ष आनंद कुमार और जिला महामंत्री निखिल कंडुलना ने दीप प्रज्ज्वलित कर आर्केस्ट्रा का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि मंडा पूजा हमारी आस्था, परंपरा और संस्कृति का प्रतीक है। आर्केस्ट्रा में स्थानीय कलाकारों ने भक्ति और लोकगीत प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। मेले में भी लोगों ने जमकर खरीदारी की। कार्यक्रम की सफलता में आयोजन समिति और ग्रामीणों की अहम भूमिका रही।

# बुद्ध पूर्णिमा पर बाराद्वारी में मां बाघेश्वरी देवी की पूजा, हजारों श्रद्धालु हुए शामिल

**एजेंसी। पूर्वी सिंहभूम**



बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर शनिवार को बाराद्वारी स्थित भवन परिसर में सुवर्ण वर्णिक समाज के प्रदेश, जिला एवं विभिन्न शाखा कमेटियों के संयुक्त तत्वावधान में मां बाघेश्वरी देवी की भव्य पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया। इस धार्मिक अनुष्ठान में हजारों श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी, जिससे पूरा वातावरण भक्ति और श्रद्धा से सराबोर हो गया। कार्यक्रम की शुरुआत शुक्रवार सुबह स्वर्णरेखा नदी घाट से पारंपरिक विधि-विधान के साथ कलश यात्रा से हुई। समाज के लोग जयकारों के बीच पूजा स्थल तक पहुंचे, जिससे पूरा क्षेत्र धार्मिक ऊर्जा से भर उठा। इसके बाद देर रात तक विधिवत मंत्रोच्चार के साथ मां बाघेश्वरी देवी की पूजा संपन्न की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित विधायक पूर्णिमा साहू ने मां के चरणों में समाज के सभी परिवारों की सुख-समृद्धि और संकटों से रक्षा की प्रार्थना की। उन्होंने समाज की एकता और सहयोग को सबसे बड़ी शक्ति बताते हुए महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने और बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। धार्मिक आयोजन के साथ-साथ विभिन्न सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। बच्चों के लिए खेलकूद प्रतियोगिताएं, जबकि महिलाओं के लिए चियर रेस और जलेबी रेस जैसे मनोरंजक कार्यक्रमों ने माहौल को और भी उत्साहपूर्ण बना दिया। कार्यक्रम के दौरान रक्तदान में उत्कृष्ट योगदान देने वाली शाखाओं को भी सम्मानित किया गया। इसमें भुईयाडीह शाखा ने 135 यूनिट रक्तदान कर प्रथम स्थान प्राप्त किया, निर्मल नगर शाखा ने 102 यूनिट के साथ द्वितीय स्थान और मानगो शाखा ने 70 यूनिट रक्तदान कर तृतीय स्थान हासिल किया। कार्यक्रम का संचालन कंचन दत्ता ने किया। इस अवसर पर साकची महिला थाना प्रभारी रूपा पाल, सोनारी थाना प्रभारी मधुसूदन दे, आनंद बिहारी दुबे, विकास सिंह, प्रदेश अध्यक्ष संजय पोद्दार, प्रदेश सचिव दीपक दत्ता, जिला अध्यक्ष रवि मांझी सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। प्रदेश संरक्षक विश्वनाथ चंद्र, गोपाल दत्त, समीर दत्त, डॉ. के.एल. पाल, संजय दत्ता और सनोज चंद्र सहित सभी आठ शाखाओं के पदाधिकारियों ने सक्रिय भूमिका निभाई। बड़ी संख्या में समाज के सदस्य, महिलाएं, युवा और बच्चे कार्यक्रम में शामिल हुए। आयोजकों ने बताया कि मां बाघेश्वरी देवी की प्रतिमा का विसर्जन रविवार शाम को पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है।

# बोकारो थर्मल पावर स्टेशन ने दामोदर को फिर से प्रदूषित करना शुरू कर दिया : सरयू राय

**एजेंसी। रांची**



झारखंड में नदियों के प्रदूषण का मामला एक बार फिर सामने आया है। जमशेदपुर पश्चिम के विधायक सरयू राय ने आरोप लगाया है कि दामोदर घाटी निगम के बोकारो थर्मल पावर स्टेशन (बीटीपीएस) से निकलने वाला दूषित बहिस्राव दोबारा दामोदर नदी को प्रदूषित कर रहा है। यह बहिस्राव राख, छाई, तैलीय पदार्थों और हानिकारक रासायनिक तत्वों से युक्त है, जो कोनार और दामोदर नदियों के संगम के पास गिर रहा है। विधायक ने शनिवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि ताप बिजली उत्पादन के दौरान निकलने वाले इस दूषित बहिस्राव को सामान्यतः ऐश पॉन्ड में भेजा जाता है, ताकि यह सीधे नदी में न जाए। लेकिन इस बार ऐश पॉन्ड तक जाने वाली पाइपलाइन फट गई है, जिससे यह प्रदूषित जल बाहर निकलकर पास के नाले के जरिए पहले कोनार नदी और फिर दामोदर नदी में पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि "दामोदर बचाओ आंदोलन" से जुड़े कार्यकर्ताओं ने सुबह इस घटना के फोटो साझा किए हैं, जिनमें स्पष्ट रूप से बहिस्राव के नदी में गिरने की स्थिति दिखाई दे रही है। यह कोई पहली घटना नहीं है। कभी पाइपलाइन फटती है तो कभी ऐश पॉन्ड की दीवार टूट जाती है, जिससे बार-बार नदियां प्रदूषित हो रही हैं। सरयू राय ने इस गंभीर मामले को लेकर बोकारो के उपायुक्त को कई तस्वीरें भेजी हैं और जिला पर्यावरण समिति के अध्यक्ष के रूप में सख्त कार्रवाई करने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि बीटीपीएस प्रबंधन की लापरवाही के कारण ऐश पॉन्ड में जमा राख का नियमित निस्तारण नहीं हो पा रहा है, जिसके चलते समय-समय पर दूषित बहिस्राव नदी में छोड़ा जा रहा है। विधायक ने चेतावनी दी कि यदि अभी यह स्थिति है, तो बारिश के मौसम में हालात और भी गंभीर हो सकते हैं। उस समय अधिक जल प्रवाह के साथ प्रदूषण के सबूत भी बह सकते हैं, जिससे जिम्मेदारी तय करना कठिन हो जाएगा। उन्होंने राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की भूमिका पर सवाल उठाते हुए कहा कि प्रदूषण रोकना उसकी वैधानिक जिम्मेदारी है। ऐसे उद्योगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए जो पर्यावरण मानकों का पालन नहीं करते।

## रांची में बारिश और ओलावृष्टि से गिरा तापमान, 08 तक येलो अलर्ट

**एजेंसी। रांची**



राजधानी रांची और आसपास के इलाकों में शनिवार को बारिश और ओलावृष्टि हुई, इससे तापमान में ०२ डिग्री की गिरावट दर्ज की गई। मौसम विभाग ने ०८ मई तक गर्जन के साथ वज्रपात होने की संभावना व्यक्त की है। इसे लेकर विभाग की ओर से येलो अलर्ट जारी किया गया है। पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य में सबसे अधिक तापमान डाल्टनगंज में 35 डिग्री और सबसे कम न्यूनतम तापमान रांची के नामकुम में 16.3 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। राज्य में सबसे अधिक बारिश पश्चिमी सिंहभूम के मंझारी में 41.2 मिलीमीटर रिकॉर्ड की गई। शनिवार को रांची और आसपास के इलाकों में सुबह से मौसम साफ रहा, लेकिन दोपहर बाद आसमान में काले और घने बादल छा गए। इसके बाद मध्यम दर्जे की बारिश और ओलावृष्टि हुई इससे वातावरण में ठंड महसूस की गई।

**टेम्परेचर अपडेट-** रांची में आज अधिकतम तापमान ३१ डिग्री और न्यूनतम 19 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। वहीं जमशेदपुर में अधिकतम 32 डिग्री और न्यूनतम 22 डिग्री, डाल्टनगंज में अधिकतम 35 और न्यूनतम 22.1 डिग्री, बोकारो में अधिकतम 34.1 डिग्री और न्यूनतम 22.1 डिग्री एवं चाईबासा में अधिकतम तापमान 33 डिग्री और न्यूनतम तापमान 22.4 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### पुणे में हैवानियत की हदें पार: 4 साल की बच्ची के साथ 65 साल के बुजुर्ग ने किया रेप

**पुणे, एजेंसी।** महाराष्ट्र के पुणे जिले के एक गांव में कथित तौर पर एक बुजुर्ग ने चार साल की



एक बच्ची का यौन शोषण किया और उसकी हत्या कर दी। न्यूज एजेंसी पीटीआई के अनुसार, पुलिस ने शुक्रवार को भोर तहसील में हुई इस घटना के सिलसिले में 65 साल के एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया, 'आरोपी ने कथित तौर पर बच्ची को खाना देने का लालच देकर अपने साथ ले गया। वह उसे मवेशियों के बाड़े में बने एक छप्पर में ले गया, जहां उसने बच्ची का यौन शोषण किया और उसकी हत्या कर दी।' जब बच्ची लापता हो गई तो उसके रिश्तेदारों ने उसे ढूंढ़ना शुरू किया। एक अधिकारी ने बताया कि ढूंढ़ने के दौरान एक निजी घर के सीसीटीवी फुटेज में आरोपी बच्ची के साथ दिखाई दिया। घटना के बाद सैकड़ों गांव वाले पुलिस चौकी पर जमा हो गए और आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। बाद में भीड़ ने मुंबई-बेंगलुरु हाईवे पर चक्का जाम कर दिया, जिससे भारी ट्रैफिक जाम लग गया। पुणे ग्रामीण के पुलिस अधीक्षक संदीप सिंह गिल ने भीड़ को शांत किया और लोगों को भरोसा दिलाया कि इस मामले में 15 दिनों के भीतर चार्जशीट दाखिल कर दी जाएगी।

### दिल्ली की सीएम पर अभद्र टिप्पणी करने के मामले में बड़ी कार्रवाई

**जयपुर, एजेंसी।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पर अभद्र एवं अश्लील टिप्पणी करने के मामले में दर्ज एक मामले में राजस्थान की अजमेर पुलिस ने एक कांग्रेस नेता को गिरफ्तार किया है। अजमेर के गंज पुलिस थाने में भाजपा की जिला इकाई के मीडिया संयोजक विक्रम सिंह की रिपोर्ट के आधार पर प्रारंभिक जांच के बाद कांग्रेस की आईटी सेल के शहर प्रभारी पीयूष सुराणा को गिरफ्तार किया गया है। गुरुवार को इंटरनेट मीडिया पर पीयूष की दिल्ली की सीएम के बारे में की गई पोस्ट प्रसारित होने के बाद गंज पुलिस थाने में मुकदमा दर्ज किया गया था। गुरुवार शाम जब पुलिस सुराणा से थाने में पूछताछ कर रही थी। उसी दौरान भाजपा की कुछ महिला कार्यकर्ताओं ने उनके खिलाफ नारेबाजी की। दो महिला कार्यकर्ताओं ने सुराणा के चेहरे और कपड़ों पर काला रंग फेंक दिया। विवाद बढ़ा तो पुलिसकर्मियों ने भाजपा की महिला कार्यकर्ताओं की समझाया। पुलिस की पूछताछ में सुराणा ने बताया कि उन्होंने गुरुवार सुबह विवादित टिप्पणी की थी, जिसे बाद में हटा दिया गया था। सुराणा ने अपनी फेसबुक आइडी हैक होने की बात भी कही। उधर, अजमेर जिला कांग्रेस के अध्यक्ष राजकुमार जयपाल ने कहा कि सुराणा पहले आईटी सेल के प्रभारी थे। लेकिन बाद में उन्हें पद से हटाकर कार्यकारिणी भंग कर दी गई थी।

### लोगों को मराठी सिखाने पर राज ठाकरे स्पष्ट करें अपना रुख

**धाराशिव, एजेंसी।** महाराष्ट्र के परिवहन मंत्री प्रताप सरनाइक ने शुक्रवार को कहा कि महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (एमएनएस) के अध्यक्ष राज ठाकरे को यह स्पष्ट करना चाहिए कि क्या वे राज्य में रहने वाले हिंदी भाषी लोगों को मराठी सिखाना चाहते हैं। उनका रुख हर दिन बदलता रहता है। एमएनएस कार्यकर्ताओं ने कुछ जगहों पर हिंदी भाषी लोगों को मराठी सिखाने के लिए कक्षाएं शुरू कर दी हैं, लेकिन वे कहते हैं कि हिंदी भाषी लोगों को मराठी क्यों सिखाई जानी चाहिए। एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना के मंत्री ने कहा कि राज ठाकरे को अपना रुख स्पष्ट करना चाहिए, ताकि हम मराठी को पूरी दुनिया में फैला सकें। उनकी यह टिप्पणी गुरुवार को पुणे में ठाकरे द्वारा उत्तर भारतीयों को मराठी सिखाने के उद्देश्य पर सवाल उठाने के बाद आई है।

# न्यू आगरा के मास्टर प्लान पर यीड़ा को मिली चार आपत्तियां, चंडीगढ़ की तर्ज पर इसी साल शुरू होगा काम

**ग्रेटर नोएडा, एजेंसी।** आगरा अर्बन सेंटर (न्यू आगरा) के ड्राफ्ट मास्टर प्लान पर यीडा को चार आपत्ति मिली हैं। प्राधिकरण इन आपत्तियों का अध्ययन कर रहा है। इसके बाद यीडा सीईओ की अध्यक्षता में गठित समिति आपत्तियों पर निर्णय लेकर उन्हें मास्टर प्लान में समायोजित करने का फैसला लेगी।

आगरा अर्बन सेंटर का मास्टर प्लान इसी वर्ष तक तैयार होने के बाद जमीन अधिग्रहण का काम शुरू होने की संभावना है। यीडा की योजना आगरा अर्बन सेंटर को चंडीगढ़ की तर्ज पर विकसित करने की है। ताज संरक्षित क्षेत्र होने के कारण पर्यावरण को लेकर खास फोकस है। आगरा अर्बन सेंटर में प्रदूषण मुक्त उद्योगों को प्राथमिकता होगी। नए आगरा शहर में रैपिड रेल से कनेक्टिविटी होगी।

**यीडा ने मांगे थे आपत्ति और सुझाव:** यमुना प्राधिकरण के अधिसूचित क्षेत्र में शामिल आगरा के गांवों की जमीन पर नियोजित शहर बसाने के लिए मास्टर प्लान तैयार किया जा रहा है। सलाहकार एजेंसी ने 293 पेज में आगरा अर्बन सेंटर का ड्राफ्ट मास्टर प्लान यीडा को सौंपा था। यीडा ने इस पर आपत्ति और सुझाव मांगे थे। प्राधिकरण को चार आपत्ति मिली है। यीडा सलाहकार एजेंसी से इनका अध्ययन करा रहा है। इसमें देखा जाएगा कि मास्टर प्लान को लेकर मिली आपत्ति कितनी व्यावहारिक व शामिल करने योग्य हैं।

नए आगरा शहर के मास्टर प्लान को 16.5 लाख की आबादी के लिए तैयार किया है। 14480.61 हे. में प्रस्तावित शहर को औद्योगिक और पर्यटन की प्राथमिकता



के साथ विकसित किया जाएगा। इसमें 3527.65 हे. क्षेत्र आवासीय श्रेणी के लिए आरक्षित होगा। औद्योगिक श्रेणी के लिए 3837.83 हे. क्षेत्र आरक्षित किया गया है।

पर्यटन उद्योग के लिए 680.72 हे. क्षेत्र होगा। 2325.65 हे. में केवल हरित क्षेत्र होगा। इसमें 306 हे. जंगल भी शामिल है। सड़क, मल्टी माडल ट्रांसपोर्ट हब, आरआरटीएस कारिडोर आदि ट्रांसपोर्ट ढांचे के लिए भी 2189.22 हे. क्षेत्र आरक्षित किया गया है।

प्राधिकरण के एसीईओ शैलेंद्र भाटिया का कहना है कि आगरा अर्बन सेंटर यीडा की अहम परियोजना है। पर्यटन और उद्योग की प्राथमिकता के साथ नया शहर विकसित किया जाएगा। ड्राफ्ट मास्टर प्लान पर मिली चारों आपत्तियों का अध्ययन हो रहा है। बोर्ड और प्रदेश सरकार से स्वीकृति के बाद नए शहर के विकास पर काम शुरू किया जाएगा।

यमुना एक्सप्रेसवे के दोनों ओर विकसित होगा शहर नया आगरा शहर यीडा में अधिसूचित 43 गांवों की जमीन पर विकसित होगा। इसे यमुना एक्सप्रेसवे के दोनों ओर विकसित किया जाएगा यानि एक्सप्रेस वे शहर के बीच से होकर गुजरेगा। पर्यटन से संबंधित गतिविधियों को यमुना नदी के नजदीक विकसित किया जाएगा।

### बना नया रिकॉर्ड, 1,889 करोड़ की शराब गटक गए लोग; सरकार का भर गया खजाना

**गाजियाबाद, एजेंसी।** गाजियाबाद जिले में शराब और बीयर की खपत बढ़ रही है। यही वजह है कि शराब की बिक्री का रिकॉर्ड टूटा है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में आबकारी विभाग को पहली बार 1,889 करोड़ रुपये की शराब की बिक्री की गई है, जो कि लक्ष्य के सापेक्ष 88 प्रतिशत है। इसके अलावा जिले में अवैध शराब की बिक्री को रोकने के लिए जिले में 1,189 मामले वित्तीय वर्ष 2025-26 में दर्ज किए गए हैं, जिसमें 53 लोगों की गिरफ्तारी की गई है और 52 आरोपियों को जेल भेजा गया है। अवैध शराब की बिक्री के मामले में वित्तीय वर्ष 2021-22 में जिले में 252 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था। वित्तीय वर्ष 2022-23 में यह संख्या बढ़कर 466 पहुंच गई। वित्तीय वर्ष 2024-24 में 212, वित्तीय वर्ष 2024-25 में 116 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था। पिछले पांच साल में वित्तीय वर्ष 2025-26 में पहली बार अवैध शराब के मामले में गिरफ्तार आरोपियों की संख्या सौ से कम रही है। आबकारी विभाग की टीम को जिले में अवैध शराब की बिक्री पर पूरी तरह से रोक लगाने के निर्देश दिए गए हैं। इसके लिए आबकारी निरीक्षकों को लगातार चेकिंग करने के निर्देश दिए गए हैं। जिले में दूसरे राज्यों से शराब लाकर बेचने वालों के साथ ही अवैध रूप से शराब की बिक्री करने वालों पर नजर रखी जा रही है। अवैध शराब बिक्री की सूचना मिलने पर आबकारी निरीक्षक टीम के साथ ही छापामारी कर कार्रवाई करते हैं, अवैध शराब की बिक्री को पूरी तरह से बंद कराया जाएगा।

### एक बड़ी ताकत...', एग्जिट पोल में टीवीके के नतीजों ने डीएमके के सहयोगी को भी चौंकाया

**तमिलनाडु, एजेंसी।** तमिलनाडु विधानसभा चुनाव 2026 के एग्जिट पोल के नतीजों में अभिनेता से नेता बने विजय की पार्टी टीवीके को भारी बढ़त दिखाई गई है। ऐसे में सत्ताधारी डीएमके के सहयोगी और एमडीएमके प्रमुख वाइको ने विजय की पार्टी की तारीफ की है और उसे एक बड़ी ताकत बताया। उन्होंने विजय की आम लोगों के बीच लोकप्रियता का हवाला देते हुए कहा, 'टीवीके एक बड़ी ताकत है और यह चौंकाने वाले नतीजे दे सकती है।' जहां ज्यादातर एग्जिट पोल ने यह अनुमान लगाया है कि विजय की पार्टी तमिलनाडु



विधानसभा चुनावों में काफी सीटें जीतेगी और शायद 'किंगमेकर' बन सकती है। वहीं ×द्व्ह्य स्र्४ द्बठ्ठस्रद्बड्ढ के अनुमान के अनुसार, यह नई पार्टी 234 में से 98-120 सीटें जीतकर डीएमके को चौंका सकती है। वाइको ने यह भी भविष्यवाणी की कि द्रविड़ आंदोलन तमिलनाडु की राजनीति में एक स्थायी शक्ति बना रहेगा। तमिलनाडु और भारत के अन्य हिस्सों में विजय के चाहने वालों की एक बहुत बड़ी जमात है। उन्होंने अपने अभिनय करियर और लोकप्रियता के शिखर पर रहते हुए राजनीति में कदम रखा है। युवाओं और महिलाओं के बीच उनकी जबरदस्त लोकप्रियता है। इन कारकों के उनके पक्ष में काम करने की संभावना है। हालांकि, तमिलनाडु का मुख्यमंत्री बनने की दौड़ में शिवाजी गणेशन, विजयकांत और कमल हासन सहित कई अभिनेताओं ने अपनी किस्मत आजमाई है, लेकिन वे असफल रहे। यहां तक कि सुपरस्टार रजनीकांत ने भी राजनीति से

# सांवलिया सेठ के खजाने में रिकॉर्ड वृद्धि, एक साल में भक्तों ने अर्पित किए 337 करोड़

**उदयपुर, एजेंसी।** मेवाड़ के प्रमुख आस्था केंद्र मंडफिया स्थित श्री सांवलियाजी मंदिर में श्रद्धालुओं की भक्ति ने इस साल नया इतिहास रच दिया है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में मंदिर में करीब 337 करोड़ रुपए का चढ़ावा आया, जो पिछले 34 वर्षों में सर्वाधिक है। खास बात यह है कि पिछले चार दशकों में ऐसा कोई वर्ष नहीं रहा, जब चढ़ावे में कमी आई हो। लगातार बढ़ती आस्था और श्रद्धालुओं की संख्या मंदिर को देश के प्रमुख दान केंद्रों में शामिल कर रही है। मंदिर प्रशासन के अनुसार, हर महीने चतुर्दशी को दान पात्र खोले जाते हैं। राजभोग आरती के बाद काउंटिंग प्रक्रिया शुरू होती है, जिसमें करीब 200 लोगों का स्टाफ शामिल होता है। इसमें बैंककर्मी और मंदिर प्रशासन के कर्मचारी रहते हैं। पहले नोट और सिक्कों को अलग किया जाता है, फिर पांच मशीनों की मदद से गिनती की जाती है। गहनों को वजन के आधार पर दर्ज किया जाता है। पूरी प्रक्रिया में 5 से 10 दिन लगते हैं। स्टाम्प पर लिखकर लाते हैं मन्नत की राशि मंदिर से जुड़ी मान्यता के अनुसार, यहां ठाकुरजी 'सेठजी' के रूप



में विराजमान हैं। श्रद्धालु अपने व्यापार में उन्हें भागीदार मानते हैं।

यही वजह है कि कई भक्त अपनी मन्नत की राशि स्टाम्प पेपर पर लिखकर लाते हैं। मन्नत पूरी होने पर लाखों रुपए कंपनी के लेटरहेड पर लिखित रूप में अर्पित किए जाते हैं, जो इस मंदिर की विशेष परंपरा बन चुकी है। 65 लाख से 337 करोड़ तक का सफर मंदिर मंडल की सीईओ प्रभा गौतम ने बताया कि 1991 में राज्य सरकार द्वारा अधिग्रहण के बाद मंदिर का संचालन ट्रस्ट के माध्यम से शुरू हुआ।

1991-92 में जब पहली बार भंडार खोला गया, तब चढ़ावा करीब 65 लाख रुपए था। आज यह बढ़कर 337 करोड़ रुपए तक पहुंच गया है।

इसी वर्ष दीपावली पर 51 करोड़ से अधिक और एक माह में ही 41.67 करोड़ रुपए का दान प्राप्त हुआ। 16 गांवों का विकास भी संभाल रहा ट्रस्ट मंदिर प्रशासन केवल धार्मिक गतिविधियों तक सीमित नहीं है, बल्कि आसपास के 16 गांवों के विकास कार्य भी देख रहा है।

इनमें हाईमास्ट लाइट, सामुदायिक भवन, आधारभूत सुविधाएं शामिल हैं।

## यूपी में गेहूं खरीद ने पकड़ी रफ्तार, मानकों में ढील के बाद 8 दिनों में बेचा गया 3.98 लाख टन गेहूं

**लखनऊ, एजेंसी।** सरकारी खरीद के मानकों के फेर में धीमी गति से चल रही गेहूं खरीद अब गति पकड़ रही है। इस साल प्रदेश भर में बेमौसम वर्षा, ओलावृष्टि के कारण गेहूं की फसल प्रभावित हुई है। दानों की चमक कम हुई और फसल में टूटन भी बहुत है। ऐसे में क्रय केंद्रों पर इसकी खरीद नहीं हो पा रही थी। केंद्र सरकार द्वारा मानकों में रियायत देने के बाद किसान क्रय केंद्रों पर पहुंच रहे हैं। आठ दिन में ही 3.98 लाख टन गेहूं का



विक्रय किया है। रबी विपणन सीजन 2026-27 के तहत 2585 रुपये प्रति क्विंटल न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर प्रदेश में 30 मार्च से गेहूं खरीद शुरू हुई है। इसके लिए 5747 क्रय केंद्रों संचालन किया जा रहा है। गेहूं के दाने की चमक और टूटन के सख्त नियमों के चलते शुरुआत में किसानों को अपनी फसल बेचने में परेशानी हो रही थी। इसके चलते 22 अप्रैल तक 3.14 लाख टन गेहूं की ही खरीद हो पाई थी। किसानों की समस्याओं को देखते हुए प्रदेश सरकार ने केंद्र से मानकों में ढील देने का अनुरोध किया था। केंद्र सरकार ने राहत देते हुए 70 प्रतिशत तक कम चमक और 20 प्रतिशत तक टूटन वाले गेहूं की खरीद की अनुमति प्रदान की है। वहीं राज्य सरकार ने भी फार्मर आईडी की अनिवार्यता को समाप्त कर दिया है, साथ ही सत्यापन की बाध्यता में भी राहत दी है। इसके बाद क्रय केंद्रों पर किसानों की आमद बढ़ी है। खाद्य एवं रसद विभाग के आंकड़ों के अनुसार 30 अप्रैल तक 7,12029 टन गेहूं की खरीद हुई है। 1,36,435 किसानों से यह खरीद की गई है। इसमें पूर्वी उत्तर प्रदेश में 4,10,883 टन और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में 301146 टन की खरीद हुई है।

## हरियाणा में अतिक्रमण पर गरजेगा बुलडोजर अवैध कब्जे हटाने के लिए कोर्ट का सख्त फरमान

**नया गुरुग्राम, एजेंसी।** हरियाणा के शहरी स्थानीय निकाय निदेशालय (डायरेक्टर अर्बन लोकल बाडीज) ने पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के अंतरिम आदेशों के बाद पूरे प्रदेश के नगर निगमों, नगर परिषदों और नगर पालिकाओं को आरओडब्लू से अतिक्रमण हटाने के सख्त निर्देश जारी किए हैं। यह मामला स्टिल्ट+4 फ्लोर नीति और बुनियादी ढांचे (इन्फ्रास्ट्रक्चर) से जुड़ा है। हालांकि इस आदेश का गुरुग्राम नगर निगम के अधिकारियों पर कोई असर नहीं पड़ा हैं। 30 अप्रैल को जारी इस आदेश के तहत तुरंत कार्रवाई के निर्देश जारी किए थे लेकिन अधिकारियों की तरफ से कार्रवाई की कोई रूपरेखा तैयार नहीं की गई और न ही धरातल पर कोई कार्रवाई शुरू की गयी। जबकि दूसरी तरफ नगर निगम फरीदाबाद की तरफ से लगातार अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया जा रहा हैं।

बता दें कि पिछले दिनों मुख्यमंत्री ने गुरुग्राम में अधिकारियों की बैठक के दौरान नगर निगम आयुक्त को शहर के हालात के लिए काफ़ी खरीखोटी सुनायी थी। निदेशालय द्वारा जारी पत्र में कहा गया है कि 2 अप्रैल और 27 अप्रैल 2026 को हाईकोर्ट द्वारा दिए गए आदेशों का तत्काल और पूरी तरह पालन सुनिश्चित किया जाए। सभी नगर निकायों को निर्देश दिए गए हैं कि वे बिना देरी किए अतिक्रमण के विरुद्ध अभियान चलाएं।

इसमें खास तौर पर शामिल हैं, सड़कों के राइट आफ वे (आरओडब्लू) पर किए गए अवैध कब्जे जैसे ग्रीन एरिया,



रैंप और बाउंड्री वॉल। इसके अलावा रिहायशी प्लाट्स में स्टिल्ट पार्किंग का अवैध उपयोग या घेराबंदी।

निदेशालय ने सभी निकायों से कहा है कि वे अपने-अपने क्षेत्र का पूरा डेटा तय फार्मेट में तैयार कर तत्काल प्रभाव से भेजें। यह डेटा एक मई को सुबह 10:30 बजे तक टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग को भेजा जाना था। यह भी कहा गया है कि चौथे फ्लोर और पीडीआर से जुड़े फंड का सही मिलान पुराने रिकार्ड (होबपास सिस्टम) के साथ किया जाए। उच्च एफएआर के लिए प्राप्त शुल्क (अपग्रेडेशन शुल्क) का पूरा हिसाब सही तरीके से दर्ज होना चाहिए। निदेशालय ने साफ चेतावनी दी है कि सूचना देने में किसी भी प्रकार की देरी को गंभीरता से लिया जाएगा, क्योंकि इससे हाईकोर्ट में राज्य का पक्ष कमजोर हो सकता है। इस संबंध में

# मुंबई में कोकेन का महाभंडाफोड़: एनसीबी ने जब्त की 1745 करोड़ की ड्रग्स, अंतरराष्ट्रीय रैकेट का पर्दाफाश

**मुंबई, एजेंसी।** नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) ने एक बड़े अंतरराष्ट्रीय ड्रग्स रैकेट का भंडाफोड़ किया है। इसके तहत उसने मुंबई में लगभग 1,745 करोड़ रुपये मूल्य की 349 किलोग्राम हाई-ग्रेड कोकेन जब्त की है। यह जब्ती इसलिए अहम है क्योंकि देश में हर वर्ष औसतन 200-300 किलोग्राम कोकेन ही जब्त की जाती है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एक्स पर इस जब्ती की घोषणा करते हुए कहा कि यह जमीनी स्तर से शीर्ष स्तर तक (बाटम-टू-टॉप) की रणनीति का एक उत्कृष्ट उदाहरण है जिसमें एजेंसी ने एक छोटी खेप का पता लगाकर एक बड़े नेटवर्क को ध्वस्त कर दिया। इस ऐतिहासिक सफलता के लिए एनसीबी टीम को हार्दिक बधाई। साथ ही कहा, ''हम नशीले पदार्थों के गिरोह को बेरहमी से कुचलने के लिए दृढ़ संकल्पित



हैं।'' गृह मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि 'ऑपरेशन व्हाइट स्ट्राइक' के तहत एनसीबी की यह सफलता छह महीने से अधिक समय तक खुफिया जानकारी जुटाने और निगरानी का नतीजा है। कई टीमों ने कलंबोली-भिवंडी कॉरिडोर (नवी मुंबई-ठाणे इलाका) में एक साथ छापेमारी की। इससे कोकेन की आपूर्ति करने वाले एक बेहद संगठित अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क का पर्दाफाश हुआ। इस ऑपरेशन के पहले चरण में एनसीबी के अधिकारियों ने नवी मुंबई के कलंबोली स्थित केडब्ल्यूसी वेयरहाउसिंग कांप्लेक्स (सेक्टर केडब्ल्यूसी) के पास एक मारुति सुजुकी सुपर कैरी व्हीकल (एमएच-03-डीवी-3803) को रोका। तलाशी लेने पर उसमें से कोकेन के 136 पैकेट मिले और हर पैकेट का वजन लगभग एक किलोग्राम था। ये पैकेट गत्ते के डिब्बों में रखे थे, जिनके अंदर कोकेन को क्रिकेट पैड और ग्लव्स के बीच छिपाकर रखा गया था। मौके से एक आरोपित (व्हीकल का ड्राइवर) को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में उसने बताया कि भिवंडी (जो गोदामों का एक बड़ा केंद्र है) में कोकेन की एक और खेप छिपाकर रखी गई है।

## छत्तीसगढ़ में भारतमाला महाघोटाला: 100 करोड़ के पार पहुंचा मुआवजे का खेल, 11 जिलों तक फैली जांच की आंच

**रायपुर, एजेंसी।** भारतमाला परियोजना से संबंधित मुआवजा घोटाले का दायरा बढ़ता जा रहा है। ईडी की जांच में अब तक घोटाले की राशि 100 करोड़ रुपये से अधिक पहुंच चुकी है, जबकि प्रारंभिक अनुमान 35 से 40 करोड़ रुपये का था। जांच का दायरा प्रदेश के 11 से अधिक जिलों तक फैल चुका है। जांच में सामने आया है कि जमीन अधिग्रहण की गोपनीय जानकारी पहले ही कारोबारियों और दलालों को उपलब्ध कराई गई थी। इसके बाद सस्ते दामों पर जमीन खरीदकर राजस्व अधिकारियों की मिलीभगत से दस्तावेजों में हेरफेर कर मुआवजा कई गुना बढ़ाया गया। इस मामले में जिलों के तत्कालीन कलेक्टर और राजस्व



अधिकारी जांच के घेरे में हैं। स्वीकृति के बदले मोटा कमीशन लेने के आरोप भी सामने आए हैं। गुरुवार को ईडी ने रायपुर, भिलाई, बिलासपुर, कोरबा समेत 17 ठिकानों पर छापेमारी की थी। बिलासपुर में सराफा कारोबारी विवेक अग्रवाल के यहां से 17 किलो सोना, तीन करोड़ के हीरे के आभूषण और नकदी मिलने की चर्चा है। अंबिकापुर के कांग्रेसी नेता के करीबी से 50 लाख से अधिक की रकम मिलने की भी जानकारी है। ईओडब्ल्यू पहले ही इस मामले में 10 आरोपितों को गिरफ्तार कर चुकी है और चार्जशीट दाखिल करने की तैयारी में है। ईडी अब मनी लांड्रिंग के पहलुओं की जांच कर रही है। धमतरी के एक कारोबारी द्वारा किसानों के नाम पर जमीन खरीदकर करीब 100 करोड़ रुपये का मुआवजा दिलाने का मामला भी गरमाया हुआ है। संदिग्धों के मोबाइल फोन खंगाले जा रहे हैं। इन डिजिटल साक्ष्यों से आने वाले दिनों में नौकरशाही और राजनीति के कई बड़े चेहरे बेनकाब होंगे।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



# विचार-मंथन

## संपादकीय

## दो राष्ट्रों की जिद की जंग में फंसा होर्मुज जलमार्ग

होर्मुज जलमार्ग का संकट और गहरा गया है, क्योंकि ईरान और अमेरिका के बीच तनाव बना हुआ है। वैश्विक तेल आपूर्ति में बाधा आ रही है, जिससे दुनिया भर में ऊर्जा संकट पैदा हो गया है और कीमतें बढ़ रही हैं।ईरान और अमेरिका के बीच पहले युद्धविराम और फिर शांतिवार्ता की शुरुआत से यह उम्मीद जगी थी कि शायद होर्मुज जलमार्ग से जहाजों की आवाजाही फिर से सामान्य हो सकेगी। यह मुद्दा सिर्फ इन दोनों देशों तक सीमित नहीं है, बल्कि दुनिया के अनेक देशों के लिए बेहद अहम है। लेकिन हालात एक बार फिर उलझते नजर आ रहे हैं। इजराइल और अमेरिका के साझा हमले के बाद जवाबी कार्रवाई में ईरान ने होर्मुज जलमार्ग को बाधित कर दिया। तब से अब तक उस रास्ते से केवल चीन और कुछ गिने-चुने देशों के जहाजों के गुजरने की ही खबर है।ऐसे में भारत समेत कई देशों के लिए यह निराशाजनक स्थिति है। एक तरफ ईरान इस मार्ग को खोलने के लिए तैयार नहीं है, तो दूसरी ओर अमेरिका ने आर्थिक दबाव बढ़ाने के लिए इलाके की नाकेबंदी का ऐलान कर दिया है, जिससे संकट और गहरा गया है। अब ईरान अपनी शर्तों पर अड़ा है कि जब तक अमेरिका नाकेबंदी नहीं हटाएगा, तब तक मार्ग बंद रहेगा। वहीं अमेरिका भी अपनी जिद पर कायम है कि जब तक ईरान रास्ता नहीं खोलेगा, तब तक प्रतिबंध जारी रहेंगे।सवाल यह है कि अगर दोनों पक्ष इसी तरह अड़े रहे, तो क्या शांति की कोशिशें कभी किसी ठोस नतीजे तक पहुंच पाएंगी? एक अजीब स्थिति यह है कि युद्धविराम के बावजूद दोनों देश सीधे हमले नहीं कर रहे, लेकिन होर्मुज जलमार्ग सहित मध्य-पूर्व से तेल और गैस की आपूर्ति अब भी प्रभावित है। इसके कारण कई देशों में ऊर्जा संकट गहराता जा रहा है, तेल भंडार घट रहे हैं, महंगाई बढ़ रही है और रसोई गैस की कमी से आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है।यानी इस टकराव की सबसे बड़ी कीमत वे देश चुका रहे हैं, जो इस संघर्ष का हिस्सा भी नहीं हैं। क्या अमेरिका और ईरान को यह नहीं सोचना चाहिए कि उनके अड़ियल रुख के कारण दुनिया की बड़ी आबादी संकट झेलने को मजबूर है?गौरतलब है कि होर्मुज जलमार्ग दुनिया के सबसे अहम रणनीतिक समुद्री मार्गों में से एक है। वैश्विक समुद्री तेल व्यापार का लगभग 20 से 25 प्रतिशत हिस्सा इसी संकरे रास्ते से गुजरता है।

## ड्यूटी या जोखिम? जनगणना से चुनाव तक, फील्ड में जान गंवा रहे कर्मचारी

पूरे भारत में लू से होने वाली मौतों और काम के बोझ से जुड़े तनाव की घटनाओं के सामने आने के बीच, जनगणना और चुनावी ड्यूटी के दौरान शिक्षकों और सरकारी कर्मचारियों की सुरक्षा को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं।मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया हो, लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव हों या फिर जनगणना जैसे विशेष अभियान, इनका जिम्मा शिक्षकों तथा अन्य विभागीय कर्मियों को दिया जाता है। उन्हें बिना किसी त्रुटि या हड़बड़ी के पूरी सटीकता के साथ इस कार्य को अंजाम देना होता है। मगर इस दौरान उन्हें किस तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है, इस पर शायद ही सरकार और प्रशासनिक स्तर पर पहले कोई चर्चा होती हो या कोई समाधान तलाशने की कोशिश की जाती हो। यानी परिस्थिति जो भी हो, इन कर्मियों को हर हाल में काम पूरा करना होता है।ऐसे में कई बार काम का बोझ या चुनौतीपूर्ण हालात न केवल शारीरिक एवं मानसिक परेशानियों को बढ़ा देते हैं, बल्कि संबंधित कर्मी की जान तक चली जाती है। ओडिशा में ऐसे ही दो स्कूली शिक्षकों की लू लगने से मौत हो गई, जिन्हें जनगणना के कार्य में नियुक्त किया गया था। खबरों के मुताबिक, अलग-अलग घटनाओं में जब ये शिक्षक घर-घर जाकर सर्वेक्षण करने के बाद स्कूल लौटे, तो बेहोश हो गए। उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्होंने दम तोड़ दिया।गौरतलब है कि पिछले दिनों मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण में तैनात कई खंड स्तरीय अधिकारियों की मृत्यु हो जाने की खबरें आई थीं। पीड़ित पक्षों का दावा था कि काम का अत्यधिक बोझ और मानसिक परेशानी मौत का कारण बना, हालांकि अधिकांश मामलों में आधिकारिक स्तर पर व्यक्तिगत समस्या का ही हवाला दिया गया। चुनाव के दौरान भी इस तरह के मामले सामने आते रहते हैं।

*विश्लेषकों का मानना है कि युद्ध की वजह से ईरान को ढांचागत क्षति के साथ अतिरिक्त प्रतिबंधों का भी सामना करना पड़ सकता है, लेकिन तत्काल ऊर्जा की कीमतें उसके लिए एक आर्थिक हथियार के रूप में काम कर रही हैं। इस बीच, अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भारत सहित दुनिया के कई देशों से कह चुके हैं कि रूस से तेल ज्यादा से ज्यादा खरीदा जाना चाहिए।*

## युद्ध की आग में आर्थिक अवसर, ईरान की आक्रामक रणनीति

**(अखिलेश आर्येंदु)**

मौजूदा परिदृश्य में ईरान का रुख बिल्कुल साफ है कि अमेरिका और इजराइल के आगे वह झुकने वाला नहीं है। उसका इरादा उसके इस एलान में भी साफ नजर आता है कि युद्ध अमेरिका और इजराइल ने शुरू किया था, लेकिन खत्म ईरान की इच्छा से ही होगा। हाल ही में अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच युद्धविराम को अनिश्चितकाल के लिए बढ़ा दिया गया। यह घोषणा अमेरिका की ओर से की गई, लेकिन ईरान ने होर्मुज जलमार्ग को अभी भी अवरुद्ध कर रखा है। एक तरफ अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से ईरान को बंद पड़े इस समुद्री मार्ग को न खोलने पर परिणाम भुगतने की चेतावनी दी जा रही है, दूसरी तरफ ईरान इसे कमाई के अवसर के रूप में देख रहा है। दरअसल, ईरान ने होर्मुज जलमार्ग में अपने लिए 'एक सुरक्षित कॉरिडोर' तैयार किया है, जो लार्क द्वीप के आसपास से होकर गुजरता है। इस नई व्यवस्था के जरिए संघर्ष की स्थिति में भी ईरान कमाई के साधन बढ़ाने की कोशिशों में जुटा है। मीडिया रपटों के मुताबिक, अमेरिका की धमकियों से ईरान दबाव में आने के बजाय बेखौफ होकर अपनी रणनीति और कूटनीति के साथ सधे कदमों से काम कर रहा है। ईरान के एक सांसद के मुताबिक, होर्मुज जलमार्ग से गुजरने वाले तेल के चुनिंदा जहाजों पर ईरान की ओर से लगभग दो मिलियन डालर का शुल्क लगाया जा रहा है। हालांकि, जब से अमेरिका ने समुद्र में नाकेबंदी शुरू की है, तब से इस कार्य में ईरान के लिए चुनौतियां बढ़ गई हैं। पिछले दिनों अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को चेतावनी देते हुए कहा था कि होर्मुज जलमार्ग को पूरी तरह नहीं खोला गया, तो उसके ऊर्जा संयंत्रों को नष्ट कर दिया जाएगा। मगर इससे दबाव में आने के बजाय ईरान ने पलटवार करते हुए कहा कि यदि अमेरिका की ओर से हमले की कार्रवाई की गई, तो कड़ा जवाब दिया जाएगा। इन बयानों से दुनिया की अर्थव्यवस्था पर असर पड़ा और शेयर बाजारों में भी भारी गिरावट देखी गई। ईरान की कूटनीति और रणनीति अब भी आक्रामक प्रतिक्रिया वाली है। वह अमेरिका की चेतावनियों और धमकियों का जवाब उसी अंदाज में दे रहा है। ऐसे में यह कहना बहुत मुश्किल है कि दोनों पक्षों के बीच युद्ध कब तक थमा रहेगा। इस युद्ध में ईरान में अब तक हताहतों की तादाद इजराइल से भले ज्यादा हो, लेकिन वह एक कदम भी पीछे हटने का संकेत नहीं दे रहा है, उल्टे इस संघर्ष में वह कमाई करने का मौका देख रहा है। यही वजह है कि ईरान बेहद सधी रणनीति से आगे बढ़ते हुए अपने ध्वस्त ढांचों को फिर से खड़ा करने और संघर्ष में धन की कमी को पूरा करने के लिए तेल को हथियार की तरह इस्तेमाल कर रहा है। मौजूदा परिदृश्य में ईरान का रुख बिल्कुल साफ है कि अमेरिका और इजराइल के आगे वह झुकने वाला नहीं है। उसका इरादा उसके इस एलान में भी साफ नजर आता है कि युद्ध अमेरिका और इजराइल ने शुरू किया था, लेकिन खत्म ईरान की इच्छा से ही होगा, यानी उसने अमेरिका और इजराइल को स्पष्ट तौर पर यह संदेश दिया है कि उसे धमकियों से डराया नहीं जा सकता। ईरान सोची-समझी रणनीति के तहत अमेरिका समर्थित अरब देशों को निशाना बना रहा है। यहां तक कि दुबई पर भी हमले कर रहा है, जहां दुनिया के करीब दो सौ देशों के लोग रहते हैं। सवाल है कि दुबई पर हमला करके ईरान को क्या फायदा मिल रहा है या भविष्य में मिल सकता है? इसके लिए दुबई की 'धनकुबेर' वाली छवि को समझना होगा और यह भी जानना होगा कि दुबई पर ईरान के हमलों के पीछे की रणनीति या कूटनीति किस तरह की है? ईरान इस संघर्ष को ऐसे अवसर के रूप में देख रहा है, जो आगे चलकर उसकी अर्थव्यवस्था के लिए काफी फायदेमंद साबित हो सकता है। दुबई पर उसका हमला इसी दूरदृष्टि का परिणाम है। ईरान जानता है कि अमेरिकी दोस्त दुबई की धनकुबेर वाली छवि को खराब करने के लिए उस पर हमला करना जरूरी है। लोग घबराकर दुबई को छोड़ कर एक सुरक्षित जगह की तलाश करेंगे, जिसका असर उसकी अर्थव्यवस्था पर तो पड़ेगा ही, उसकी धनकुबेर वाली छवि भी खराब हो सकती है। ईरान के हमलों से वहां के कारोबार और पर्यटन पर गहरा असर पड़ेगा, जिससे उसकी आमदनी भी प्रभावित होगी। आंकड़ों के मुताबिक, पिछले साल दुबई में दो करोड़ से ज्यादा पर्यटक आए थे, जिससे उसकी बड़े पैमाने पर आमदनी हुई। ईरान के हमलों से दुबई जाने वाले लोगों की संख्या में कमी आएगी, जिसका अप्रत्यक्ष रूप से उसे फायदा होगा। पश्चिम एशिया में जब से संघर्ष की शुरुआत हुई है, तब से तेल की कीमतों में भारी उछाल आया है। इसका फायदा उठाकर ईरान अपनी अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की कोशिश में जुटा है। दूसरी तरफ होर्मुज जलमार्ग के बाधित होने के कारण वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति पर असर पड़ा है। विश्लेषकों का मानना है कि युद्ध की वजह से ईरान को ढांचागत क्षति के साथ अतिरिक्त प्रतिबंधों का भी सामना करना पड़ सकता है, लेकिन तत्काल ऊर्जा की कीमतें उसके लिए एक आर्थिक हथियार के रूप में काम कर रही हैं। इस बीच, अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भारत सहित दुनिया के कई देशों से कह चुके हैं कि रूस से तेल ज्यादा से ज्यादा खरीदा जाना चाहिए, जिससे दुनिया में ऊर्जा का कोई गंभीर संकट न पैदा हो। इससे रूस को फायदा हो रहा है और इसके परिणामस्वरूप ईरान को अप्रत्यक्ष रूप से मदद मिल रही है। चूंकि रूस और चीन के साथ ईरान के संबंध बेहतर हैं, इसलिए उसे इन देशों से आर्थिक और कूटनीतिक सुरक्षा मिल रही है। यह सच है कि ईरान की अर्थव्यवस्था तेल और प्राकृतिक गैस के निर्यात पर टिकी है, जो दुनिया के सबसे बड़े जीवाश्म ईंधन भंडारों में से एक है। दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा प्राकृतिक गैस भंडार और चौथा तेल भंडार ईरान के पास है। वह होर्मुज जलमार्ग को बाधित कर अमेरिका को यह संदेश देना चाहता है कि उसके मूलभूत ढांचों और संयंत्रों पर हमला करने से महज उसका ही नुकसान नहीं होगा, बल्कि दुनिया के तमाम देशों पर इसका प्रत्यक्ष असर पड़ेगा। ईरान का कहना है कि अमेरिका को अब यह समझ में आ रहा है कि प्रतिबंधों और हमलों से उसे वह सब हासिल नहीं हो पाया है, जिसके लिए उसने इजराइल के साथ मिलकर हमले किए थे। ईरान दुनिया को यह संदेश देने में भी सफल होता दिखाई दे रहा है कि इजराइल और अमेरिका की ओर से उसके ऊपर किए गए हमले गैरजरूरी और उसकी संप्रभुता को खत्म करने की कोशिश हैं। यही वजह है कि नाटो देश इस युद्ध में अमेरिका का साथ देने को तैयार नहीं हुए। अब ईरान खुद को एक तरह से इस संघर्ष का विजेता मान रहा है, क्योंकि तेल और गैस की आपूर्ति को रोककर उसने वैश्विक संकट खड़ा कर दिया है और अमेरिका इसे सुलझाने में अब तक विफल रहा। जो भी हो, इस युद्ध से अभी तक अमेरिका और इजराइल को वह हासिल होता हुआ नजर नहीं आ रहा है, जिसके लिए युद्ध को एकमात्र विकल्प बताया गया था।

## चांद फिर बुला रहा है- आर्टेमिस-2 से खुली नई राह, क्या अब बसेंगे इंसान

**(अभिषेक कुमार सिंह)**

अंतरिक्ष हमेशा से इंसान के लिए जिज्ञासा का केंद्र रहा है। इसके रहस्यों का पता लगाने के लिए अब तक तमाम प्रयास हुए हैं, लेकिन तकनीकी उन्नति के बावजूद आज भी इसकी राह बेहद कठिन है। अगर ऐसा न होता, तो वर्ष 1969 में चांद पर मानव भेजने के बाद अमेरिकी अंतरिक्ष एजंसी नासा को अपना अगला चंद्र मिशन भेजने में साढ़े पांच दशक का वक्त नहीं लगता। अभी भी जिस आर्टेमिस-2 नामक चंद्र अभियान के तहत चार अंतरिक्ष यात्री गए थे, वे चंद्रमा पर उतरने के बजाय उसकी परिक्रमा ही कर पाए हैं। मगर इसे भी एक बड़ी कामयाबी माना जा रहा है, क्योंकि इससे आर्टेमिस के अगले चरणों में वर्ष 2030 तक चंद्रमा पर इंसान को फिर से उतारने की नासा की योजनाओं को पंख लग सकते हैं। मगर क्या चांद पर इंसान को एक बार फिर भेजना जरूरी है? उस चांद पर, जिसके करीब नब्बे फीसदी हिस्से को दूरबीनों, अंतरिक्षयानों और भारत-अमेरिका समेत कुछ देशों के चंद्र अभियानों के जरिए खंगाला जा चुका है। नासा की ओर से हाल में भेजे गए चंद्र मिशन आर्टेमिस-2 की बात की जाए, तो यह इस बात की मुनादी था कि चंद्रमा हमारा इंतजार कर रहा है। मगर यह एक चुनौती है ब्रह्मांड को समझने की, उसके उपहारों का जिम्मेदारी से उपयोग करने की और यह सुनिश्चित करने की कि हमारी भावी पीढ़ियां चंद्रमा और उसके परे सुदूर अंतरिक्ष को न सिर्फ लालसा से देखें, बल्कि यह दृष्टिकोण रखे कि वह हमारे सतत उत्थान की प्रेरणा बने और विकास की नई राहें खोले। वर्ष 1969 में नील आर्मस्ट्रांग और एडविन एल्ड्रिन ने पहली बार सभ्यता की लंबी छलांग चंद्रमा की सतह पर लगाई थी, तो आखिरी बार दिसंबर 1972 में यूजीन सेर्नन और हैरिसन शिमट ने चांद पर अपने जूतों के निशान छोड़े थे। उसके बाद दशकों तक सन्नाटा कायम रहा। कई देशों की 'रोबोटिक खोज' ने सपने को जिंदा रखा, लेकिन चंद्रमा पर इंसानी उपस्थिति गायब हो गई। 11 अप्रैल 2026 को इस सन्नाटे के टूटने की आहट सुनाई दी है। आर्टेमिस-2 से चार अंतरिक्ष यात्री चांद की परिक्रमा के नौ दिनों के साहसिक सफर के बाद सुरक्षित पृथ्वी पर लौट आए। इस दौरान उन्होंने इंसानों द्वारा चांद के इर्द-गिर्द तय की गई अब तक की सबसे बड़ी दूरी 2,52,756 मील (लगभग 4,06,771 किलोमीटर) का सफर किया। उन्होंने चांद की परिक्रमा की, उसके दूर वाले हिस्से के पीछे पहुंचे, नियोजित 40 मिनट की संवादहीनता का सामना किया, अंतरिक्ष से पूर्ण सूर्यग्रहण देखा और ऐसे आंकड़े लेकर लौटे, जिनसे चांद की प्रकृति को गहराई से समझने में मदद मिल सकती है। वैज्ञानिकों की मंशा चांद पर मानव बस्ती बसाने और इसे बेस (आधार) बनाकर मंगल ग्रह तक पहुंचने की है। सवाल यह भी है कि आखिर जब मशीनें इतना कुछ कर सकती हैं, तो इंसानों को चंद्रमा या मंगल तक भेजने की जरूरत ही क्या है? जवाब अपोलो कार्यक्रम की ऐतिहासिक उपलब्धियों और बाद में भारत-चीन के चंद्र अभियानों में मिलता है। इस पूरे संदर्भ में आर्टेमिस-2 की उपलब्धि के पैमाने को समझने के लिए अपोलो के बाद के लंबे अंतराल को याद करना जरूरी है। वर्ष 1969 से 1972 के बीच नासा ने छह सफल मानवयुक्त चंद्र अभियान (अपोलो-11, 12, 14-17) भेजे, जिनमें 12 अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री चांद की सतह पर उतरे। यह कार्यक्रम शीतयुद्ध की प्रतिद्वंद्विता से जन्मा था, लेकिन इसमें सच्ची वैज्ञानिक समृद्धि निहित थी। इनसे चंद्रमा की भूगर्भीय सक्रियता के प्रमाण मिले, वहां की मिट्टी के नमूने हासिल किए गए, जो इसकी उम्र और संरचना बताते थे।

## सुडोकू पहेली क्रमांक-6080

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | | | 4 | 2 | | | | |
| 8 | | 4 | 9 | | | | 7 | 3 |
| 3 | | | | | | 4 | 5 | |
| | | | 8 | 7 | | | 9 | |
| | 8 | | | | | | 2 | |
| | 3 | | | 6 | 1 | | | |
| | 2 | 5 | | | | | | 7 |
| 9 | 6 | | | | 5 | 8 | | 2 |
| | | | | 3 | 9 | | | 4 |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 6079

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 5 | 8 | 9 | 1 | 6 | 2 | 4 | 7 |
| 4 | 6 | 2 | 7 | 5 | 3 | 1 | 9 | 8 |
| 1 | 9 | 7 | 4 | 8 | 2 | 5 | 3 | 6 |
| 8 | 4 | 9 | 1 | 6 | 7 | 3 | 5 | 2 |
| 7 | 1 | 5 | 2 | 3 | 4 | 8 | 6 | 9 |
| 2 | 3 | 6 | 8 | 9 | 5 | 4 | 7 | 1 |
| 9 | 2 | 3 | 5 | 7 | 1 | 6 | 8 | 4 |
| 5 | 8 | 1 | 6 | 4 | 9 | 7 | 2 | 3 |
| 6 | 7 | 4 | 3 | 2 | 8 | 9 | 1 | 5 |

## वर्ग पहेली 6080



**संकेतः बाएं से दाएं**

1. उत्तरप्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री जिन्होंने 10 सितंबर 1887 को जन्म लिया (8)
7. सत्पाह का दिन, आक्रमण या हमला करने करने की क्रिया (2)
8. किसी वस्तु के निर्माण में लगा खर्च (3)
9. निर्जन, वीरान, सुनसान (2)
11. बल, शक्ति, फूंक, कुकर्मो से मन को हटाना (2)
13. इस वृक्ष की कड़वी छाल औषधि बनाने के काम आती है (2)
14. वह स्थान जहां पृथ्वी और आकाश मिलते हुए दिखाई पड़ते है (3)
17. गुणनकर्म, गुणित (2)
18. छड़ी, लाठी, लुकाठ (3)
20. जायज, विहित, जिसका खाना और पीना धर्म में वर्जित हो (उर्दू)(3)
21. हुक्म, आधिकारिक आदेश, फैसला किया हुआ (3)
22. यह इंडोनेशिया का सबसे अधिक जनसंख्या वाला द्वीप है प्राचीन काल में इसका नाम यवद्वीप था (2)
23. लपट, ज्वाला (1)
24. सिंह, शेर, बाघ (3)
25. काष्ठकर्मी, शिल्पकार, कारपेंटर (3)

**संकेतः ऊपर से नीचे**

1. संतान न होना (8)
2. औषधि, चिकित्सा, उपाय, गुर (2)
3. दहेज, जिहेज, दायजा (5)
4. नेक, छलहीन, कल्याणकारी, सज्जन (2)
5. भोजन करने के लिए जनसमूह का एक पंक्ति में बैठना (3)
6. ऐसा वाद्य जिसमें तार लगे हों (2)
10. वस्तु, प्राणी आदि का बोधक सूचक शब्द, संज्ञा, प्रसिद्धि (2)
12. बुद्धि, अक्ल, समझ, प्रज्ञा (2)
15. जल के देवता होने के कारण भगवान का एम नाम (5)
16. हरियाण की एक प्रसिद्ध जाति (2)
17. वर्तमान दौर के प्रसिद्ध गीतकार जिनकी पुरानी फिल्मों की प्रसित्र अभिनेत्री रही हैं (4)
19. राजा जनक के नातियों में से एक (2)

### वर्ग पहेली 6079 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| यु | गां | डा | | र | ह | मा | न |
| व | | का | ना | फूं | सी | | य |
| रा | त | | लि | | ना | दा | न |
| ज | य | कि | श | न | | | न |
| | | शो | | न | ट | ख | ट |
| अ | | रा | ज | द | | र | |
| जा | न | व | र | | आ | गो | श |
| न | | स्था | | चौ | गा | न | |

## आज का राशिफल

### मेष
आज जोखिम भरे कामों से दूरी बनाए रखें. वाहन चलाते समय सतर्क रहें, चोट लगने की आशंका है. व्यापार में पुरानी गलतियों से सीख लें, कोई नया निर्णय जल्दबाज़ी में न लें. परिवार में छोटी बात पर विवाद हो सकता है, संयम से काम लें. ऑफिस में विरोधियों की चाल से बचकर रहें. करियर के मामले में सोच-समझकर कदम उठाएं।

### वृष
आज साहस और आत्मविश्वास बढ़ेगा. नौकरीपेशा लोगों के लिए दिन अच्छा है, ऑफिस की योजनाएँ सफल होंगी. सहकर्मियों से छोटी बात पर बहस हो सकती है, इसलिए ऐसी बातों को नज़रअंदाज़ करें. आपकी समझदारी और सकारात्मक सोच से मुश्किलें आसान होंगी. प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों को और मेहनत करनी होगी।

### मिथुन
आज रचनात्मकता में वृद्धि होगी. कलाकारों और रचनात्मक कार्यों से जुड़े लोगों को प्रसिद्धि मिल सकती है. प्रेम संबंधों में मधुरता बनी रहेगी. बच्चों की पढ़ाई में प्रगति होगी. नौकरी में कोई नया अवसर मिल सकता है. व्यापारियों को नये प्रोजेक्ट पर काम शुरू करने से लाभ होगा।

### कर्क
आज जीवनसाथी के साथ समय अच्छा बीतेगा. वैवाहिक संबंधों में मधुरता आएगी. व्यापार में नए पार्टनरशिप के योग हैं, लेकिन पूरी जांच के बाद ही फैसला लें. ऑफिस में टीम के साथ तालमेल बनाकर चलें. छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता मिलने के योग हैं. कोर्ट-कचहरी के मामले में सफलता मिल सकती है।

### सिंह
आज विरोधियों पर जीत संभव है. ऑफिस में आपकी मेहनत का अच्छा फल मिलेगा. नई नौकरी के अवसर मिल सकते हैं. व्यापार में पुरानी योजनाएं सफल हो सकती हैं. किसी पुराने कर्ज से छुटकारा मिलने की संभावना है. स्वास्थ्य में सुधार होगा, पुरानी बीमारियों में राहत मिलेगी. छात्रों को पढ़ाई में मन लगेगा. पारिवारिक जीवन सामान्य रहेगा।

### कन्या
आज पारिवारिक सुख में वृद्धि होगी. घर की साज-सज्जा या वाहन खरीदने का विचार बन सकता है. मां के स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें. नौकरी में स्थान परिवर्तन हो सकता है. व्यापार में नई योजनाएं बनेंगी, लेकिन जल्दबाज़ी न करें. छात्रों को माता-पिता का सहयोग मिलेगा।

### तुला
आज घर में कोई खुशी का मौका हो सकता है, गिफ्ट मिलने के योग हैं. ऑफिस में टीम को उत्साहित करते रहें. नौकरीपेशा लोग जोखिम लेकर कठिन कार्य में सफलता पा सकते हैं. प्रतियोगी छात्रों को ज्यादा मेहनत की जरूरत है. भ्रम फैलाने वाले लोगों से दूरी बनाएं. सेहत सामान्य रहेगी और मनपसंद खाना मिलेगा।

### वृश्चिक
आज अपने कर्तव्यों को जिम्मेदारी से निभाएं. व्यापार में नई डील सोच-समझकर करें. टैक्स को लेकर लापरवाही न करें. प्रतियोगी छात्र विवादों से दूर रहें, दोस्तों से संबंध मधुर रखें. नए काम की शुरुआत घर के बड़ों की सलाह से करें. छात्र लक्ष्मी-नारायण की आराधना करें, परीक्षाओं में लाभ होगा. सामाजिक कार्यों में परोपकार की भावना रखें।

### मकर
आज राजनीति में किसी से बहस हो सकती है. बैंकिंग और ऑनलाइन काम सावधानी से करें. व्यापारियों को कमीशन को लेकर यात्रा करनी पड़ सकती है. गुस्से और तीखे शब्दों से प्रेम संबंध बिगड़ सकते हैं. पालतू जानवरों और आसपास के पशुओं की देखभाल करें. घर में किसी बात पर चर्चा करनी है तो आज का दिन सही है. मानसिक रोगी डॉक्टर के निर्देशों का पालन करें।

### कुंभ
आज भाग्य में वृद्धि होगी. व्यापार में किसी अनुभवी की सलाह से नया लाभदायक काम शुरू हो सकता है. धार्मिक कार्यों में मन लगेगा, दान-पुण्य का अवसर मिल सकता है. ऑफिस में प्रमोशन या वेतनवृद्धि की संभावनाएं बन रही हैं. बॉस से बातचीत करते समय नम्र रहें, मनचाहा काम मिल सकता है. छात्रों को पढ़ाई में नई रणनीति अपनाने की जरूरत है. घर के बुजुर्गों के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

### धनु
आज आपको निवेश से लाभ होगा. नए दोस्तों से प्रेरणा मिलेगी और आप अपने व्यक्तित्व को निखारना चाहेंगे. घर में मेहमान आ सकते हैं, सफाई का ध्यान रखें. ऑफिस में विनम्र व्यवहार के कारण लोग पसंद करेंगे. नौकरीपेशा लोग अपनी आमदनी का कुछ हिस्सा सुविधा बढ़ाने में खर्च करेंगे. अधूरी पढ़ाई पूरी करने का सही समय है. जीवनसाथी से तालमेल बनाए रखें।

### मीन
आज कानूनी मामलों में उलझ सकते हैं. व्यापारियों को निवेश में अभी रुकना चाहिए. उधार पर सामान देने से बचें. घर की जिम्मेदारियों को बोझ न समझें. पारिवारिक माहौल को हल्का बनाने में कठिनाई हो सकती है. नियमों का पालन करें, चाहे वह घर हो, स्कूल हो या सड़क. अचानक ऑफिस टूर पर जाना पड़ सकता है. वाणी पर नियंत्रण रखें, वरना वरिष्ठों से टकराव हो सकता है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा सोमांक प्रिंटर्स, बी-17 और बी-18 (भाग), ग्रोथ सेंटर जसोइया, औरंगाबाद, बिहार - 824101 में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, समाचार संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/03009

# 'ध्यान भटकने का डर', माइक हसी ने बताया धोनी के स्टेडियम नहीं आने का कारण



**नई दिल्ली।** चेन्नई सुपर किंग्स के बल्लेबाजी कोच माइकल हसी ने बताया है कि महेंद्र सिंह धोनी मैच के दिनों में स्टेडियम नहीं आ रहे हैं क्योंकि इससे टीम का ध्यान भटक सकता है। धोनी को प्री-सीजन कैंप के दौरान पिंडली में चोट लगी थी। इसके कारण अभी तक एक भी मैच में नहीं खेले हैं। हालांकि, वह मैचों से पहले लगातार ट्रेनिंग कर रहे हैं, लेकिन मैच के दिनों में वह स्टेडियम नहीं आए हैं। वह टीम होटल में रहते हैं। मुंबई इंडियंस के खिलाफ मैच से पहले पर हसी ने बताया कि धोनी स्टेडियम क्यों नहीं आते और इसके कारण भी बताए। उन्होंने कहा, 'महेंद्र सिंह धोनी टीम को लेकर बहुत सोचते हैं। वह हमेशा टीम की बेहतरी चाहते हैं और उन्हें चिंता थी कि अगर वह आएंगे तो ध्यान भटकेगा। जहिर है, कैमरे उन पर बहुत ज्यादा होंगे। दर्शक उनके लिए चीयर करेगी और ऐसी ही चीजें

### क्या धोनी खेलेंगे?

इस बीच शनिवार को मुंबई इंडियंस के खिलाफ मैच में धोनी के खेलने को लेकर हसी ने कहा, 'उम्मीद है कि वह जल्द से जल्द वापसी करें। मुझे नहीं पता कि यह कल होगा या शायद उसके बाद अगले मैच मैच में, लेकिन वह ठीक हो रहे हैं। मुझे पता है कि वह अपनी दौड़ने की गति बढ़ा रहे हैं और शायद यही बाधा थी। मुझे लगता है कि हम उनकी बल्लेबाजी और विकेटकीपिंग के स्किल के नजरिए से आत्मविश्वास से लबरेज हैं, लेकिन यह तय करना था कि वह ठीक से दौड़ सकें।

आईपीएल 2026 में 7वीं बार हासिल हुआ 220 से ज्यादा का लक्ष्य,

# 6 दिन में 5वीं बार हुआ कमाल

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग 2026 में 220 से ज्यादा के स्कोर बनना और चेज होना आम हो गया है। राजस्थान के सवाई मान सिंह स्टेडियम में शुक्रवार (1 मई) को दिल्ली कैपिटल्स ने 226 रनों के लक्ष्य को 19.1 ओवर में 3 विकेट खोकर हासिल कर लिया। आईपीएल के इस सीजन में 7वीं बार 220 से ज्यादा का लक्ष्य हासिल हुआ। बीते 6 दिन में पांचवीं बार 220 से ज्यादा का लक्ष्य हासिल हुआ। दो बार 240 से ज्यादा का लक्ष्य हासिल हुआ।



मुंबई इंडियंस ने 29 मार्च को कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ 221 रनों का लक्ष्य हासिल किया था। 11 अप्रैल 2026 को पंजाब किंग्स ने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 220 रनों का लक्ष्य हासिल किया। 25 अप्रैल को पंजाब किंग्स ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 265 रनों किया।

### 6 दिन में 5वीं बार किया कमाल

25 अप्रैल को ही सनराइजर्स हैदराबाद ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 229 रनों का लक्ष्य हासिल किया। 28 अप्रैल 2026 को राजस्थान रॉयल्स ने पंजाब किंग्स के खिलाफ 223 रनों का लक्ष्य हासिल किया। 29 अप्रैल 2026 को सनराइजर्स हैदराबाद ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ 244 रनों का लक्ष्य हासिल किया। 1 मई को दिल्ली कैपिटल्स ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 226 रनों का लक्ष्य हासिल किया।

मैड्रिड ओपन 2026

# फाइनल में सिनर से भिड़ेंगे ज्वेरेव, रोमांचक मुकाबले की उम्मीद



**मैड्रिड (एजेंसी)।** मैड्रिड ओपन 2026 के फाइनल में जर्मनी के एलेकजेंडर ज्वेरेव और इटली के वर्ल्ड नंबर-1 जैनिक सिनर आमने-सामने होंगे। यह मुकाबला टेनिस फैंस के लिए बेहद रोमांचक होने वाला है।

- **ज्वेरेव का शानदार प्रदर्शन** – ज्वेरेव ने सेमीफाइनल में बेल्जियम के युवा खिलाड़ी एलेक्जेंडर ब्लेक को 6-2, 7-5 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। मैड्रिड में 30वीं जीत, चौथी बार फाइनल में एंट्री, रोजर फेडरर और राफेल नाडल के बाद ऐसा करने वाले तीसरे खिलाड़ी; ज्वेरेव ने कहा, मैं फाइनल में पहुंचकर बहुत खुश हूं।



- **सिनर का दमदार सफर** – दूसरी ओर, सिनर ने सेमीफाइनल में फ्रांस के आर्थर फिल्स को 6-2, 6-4 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। लगातार पांचवां एटीपी मास्टर्स 1000 फाइनल, इस सीजन में लगातार चौथा खिताब जीत चुके, पांचवां खिताब जीतकर इतिहास रचने का मौका।

### रिकॉर्ड की दहलीज पर सिनर

सिनर के पास लगातार पांच एटीपी मास्टर्स 1000 खिताब जीतने का सुनहरा मौका है, जो टेनिस इतिहास में पहली बार होगा। उनकी फॉर्म इतनी शानदार है कि उन्होंने पिछले चार मास्टर्स मुकाबलों में बिना एक भी सेट गंवाए जीत हासिल की है।

### हेड-टू-हेड: कड़ी टक्कर की उम्मीद

ज्वेरेव और सिनर के बीच यह लगातार पांचवीं मास्टर्स भिड़ंत होगी। हालांकि पिछले मुकाबलों में सिनर का पलड़ा भारी रहा है, लेकिन मैड्रिड में ज्वेरेव का अनुभव उन्हें मजबूत चुनौती देने में मदद कर सकता है।

### ज्वेरेव का बयान

ज्वेरेव ने सिनर की तारीफ करते हुए कहा, वह शानदार खिलाड़ी है और इस समय दुनिया का सर्वश्रेष्ठ है। लेकिन मैं फाइनल में उसे कड़ी टक्कर देने की पूरी कोशिश करूंगा।



# पाकिस्तानी बोले: वैभव के बैट में एआई चिप लगी है

## सूर्यवंशी का जवाब- भगवान ने लगाकर दी है, उन्होंने ऊपर ही कहा था- इसी का इस्तेमाल करना

**पटना (एजेंसी)।** बिहार के 15 साल के वैभव सूर्यवंशी अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी से आईपीएल 2026 में धूम मचा रहे हैं। उनकी बैटिंग की चर्चा अब पाकिस्तान तक पहुंच गई है। पाकिस्तान के क्रिकेट एक्सपर्ट नौमान नियाज का मानना है कि वैभव के बैट में एआई चिप लगा हुआ है, जिसके कारण वह लंबे-लंबे छक्के लगा रहे हैं। इस पर राजस्थान रॉयल्स ने एक वीडियो शेयर किया, जिसमें वैभव से सवाल पूछा गया- क्या आपके बैट में एआई चिप लगा हुआ है। इसपर वैभव ने कहा, भगवान ने लगा कर दिया है। ऊपर ही बोला था कि बैट में तुम्हारे कुछ लगाकर दे रहा हूं। उसी का इस्तेमाल कर रहा हूं। इधर, आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) और राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के बीच मैच खेला जा रहा है। जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में राजस्थान ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी चुनी है। वैभव सूर्यवंशी 4 रन बनाकर आउट हो गए हैं। काइल जैमिसन ने उन्हें बोल्ड कर दिया।

### 10 मैचों में बनाए 404 रन

राजस्थान के लिए इस सीजन में वैभव सूर्यवंशी ने 10 मैचों में 404 रन बनाए हैं। जिसमें 1 शतक और 2 अर्धशतक शामिल हैं। खास बात ये है कि उनके 350+ रन सिर्फ चौकों-छक्कों से आए हैं। उनका स्ट्राइक रेट भी 238.09 है। आईपीएल में आज दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) और राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के बीच मैच खेला जा रहा है। जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में राजस्थान ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी चुनी है। वैभव सूर्यवंशी 4 रन बनाकर आउट हो गए हैं।

### 36 गेंद में शतक, आईपीएल इतिहास में तीसरे सबसे तेज

15 साल के वैभव सूर्यवंशी सबसे तेज शतक लगाने वाले तीसरे बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने मात्र 36 गेंदों में 103 रन बनाकर अपना दूसरा आईपीएल शतक जड़ दिया। इस धमाकेदार पारी में उन्होंने 12 छक्के और 5 चौके लगाए। सबसे तेज शतक का रिकॉर्ड क्रिस गेल के नाम है। गेल ने 2013 में पुणे वॉरियर्स इंडिया के खिलाफ 30 गेंद पर शतक लगाया था। इसके अलावा वैभव आईपीएल में सबसे तेज शतक लगाने वाले भारतीय भी हैं।

### एक आईपीएल इनिंग में सबसे ज्यादा सिक्स लगाने वाले भारतीय

वैभव ने अपनी शतकीय पारी में 12 छक्के लगाए। वे आईपीएल की एक पारी में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले भारतीय बन गए हैं। इससे पहले यह रिकॉर्ड मुरली विजय के नाम था, जिन्होंने 2010 में आरआर के खिलाफ 11 छक्के लगाए थे। वैभव ने भी 2025 में जीटी के खिलाफ 11 छक्के लगाए थे।

# लक्ष्य सेन ने मैच प्वाइंट बचाया, भारत को चीनी ताइपे पर दिलाई बढ़त



**होर्सेंस (डेनमार्क) (एजेंसी)।** स्टार खिलाड़ी लक्ष्य सेन ने दो मैच प्वाइंट बचाते हुए विश्व के छठे नंबर के खिलाड़ी चोउ टिएन चेन को हराकर भारत को शुक्रवार को यहां थॉमस कप बैडमिंटन टूर्नामेंट के फाइनल्स के क्वार्टरफाइनल में चीनी ताइपे के खिलाफ 1-0 की बढ़त दिलाई। लक्ष्य इस मैच में अधिकतर समय पीछे चल रहे थे लेकिन उन्होंने गजब का जुझारूपन दिखाया तथा एक घंटे और 28 मिनट तक चले मैराथन मुकाबले में 18-21, 22-20, 21-17 से जीत दर्ज की। इस मुकाबले से पहले दोनों खिलाड़ियों के बीच आपस में रिकॉर्ड 4-4 से बराबरी पर था। इस मुकाबले में लंबी रैलियों, सटीक स्ट्रोकप्ले और उतार-चढ़ाव से भरपूर रोमांचक द्वंद्व देखने को मिला। चोउ ने पहला गेम में 10-15 से पिछड़ने के बाद जीता, लेकिन दूसरे गेम में लक्ष्य ने दबाव में शानदार वापसी की। भारतीय खिलाड़ी ने 13-17 से पीछे रहने के बाद लगातार चार अंक जीतकर स्कोर बराबर कर लिया। चोउ को दो मैच प्वाइंट मिले, लेकिन लक्ष्य ने अपना संयम बनाए रखा और दोनों को बचाकर मैच को निर्णायक गेम तक पहुंचा दिया। तीसरे गेम में 36 वर्षीय चोउ शारीरिक रूप से कमजोर पड़ते नजर आए और लक्ष्य ने इंटरवल तक 11-7 की बढ़त के साथ अपनी स्थिति मजबूत कर ली।

# आईपीएल के बीच टीम इंडिया के लिए खुशखबरी

- ICC की सालाना टेस्ट रैंकिंग में भारत को फायदा; क्या WTC पर पड़ेगा असर?

**नई दिल्ली।** आईपीएल का हल्ला इस वक्त पूरी दुनिया में मचा है, वहीं उसी बीच शुक्रवार (1 मई 2026) को आईसीसी ने सालाना टेस्ट रैंकिंग जारी कर दी है। इसके मुताबिक भारत को टेस्ट रैंकिंग में फायदा हुआ है। भारतीय टीम अब टॉप 3 में आ गई है। हालांकि, इस रैंकिंग का वर्ल्ड टेस्ट चैंपियन पोजिशन पर असर



पड़ेगा या नहीं, इसको लेकर फैंस के मन में उत्सुकता होगी। टीम इंडिया की WTC पोजिशन अच्छी नहीं है और वह छठे स्थान पर है।

### महिला वनडे रैंकिंग में भारत तीसरे पर

भारतीय टीम ने नवंबर में पहली बार महिला वनडे वर्ल्ड कप जीतकर इतिहास रचा था। इसके बावजूद भारतीय महिला क्रिकेट टीम आईसीसी की सालाना वनडे रैंकिंग में तीसरे स्थान पर ही। जबकि ऑस्ट्रेलियाई टीम नंबर एक पर काबिज है।

### क्या WTC पर पड़ेगा असर?

आईसीसी ने अपनी सालाना रैंकिंग अपडेट की खबर में साफतौर पर कहा है कि इसका असर ड्ढञ्जष्ट अंकतालिका की मौजूदा पोजिशन पर नहीं पड़ेगा। टीम इंडिया वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के मौजूदा संस्करण में छठे स्थान पर है। भारत को अपने घर पर साउथ अफ्रीका से हार झेलनी पड़ी थी। अब अगर भारत को फाइनल में जाना है तो बची हुई सीरीज के ज्यादातर मुकाबले जीतने होंगे। आईसीसी द्वारा किए गए ताजा अपडेट से पहले टीम इंडिया चौथे स्थान पर थी और इस सालाना अपडेट के बाद भारतीय टीम तीसरे स्थान पर आ गई है। ऑस्ट्रेलिया टेस्ट रैंकिंग में नंबर 1 पर काबिज है। वहीं मौजूदा टेस्ट चैंपियन साउथ अफ्रीका दूसरे स्थान पर है। इंग्लैंड को एक स्थान का नुकसान हुआ है और वह तीसरे से चौथे स्थान पर खिसकत गई है।

वैभव सूर्यवंशी का विकेट लेकर जैमीसन ने चिढ़ाया

# कुछ ही घंटे में दिल्ली के गेंदबाज को मिली सजा, BCCI ने लगाई लताड़



**नई दिल्ली।** आईपीएल 2026 के 43वें मैच में शुक्रवार को दिल्ली कैपिटल्स ने राजस्थान रॉयल्स को 7 विकेट से करारी शिकस्त दी। वैभव सूर्यवंशी का जादू इस मैच में नहीं चल पाया। न्यूजीलैंड के गेंदबाज काइल जैमीसन ने 2 गेंद में ही उनकी पारी खत्म कर दी। जैमीसन ने वैभव को क्लीन बोल्ड किया और उसके बाद उनको चिढ़ाया भी। इसके बाद कीवी गेंदबाज की काफी आलोचना हुई और कुछ ही घंटे में आईपीएल मैनेजमेंट की तरफ से उन्हें सजा भी सुनाई गई।

### IPL की तरफ से लगी लताड़

आईपीएल द्वारा जारी बयान के मुताबिक काइल जैमीसन को वैभव को आउट करके चिढ़ाने के लिए आईपीएल की आचार संहिता के लेवल 1 का आरोपी माना गया। आईपीएल के आर्टिकल 2.5 के तहत जैमीसन को दोषी पाया गया है। इस आर्टिकल के तहत किसी खिलाड़ी द्वारा ऐसे शब्द बोलना, ऐसे एक्शन करना जिससे सामने वाला खिलाड़ी भड़क सकता है, इसके मुताबिक जैमीसन का आरोप सिद्ध हुआ। मैच रेफरी राजीव सेठ द्वारा जैमीसन पर यह आरोप लगाए गए थे। न्यूजीलैंड के गेंदबाज ने इन आरोपों को स्वीकारा और इसके परिणाम को भी स्वीकार किया। आईपीएल द्वारा इस उल्लंघन के लिए काइल जैमीसन को चेतावनी दी गई और एक डिमेरिट अंक भी उनको मिला। हालांकि, मैच फीस का जुर्माना उनके ऊपर नहीं लगाया गया।

### क्या था पूरा मामला?

यह मामला पारी के दूसरे ओवर का था। वैभव सूर्यवंशी ने एक बार फिर से इंटरनेशनल गेंदबाज का सामना निडर होकर किया और पहली गेंद पर जैमीसन को चौका लगा दिया। उसके बाद दूसरी गेंद पर न्यूजीलैंड के पेसर ने उन्हें बोल्ड कर दिया। फिर विकेट लेने के बाद उन्होंने 15 वर्षीय वैभव को चिढ़ाया और अजीब तरह से सेंड ऑफ किया। इसके बाद सोशल मीडिया पर भी जैमीसन की काफी आलोचना हुई थी। यूजर्स उनके ऊपर बुरी तरह भड़क उठे थे।

# बल्लेबाजी क्रम में क्यों रोके गए डोनोवन फरेरा? रियान पराग ने बताई आरआर की रणनीति

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** रियान पराग ने राजस्थान रायल की हार के बाद रणनीति पर सफाई देते हुए कहा, यह फैसला पूरी तरह सोच-समझकर लिया गया था। लेफ्ट-राइट कॉम्बिनेशन बनाए रखना जरूरी था, ताकि स्पिनर्स के खिलाफ रन गति बनी रहे। उन्होंने आगे कहा, हम चाहते थे कि मिडिल ओवर्स में स्थिरता बनी रहे और बाद में आक्रामक बल्लेबाजी की जाए।

**फरेरा को रोकने के पीछे थी खास प्लानिंग** – पराग ने डोनोवन फरेरा को देर से भेजने पर कहा, च्हमने सोचा कि उनके लिए सही समय आखिरी ओवर होंगे, जब तेज गेंदबाज गेंदबाजी करेंगे और वह शुरुआत से ही बड़े शॉट खेल सकें। उन्होंने जोड़ा, योजना यह थी कि पहले 8-9 रन प्रति ओवर निकाले जाएं और फिर डेथ ओवर्स में पूरी तरह हमला किया जाए।



**मिडिल ओवर्स में गेंदबाजी ने बिगाड़ा खेल** – दिल्ली केपीटल्स के खिलाफ हार पर पराग ने माना, मुझे लगता है कि हमने मिडिल ओवर्स में काफी खराब गेंदबाजी की और यहीं मैच हाथ से निकल गया। उन्होंने कहा, हमने एक ही ओवर में ज्यादा रन दे दिए और यह सिलसिला बार-बार दोहराया गया, जो हमारे लिए नुकसानदायक साबित हुआ।

**225 रन का स्कोर भी नहीं बचा पाए** – पराग ने स्कोर को लेकर कहा, मुझे ईमानदारी से लगा कि 200 के आसपास का स्कोर पर्याप्त होता है और 225 तो काफी अच्छा स्कोर था। उन्होंने आगे कहा, पिच थोड़ी धीमी हो रही थी, लेकिन हम उस स्कोर को डिफेंड नहीं कर पाए, जो निराशाजनक है।

# सड़क हादसे के बाद महिला की मौत, सदर अस्पताल में हंगामा

- परिजनों ने डॉक्टर पर लापरवाही का लगाया आरोप

**एसवीवी संवाददाता** | औरंगाबाद

जिले में सड़क हादसे में घायल एक महिला की इलाज के दौरान मौत हो जाने के बाद सदर अस्पताल में जमकर हंगामा हुआ। परिजनों ने ड्यूटी पर तैनात डॉक्टरों पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया है। मृतका की पहचान रिसियप थाना क्षेत्र के सड़सी गांव निवासी दिलीप सिंह की पत्नी गिरिजा देवी (60) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार शुक्रवार रात गिरिजा देवी गांव के पास सड़क किनारे टहल रही थीं, तभी तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और घायल महिला को आनन-फानन में सदर अस्पताल लाया गया, जहां इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कर उनका इलाज शुरू किया गया। परिजनों के मुताबिक, करीब चार घंटे तक इलाज चलता रहा, लेकिन महिला की हालत में कोई सुधार नहीं हुआ। ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर प्रवीण अग्रवाल द्वारा उपचार किया जा रहा था, लेकिन परिजनों का आरोप है कि समय रहते उचित निर्णय नहीं लिया गया। मृतका के बेटे नीतीश कुमार ने कहा कि यदि हालत गंभीर थी, तो उन्हें तुरंत किसी बड़े अस्पताल के लिए रेफर किया जाना चाहिए था, लेकिन काफी देर बाद रेफर करने की बात कही गई। एंबुलेंस आने से पहले ही उनकी मां ने दम तोड़ दिया। महिला की मौत के बाद आक्रोशित परिजनों ने अस्पताल परिसर में हंगामा किया और डॉक्टरों पर लापरवाही का आरोप लगाया। हालांकि बाद में स्थानीय लोगों और अस्पताल प्रशासन के समझाने-बुझाने पर मामला शांत हुआ, लेकिन परिवार में मातम पसरा हुआ है। घटना के बाद परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया और बिना पोस्टमार्टम के ही शव को घर ले गए। वहीं पुलिस और स्वास्थ्य विभाग की ओर से मामले में आगे की कार्रवाई की बात कही जा रही है।

## करंट लगने से 10 वर्षीय बच्चे की मौत, गांव में पसरा मातम



**निज संवाददाता** | कुटुंबा (औरंगाबाद)

जिले के कुटुंबा थाना क्षेत्र के सुही गांव में करंट लगने से 10 वर्षीय बच्चे की दर्दनाक मौत हो गई। घटना उस वक्त हुई जब बच्चा अपने घर के पास दोस्तों के साथ खेल रहा था। मृतक की पहचान पीयूष कुमार के रूप में हुई है, जो अपने माता-पिता का इकलौता पुत्र था। परिजनों के अनुसार, खेलते-खेलते पीयूष पास के खेत की ओर चला गया, जहां पहले से लो टेंशन (एलटी) बिजली का तार टूटकर जमीन पर गिरा हुआ था। तार का कुछ हिस्सा कवर था, लेकिन एक स्थान पर वह खुला हुआ था। इसी दौरान बच्चे का पैर खुले तार पर पड़ गया और उसे जोरदार करंट लगा। झटका लगते ही वह जमीन पर गिर पड़ा और तड़पने लगा।

आसपास मौजूद लोगों ने तत्परता दिखाते हुए बांस की मदद से तार को हटाया और तुरंत बच्चे को रेफरल अस्पताल पहुंचाया। हालांकि, वहां ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## आज नीट परीक्षा
## पांच केंद्रों पर 2695 परीक्षार्थी होंगे शामिल

**औरंगाबाद(एसवीवी. सं.)।** जिले में रविवार को नीट परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। इसको लेकर जिला प्रशासन ने व्यापक तैयारी पूरी कर ली है। कुल 5 परीक्षा केंद्रों पर 2695 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के निर्देश पर आयोजित ब्रीफिंग बैठक में परीक्षा व्यवस्था को लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में बताया गया कि सभी दंडाधिकारी और पुलिस पदाधिकारी को अपने-अपने केंद्रों पर सुबह 10 बजे तक अनिवार्य रूप से पहुंचना होगा। परीक्षा केंद्रों पर प्रवेश सुबह 11 बजे से शुरू होगा और दोपहर 1:40 बजे के बाद किसी भी परीक्षार्थी को अंदर जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। सभी अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र की सख्ती से जांच की जाएगी। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि परीक्षा केंद्रों पर किसी भी प्रकार के प्रतिबंधित सामान के साथ पकड़े जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। परीक्षा कार्य में लगे शिक्षक और कर्मियों को भी मोबाइल फोन के उपयोग की अनुमति नहीं होगी। केवल आवश्यक दस्तावेज ही साथ रखने की अनुमति रहेगी। हालांकि, रिपोर्टिंग कार्य के लिए एक कंप्यूटर जानकार कर्मी को सीमित उपयोग की छूट दी गई है, जो केंद्राधीक्षक के नियंत्रण में कार्य करेगा।

# एनटीपीसी में बालिका सशक्तिकरण अभियान 2026 के तहत बेसलाइन सर्वे आयोजित




- 60 चयनित बालिकाओं की शैक्षणिक दक्षता और शारीरिक स्वास्थ्य का आकलन मुख्य उद्देश्य
- छात्राओं के सीखने के स्तर, बौद्धिक क्षमता और स्वास्थ्य पर विशेष फोकस
- सर्वे के आधार पर छात्र-केंद्रित पाठ्यक्रम तैयार किया जाएगा

**निज संवाददाता** | नवीनगर (औरंगाबाद)

एनटीपीसी नबीनगर द्वारा बालिका सशक्तिकरण अभियान 2026 के तहत प्रतिभागियों के लिए बेसलाइन सर्वे का आयोजन किया गया। इस सर्वे का मुख्य उद्देश्य आगामी चार सप्ताह के आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने वाली 60 चयनित बालिकाओं की शैक्षणिक दक्षता एवं शारीरिक स्वास्थ्य का समग्र आकलन करना है।

सर्वे के माध्यम से छात्राओं के सीखने के स्तर, बौद्धिक क्षमता और स्वास्थ्य स्थिति को समझने पर विशेष जोर दिया गया, ताकि उनके अनुरूप एक प्रभावी एवं छात्र-केंद्रित पाठ्यक्रम तैयार किया जा सके। इस दौरान महाप्रबंधक (परियोजना) राकेश शर्मा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी (एनएसटीपीपी अस्पताल) डॉ. संगीता शर्मा तथा अपर महाप्रबंधक (मानव संसाधन) ओंकार नाथ ने छात्राओं एवं उनके अभिभावकों से संवाद कर कार्यक्रम से जुड़ी जिज्ञासाओं का समाधान किया। ज्ञातव्य है कि एनटीपीसी नबीनगर द्वारा नैगमिक सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के अंतर्गत प्रत्येक वर्ष बालिका सशक्तिकरण अभियान का आयोजन किया जाता है। इस एक माह के आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में बालिकाओं को गणित, अंग्रेजी और हिंदी जैसे शैक्षणिक विषयों के साथ-साथ कंप्यूटर शिक्षा, कराटे, योग एवं व्यक्तित्व विकास से संबंधित प्रशिक्षण भी दिया जाता है।

कार्यक्रम के दौरान छात्राओं के लिए परियोजना परिसर में सुरक्षित छात्रावास, पौष्टिक भोजन और आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती हैं, जिससे उनका सर्वांगीण विकास सुनिश्चित हो सके। इस अभियान के अंतर्गत चयनित बालिकाओं को एनटीपीसी द्वारा बाल भारती पब्लिक स्कूल में कक्षा 12वीं तक निःशुल्क शिक्षा प्रदान करने की भी व्यवस्था की जाती है।

इस अवसर पर अधिकारियों ने कहा कि यह पहल बालिकाओं के आत्मविश्वास, शिक्षा और स्वावलंबन को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो उन्हें भविष्य में सशक्त और आत्मनिर्भर नागरिक बनने के लिए प्रेरित करेगा।

## शादी के दिन गोलीकांड का खुलासा दुल्हन के प्रेमी ने दी थी सुपारी

**एसवीवी संवाददाता** | औरंगाबाद

जिले में शादी के दिन दूल्हे के पिता को गोली मारने की सनसनीखेज घटना का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। मामले में शामिल शूटर को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि साजिश रचने वाले मुख्य आरोपी की तलाश जारी है। पुलिस के अनुसार इस वारदात के पीछे दुल्हन का प्रेमी था, जिसने शादी रुकवाने के लिए डेढ़ लाख रुपये की सुपारी दी थी। गिरफ्तार आरोपी की पहचान पटना के बिहटा थाना क्षेत्र निवासी जितेंद्र कुमार के रूप में हुई है। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर स्थानीय पुलिस के सहयोग से उसे बिहटा बाजार स्थित उसके घर से दबोच लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया है। पुलिस के मुताबिक, मुख्य आरोपी दिलीप कुमार, जो दुल्हन का प्रेमी बताया जा रहा है, ने अपने साथियों के साथ मिलकर इस पूरी साजिश को अंजाम देने की योजना बनाई थी। उसने शूटर को साफ निर्देश दिया था कि शादी से पहले दूल्हे या उसके पिता की हत्या कर दी जाए, ताकि विवाह रुक जाए। इसके लिए डेढ़ लाख रुपये की सुपारी तय की गई थी, जिसमें से 50 हजार रुपये एडवांस भी दिए गए थे।

घटना के दौरान दूल्हे के पिता को गोली मार दी गई, जिन्हें गंभीर हालत में पटना एम्स में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। पुलिस ने बताया कि इस मामले में शामिल अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि यह मामला सुनियोजित साजिश का हिस्सा है और सभी दोषियों को जल्द गिरफ्तार कर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस घटना के खुलासे के बाद इलाके में चर्चा का माहौल है और लोग इस वारदात को लेकर स्तब्ध हैं।

## स्व-गणना में राज्य में 7वां स्थान, 1.64 लाख से अधिक परिवारों की भागीदारी

**एसवीवी संवाददाता** | औरंगाबाद



जनगणना-2027 की तैयारी के तहत स्व-गणना चरण में औरंगाबाद जिले ने उल्लेखनीय प्रदर्शन करते हुए पूरे बिहार में सातवां स्थान हासिल किया है। जिले के 1,64,124 से अधिक परिवारों ने इस डिजिटल प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी दर्ज कराते हुए प्रशासन के प्रयासों को मजबूती दी है। यह उपलब्धि जिला पदाधिकारी-सह-प्रधान जनगणना अधिकारी अभिलाषा शर्मा के नेतृत्व, निरंतर मॉनिटरिंग और प्रशासनिक टीम की सक्रियता का परिणाम मानी जा रही है। साथ ही आम नागरिकों की जागरूकता और सहयोग ने इस सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। प्रशासन द्वारा इस अभियान को सफल बनाने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार, पंचायत स्तर तक जागरूकता कार्यक्रम, तकनीकी सहायता और हेल्पडेस्क की व्यवस्था की गई थी। इसके अलावा स्व-गणना की प्रक्रिया को सरल और सुगम बनाया गया, जिससे अधिक से अधिक लोग इसमें जुड़ सके। अब जनगणना का अगला चरण 2 मई से 31 मई 2026 तक चलेगा, जिसके तहत मकान सूचीकरण एवं आवासीय विवरण संकलन का कार्य किया जाएगा। इस दौरान जनगणना कर्मी घर-घर जाकर आवश्यक जानकारी एकत्र करेंगे। जिला प्रशासन ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे इस राष्ट्रीय अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और सही व सटीक जानकारी उपलब्ध कराएं, ताकि सरकारी योजनाओं का लाभ प्रभावी तरीके से प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचाया जा सके।

## सदर अस्पताल में यूआईडी कैंप फेल, दिव्यांगों ने किया हंगामा



**एसवीवी संवाददाता** | औरंगाबाद

सदर अस्पताल में दिव्यांगजनों के लिए आयोजित विशेष यूआईडी कार्ड कैंप अव्यवस्था का शिकार हो गया, जिससे दूर-दराज से पहुंचे लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। जिलाधिकारी के निर्देश पर सिविल सर्जन को इस कैंप के आयोजन की जिम्मेदारी दी गई थी और पूर्व में इसकी सूचना भी लाभुकों तक पहुंचाई गई थी। इसी के आधार पर बड़ी संख्या में दिव्यांग अपने परिजनों के साथ सुबह से ही अस्पताल परिसर पहुंच गए। लेकिन कैंप में तैनात महिला चिकित्सक के अनुपस्थित रहने के कारण न तो मेडिकल जांच हो सकी और न ही यूआईडी कार्ड बनाने की प्रक्रिया शुरू हो पाई। भीषण गर्मी में घंटों इंतजार के बावजूद जब कोई डॉक्टर नहीं पहुंचा, तो आक्रोशित दिव्यांग और उनके परिजन हंगामा करने लगे। लोगों ने आरोप लगाया कि प्रशासनिक लापरवाही के कारण उनका पूरा दिन बर्बाद हो गया।

मामले की सूचना मिलने के बाद प्रभारी सिविल सर्जन डॉ. रवि रंजन मौके पर पहुंचे और लोगों को समझा-बुझाकर स्थिति को शांत कराया।


